ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 19 सितम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 226 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

अनुराग कश्यप ने कंगना रनौत को बताया ... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

बकोरिया कांड मामले की अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को

रांची। बकोरिया कांड मामले में सीबीआइ की ओर से दायर की गयी क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ प्रोटेस्ट पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई होनी थी। लेकिन याचिकाकर्ता अदालत में नहीं पहुंचा. इस कारण अदालत अब इस मामले की सुनवाई 19 अक्टूबर को करेगी। सुनवाई सीबीआइ के एसडीजेएम प्रवीण उरांव की अदालत में चल रही है। प्रोटेस्ट पिटीशन मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने दाखिल किया है। याचिका कंप्लेन केस 7203/23 के रूप में स्वीकार किया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रांची। पंडरा ओपी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले के आरोपित संदीप गोराई को गिरफ्तार किया है। आरोपित पश्चिम बंगाल के पुरुलिया का रहने वाला है। ओपी प्रभारी ने सोमवार को बताया कि एक नाबालिग अपनी मां के साथ बाजार गयी थी। इसी दौरान नाबालिग अचानक से लापता हो गयी। नाबालिग की मां ने काफी खोजबीन की। लेकिन वह नहीं मिली। कुछ देर बाद वह रोते हुए घर पहुंची और अपनी मां को पूरी वारदात की जानकारी दी। इसके बाद नाबालिग की मां थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया।

आपराधिक मामलों को लेकर आज सीआईडी करेगी समीक्षा बैठक

रांची। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता मंगलवार को सभी क्षेत्रीय डीएसपी और इंस्पेक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान राज्य के प्रत्येक जिले के अपराध की समीक्षा और संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों को चिन्हित करना और उस पर हो रही कार्रवाई की समीक्षा करेंगे।

नीरज और भाटिया की बेल याचिका खारिज

रांची। मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपित निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की जमानत याचिका को ईडी कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दिया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 15 सितम्बर को सुनवाई के बाद ईडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में नवीन जायसवाल रिहा

रांची। एमपी, एमएलए की विशेष दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में विधायक नवीन जायसवाल से जुड़े मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। आचार संहिता उल्लंघन मामले में हटिया विधायक नवीन जायसवाल को दोनों पक्षों के सुनवाई के बाद रिहा कर दिया गया। डोरंडा थाना में विधायक नवीन जायसवाल के खिलाफ 2019 में आचार संहिता से संबंधित मामला दर्ज किया गया था।

भारत की सौर वेधशाला आदित्य-एल1 ने वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना शुरू किया

एजेंसी। चेन्नई

भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 ने सूर्य का निरीक्षण करने के लिए वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना शुरू कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (एसटीईपीएस) उपकरण के सेंसर, जो कि आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसीईएक्स) पेलोड का एक हिस्सा है, ने वैज्ञानिक डेटा का संग्रह शुरू कर दिया है। अहमदाबाद में अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) के सहयोग से भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) द्वारा विकसित, एसटीईपीएस उपकरण ने पृथ्वी से 50 हजार किमी से अधिक दूरी पर सुपर-थर्मल और ऊजार्वान आयनों और

इलेक्ट्रॉनों को मापना शुरू कर दिया है।यह डेटा वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद करता है। एसटीईपीएस में छह सेंसर हैं जो अलग-अलग दिशाओं में निरीक्षण करता है और एक मेगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट अधिक इलेक्ट्रॉनों के अलावा 20 किलो इलेक्ट्रॉन वोल्ट/न्यूक्लियॉन से 5 मेगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट/न्यूक्लियॉन तक के सुपर-थर्मल और ऊजार्वान आयनों को मापता है।

ये माप निम्न और उच्च-ऊर्जा कण स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करके किए जाते हैं। पृथ्वी की कक्षाओं के दौरान एकत्र किए गए डेटा से वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद मिलती है, खासकर पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में। इसरो के अनुसार, एसटीईपीएस को 10 सितंबर को पृथ्वी से 50 हजार किमी से अधिक दूरी पर सक्रिय किया गया था। यह दूरी पृथ्वी की त्रिज्या के आठ गुना से भी अधिक के बराबर है, जो इसे पृथ्वी के विकिरण बेल्ट क्षेत्र से काफी आगे रखती है। एसटीईपीएस की प्रत्येक इकाई सामान्य मापदंडों के भीतर काम कर रही है। इसरो ने कहा कि एक आंकड़ा पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर के भीतर ऊजार्वान कण वातावरण में भिन्नता को दशार्ता माप प्रदर्शित करता है, जिसे एक इकाई द्वारा एकत्र किया गया है। ये चरण माप आदित्य-एल1 मिशन के क्रूज चरण के दौरान जारी रहेंगे जब यह सूर्य और पृथ्वी के बीच स्थित एल1 बिंदु की ओर आगे बढ़ेगा।

अंतरिक्ष यान के अपनी इच्छित कक्षा में स्थापित होने के बाद भी अध्ययन जारी रहेगा। इसरो ने कहा कि एल1 के आसपास एकत्र किया गया डेटा सौर हवा और अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं की उत्पत्ति, त्वरण और अनिसोट्रॉपी में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस बीच, आदित्य-एल1 को 19 सितंबर को सूर्य की ओर औपचारिक विदाई दी जाएगी, जब अंतरिक्ष यान ट्रांस-लैग्रेंजियन पॉइंट 1 इंसर्शन (टीएल1आई) की ओर जाएगा। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) संस्करण ने 2 सितंबर को आदित्य-एल1 को पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया था। तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा को चार बार बढ़ाया गया है। जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज पॉइंट (एल1) की ओर यात्रा शुरूकरेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकल जाएगा।

इसके बाद, क्रूज चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल1 के चारों ओर एक बड़ी हेलो कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा - वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों - सूर्य और पृथ्वी - का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान किसी भी ग्रह की ओर नहीं खिंचेगा। लॉन्च से एल1 तक की कुल यात्रा में आदित्य-एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 15 लाख किमी होगी।

सुप्रीम कोर्ट में हेमंत को नहीं मिली राहत, खंडपीठ ने कहा -

पहले हाईकोर्ट जाइए

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ईडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को कोई राहत नहीं मिल पाई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह इस याचिका पर फिलहाल विचार नहीं करेगी। सोरेन चाहें तो इस मामले पर सुनवाई के लिए पहले हाईकोर्ट जा सकते हैं। सोरेन ने ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर क्रिमिनल रिट पिटीशन में पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता पर सवाल उठाया था। उन्होंने याचिका में कहा था कि जांच एजेंसी को धारा 50 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार है। इसलिए, समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था कि समन को स्थगित किया जाए और पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश ईडी को दिया जाए।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की याचिका में उठाए गए बिंदुओं पर सुनवाई से इनकार करते हुए उनके वकील मुकुल रोहतगी से कहा कि वह पहले हाईकोर्ट क्यों नहीं जाते? इधर, ईडी ने सोरेन को चौथी बार समन जारी कर 24 सितंबर को एजेंसी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। एजेंसी उनके ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी का चौथा समन

● बरियातू जमीन को लेकर ईडी ने भेजा है समन

मुख्यमंत्री को रांची जमीन घोटाले में ईडी ने चौथा समन भेज दिया है। जमीन घोटाले में ईडी के केस के अनुसंधानकर्ता देवव्रत झा की तरफ से रविवार को समन भेजा गया है। जिसमें उन्हें 23 सितंबर की सुबह 11 बजे रांची जोनल आफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। रांची जमीन घोटाले में सीएम को समन पर पहली बार 14 अगस्त, दूसरी बार 24 अगस्त व तीसरी बार 9 सितंबर को बुलाया गया था। ईडी के पहले समन पर सीएम ने एजेंसी को पत्र लिखकर बताया था कि उनके खिलाफ राजनीतिक पूर्वाग्रहों के चलते समन भेजा जा रहा है। लोकपाल के आधार पर सीबीआई व पूर्व में ईडी को पूछताछ में सहयोग की बात भी सीएम ने कही थी। दूसरी समन के बाद मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर करने की जानकारी ईडी को दी थी। इसके बाद तीसरा समन ईडी ने कर दिया था। हालांकि तीसरे समन के दिन मुख्यमंत्री जी 20 के डिनर में राष्ट्रपति के बुलावे पर शामिल होने चले गए थे। ईडी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बगैर चौथा समन भी भेज दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में भी सीएम को राहत नहीं मिली।

किन मामलों में मिला है समन

जमीन घोटाले में गिरफ्तार अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के यहां छापेमारी के दौरान मोबाइल व घर में जमीन के दस्तावेज मिली थे। भानु के मोबाइल में ही बरियातू की 8.50 एकड़ जमीन के दस्तावेज भी मिले थे। जो अलग अलग रैयतों के नाम पर थे। रैयतों व राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों का बयान भी ईडी ने दर्ज किया था। जांच में आए तथ्यों के बाद ईडी ने इस मामले में सात अगस्त को पहला समन भेज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 14 अगस्त को बुलाया था।

सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख मनाया 'हरितालिका तीज'

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अखंड सौभाग्य की कामना का परम पावन व्रत हरितालिका तीज सोमवार को विधि-विधान के साथ मनाया गया। हरितालिका तीज व्रत के पवित्र मौके पर सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखकर पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि, उन्नति, प्रगति और यश की कामना भगवान से की।

मान्यता के अनुसार मां पार्वती ने इस व्रत को शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए किया था। इस व्रत में भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन विधि-विधान से किया जाता है। सुहागिनों ने अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में विधि-विधान के साथ हरितालिका तीज व्रत की पूजा-अर्चना कर पति के लिए लंबी उम्र की कामना की। सोलह श्रृंगार के साथ तीज व्रत धर्म का पालन करते हुए सुहागिनों ने पूरे भक्ति भाव के साथ हरितालिका तीज व्रत किया। इस पवित्र मौके पर सौभाग्यवती महिलाओं ने लाल रंग के नये वस्त्र पहनकर, मेंहदी लगाकर, सोलह श्रृंगार किए, पुरोहित द्वारा बताए शुभ मुहूर्त में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना की।

साथ ही हरितालिका तीज की कथा सुनकर पति के लंबी उम्र की कामना की। तीज पूजन के दौरान सुहागिन महिलाओं ने माता पार्वती पर सुहाग का सभी सामान चढ़ाया और सुख-समृद्धि एवं पति की दीघार्यु की प्रार्थना की। सुहागिनों ने भगवान शिव से सौभाग्य की रक्षा करने की भी मंगल कामना की।

गुमला में एक करोड़ रुपये मूल्य का अफीम जब्त, सरगना फरार

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

गुमला जिले की पुलिस ने सिसई थाना क्षेत्र से करीब एक करोड़ रुपए मूल्य का अफीम जब्त किया है। अफीम कारोबार का सरगना बीरेंद्र साहु फरार हो गया। एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया गया कि एसपी को सूचना मिली थी कि सिसई का रेड़वा निवासी बीरेंद्र साहू अपनी कार ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रांची। मांडर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में अफरोज अंसारी और इकबाल अंसारी शामिल है। अफरोज के पास से 2.6 ब्राउन शुगर, 16 हजार 70 रुपया, एक मोबाइल और इकबाल के पास से 1.8 ग्राम ब्राउन शुगर, 1600 रुपये और एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। खलारी डीएसपी अंकिता राय ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे-पाली रोड पर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

डीसी भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 24 नवंबर तक रोक जारी

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार एवं प्रतिवादी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश एस के द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर निर्धारित की।

जमीन फटी, समा गई 3 महिलाएं 18 घंटे के बाद निकाले गए शव

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

धनबाद के गोदूडीह ओपी क्षेत्र में जमीन धंसने से अचानक बनी खाई में तीन महिलाएं समा गई। तीनों महिलाओं का क्षत-विक्षत शव करीब 18 घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाल लिया गया है। कोयला कंपनी बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की माइन्स रेस्क्यू टीम ने कई टुकड़ों के बंटे शवों को सोमवार को करीब 11 बजे निकाला। शवों के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया है। हादसा रविवार शाम का है। कुसुंडा

क्षेत्र की गोंदुडीह कोलियरी में संचालित हिल टॉप आउट सोर्सिंग परियोजना के समीप ट्रांसपोर्टिंग रोड के पास अचानक तेज आवाज के साथ गोफ (खाई) बना। उस वक्त वहां शौच के लिए गई एक महिला गोफ में समा गई। उस महिला को बचाने के दौरान अन्य दो महिलाएं भी गोफ में गिर गयीं। हासदे के बाद भारी भीड़ जुट गई। रात सिर्फ एक महिला का क्षत-विक्षत शव बाहर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

आईएएस छवि रंजन की ओर से ईडी कोर्ट में याचिका दाखिल

रांची। निलंबित आईएएस और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने ईडी कोर्ट में सोमवार को गुहार लगायी है। रंजन के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने कोर्ट में याचिका दायर की है कि जमीन से जुड़े दूसरे केस में उन्हें न्यायिक हिरासत में ना लिया जाए। इसके लिए ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में याचिका दाखिल की गयी है। ईडी जमीन घोटाले से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है। दोनों ही मामलों में छवि को अभियुक्त बनाया गया है। इसके बाद अब ईडी छवि को ज्यूडिशियल रिमांड पर लेना चाहती है, लेकिन छवि ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर कोर्ट से यह गुहार लगाई है कि उन्हें दूसरे मामले में न्यायिक हिरासत में न लिया जाए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने महामारियों से निपटने के लिए तैयार रहने का किया आह्वान

वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा पर काम करना जरूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया में 6.8 मिलियन से अधिक लोगों को मौत की नींद सुलाने वाली बीमारी कोविड-19 मानव इतिहास में सबसे घातक महामारियों में से एक रही है। लेकिन इसका अंत नहीं है। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ भविष्य में इससे या इस तरह की बीमारियों से निपटने संबंधी तैयारियों का आह्वान करते हैं। हालांकि कोई भी कोविड के भविष्य की भविष्यवाणी नहीं कर सकता है। हाल ही में संक्रमण में वृद्धि ने ताजा लहरों की चिंताओं को जन्म दिया है। लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि वायरस कम हो गया है और अतीत की तरह भविष्य में चिंता पैदा नहीं करेगा। हालांकि, उन्होंने उत्परिवर्तन में किसी भी नए बदलाव के बारे में चेतावनी देने के

लिए निगरानी जारी रखने की चेतावनी दी, जो नुकसान पहुंचा सकता है।

संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. ईश्वर गिलाडा ने बताया, जैसे-जैसे कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, लोग सोचते हैं कि यह कोविड की वापसी है। मुझे नहीं लगता कि यह कोविड की वापसी है।' हां, कुछ लहरें ऊपर-नीचे होती रहेंगी। क्योंकि जो लोग एक साल या दो साल पहले संक्रमित हो चुके हैं और/या टीका लगवा चुके हैं, उनकी प्रतिरोधक क्षमता कुछ हद तक कम हो जाएगी, इससे उन्हें नए संक्रमण होने का खतरा हो सकता है।

हालांकि, डॉ. गिलाडा ने कहा कि संक्रमण हल्के होते हैं और वायरस के प्रक्षेपवक्र को ऑक्सीजन की आवश्यकता वाले लोगों की संख्या, अस्पताल में भर्ती होने, आईसीयू देखभाल, वेंटिलेटर समर्थन और मृत्यु दर के माध्यम से मापा जा सकता है।

यदि आप इन सभी पांच मापदंडों को देखें, तो वे सभी निम्न, निम्न और निम्न हैं। यही कारण है कि फिलहाल कोविड कोई बड़ी समस्या नहीं बनने जा रही है। वर्तमान में क्या हो रहा है कि मौजूदा इन्फ्लूएंजा, टाइप ए और टाइप बी और आरएसवी की तुलना में कोविड बहुत हल्का हो गया है। उन्होंने कहा,अगर हम इन्फ्लूएंजा के बारे में चिंतित नहीं हैं, तो हमें कोविड के बारे में भी चिंतित नहीं होना चाहिए।

मई में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक अपरिहार्य अगली महामारी एक्स के खतरे की चेतावनी दी, जिससे दुनिया भर में चिंता बढ़ गई।

एक्स को पहली बार 2018 में डब्ल्यूएचओ द्वारा पेश किया गया था। दुनिया में कोविड-19 महामारी फैलने से एक साल पहले। यह डब्ल्यू की ब्लू प्रिंट सूची प्राथमिकता वाली बीमारियों में से एक है जो अगली घातक महामारी का कारण बन सकती है और इसमें इबोला, सार्स और जीका शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा, एक्स इस ज्ञान का प्रतिनिधित्व करता है कि एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय महामारी एक ऐसे रोगजनक के कारण हो सकती है, जो वर्तमान में अज्ञात है जो मानव रोग का कारण बनता है। संक्रामक रोग विभाग, अमृता अस्पताल, कोच्चि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपू टीएस ने बताया, हालांकि हमने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

फाइनेंसकर्मी सना के प्रेमी को भेजा जेल

बहन ने लगाया था हत्या का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। रांची

एलएनटी फाइनेंस में काम करने वाली सना के मौत मामले में उसके प्रेमी राजीव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सना की बहन ने शनिवार को राजीव पर अपनी बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी। शनिवार को सना का शव उसके ही लिव इन पार्टनर के कमरे से बरामद हुआ था।

राजीव का बयान, मैंने नही मारा : वहीं दूसरी तरफ सना के प्रेमी राजीव ने पुलिस बयान दिया है कि बीते शुक्रवार की रात सना के साथ उसका किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान दोनों के बीच मारपीट भी हुई। इसके बाद वह वापस अपने ऑफिस आ गया था और सना घर में ही थी। इसी बीच सामने फोन कर कहा कि तुम्हारा कई और लड़कियो के साथ सम्बंध है, जिसे लेकर उसने सना को समझाने की कोशिश की लेकिन सना ने उसे धमकी दी कि वह बहुत परेशान है और आत्महत्या कर लेगी। देर रात जब वह घर पहुंचा तो देखा की सना फंखे से लटकी पड़ी है।राजीव सना को लेकर अस्पताल भी ले गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।अस्पताल प्रबंधन ने ही मामले की जानकारी पुंदाग पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर शनिवार को रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

दोनों एक ऑफिस में करते है काम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सना और राजीव दोनों ही झारखंड के जमशेदपुर की रहने वाले थे। सना और राजीव दोनो ही रांची के कडरू स्थित एलएनटी फाइनेंस में काम किया करते और एकलव्य टावर में फ्लैट लेकर लिव इन में रह रहे थे। राजीव पहले से शादी शुदा है इसके बावजूद वह सना के साथ लिव इन में रह रहा था।

हत्या का आरोप

सना के परिजनों ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया था, सना परवीन मूलरूप से जमशेदपुर के परसूडीह की रहने वाली थी और वर्तमान में एकलव्य अपार्टमेंट में राजीव के साथ लिव इन में रह रही थी। दोनों रांची स्थित एलएनटी फाइनांस कंपनी में कार्यरत थे। सना के बहन के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है और राजीव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

एसएसपी के यहां पैरवी कर फंसे भू माफिया

कार्यालय से किया गया गिरफ्तार ,परेड करवाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राजधानी रांची में भू माफिया पर पुलिस की टेढ़ी नजर पड़ चुकी है. रविवार को एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर दो भूमाफियाओं को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुचा दिया गया. दोनों एसएसपी से एक मामले को लेकर मिलने आए थे इसी दौरान उनके आचरण को संदिग्ध पाकर गिरफ्तार कर लिया गया.

क्या है पूरा मामला: रांची के नामकुम सहित कई इलाकों में दबंगई कर जमीन हड़पने वाले अशोक पासवान और रंजीत भुटकुमार उर्फ रंजीत पाहन रांची एसएसपी के निर्देश पर गिरफ्तार कर लिया गया है.दोनों पर आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज है.एसएसपी कार्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 17 मई 2023 को नामकुम थाना क्षेत्र के केतारी बगान में जमीन के एक बहुत बड़े प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था , उस माफिया के द्वारा कई लोगो से मारपीट , जानलेवा हमला, अवैध आग्नेयास्त्र से फायरिंग की घटना भी घटी थी. इसके संबंध में नामकुम थाना कांड संख्या 134/23 दिनांक 17.03.23 धारा 147/148,149,326,307,506 भादवि एवं 25(1-इ)/26/27 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया था. उस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक पासवान और अप्राथमिकी अभियुक्त रंजीत भुटकुमार उर्फ रंजीत पाहन थे. दोनों को रविवार को गिरफ्तार किया गया.

परेड करवाते ले गए पुलिस कर्मी दोनों गिरफ्तार भूमाफियाओं को पुलिस ने उनकी औकात भी दिखाई. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें के इलाके में हथकड़ी पहनाकर उनका परेड भी करवाया. जिस इलाकों के में दोनों का आतंक था ,उसी इलाके में उन्हें पैदल हथकड़ी पहनाकर थाने तक ले जाया गया.

सीनियर एसपी से मिलने पहुंचे थे माफिया: रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के अनुसार अशोक पासवान एक जमीन कब्जा करने वाला दलाल एवं अपराधी है,इसके बावजूद वह एसएसपी कार्यालय पहुच सीनियर एसपी से मिलने पहुच गया.उसके बातचीत और गतिविधि को संदिग्ध पाते हुए एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने तत्काल पूछताछ एवं अग्रतर कार्रवाई के लिए थाना को निर्देशित किया था. इसके बाद नामकुम थाना के द्वारा दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया.एसएसपी ने स्पष्ट कर दिया है कि भू माफिया सावधान हो जाएं , वह गलत हरकतें करना छोड़ दें वरना उन पर आगे भी बड़ी कार्रवाई की जाएगी.

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

सिल्ली। भगवान विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर दो दिवसीय प्रतियोगिता (17-18 सितम्बर 2023)सिल्ली स्टेडियम सिल्ली में झारखण्ड प्रीमियर लीग मैच हेतु सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची जिला परिषद की उपाध्यक्षा बीणा देवी , विधायक प्रतिनिधि सिंह गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह , पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह खेल प्रभारी श्याम कुमार महतो, आजसू पार्टी के वरीय नेता ब्रजेश प्रसाद , विकास महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। चयन प्रतियोगिता कुल 16 टीमों के बीच होगी।

मतभेदों से दूर रह कर एकता स्थापित करें मुसलमान: मौलाना बलियावी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
एदारा ए शरिया झारखंड के तत्वाधान में डोरंडा दरगाह परिसर में सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी, दरगाह कमेटी, उलेमा ए कराम और जिम्मेदारो की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना डॉक्टर ताजुद्दीन ने की और संचालन एदारा ए शरिया झारखंड के नाजिम आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने किया। जिसके मुख्यातिथि मौलाना गुलाम रसूल बलियावी पूर्व सांसद सह एमएलसी बिहार सह सेंट्रल एदारा ए शरिया की उपस्तिथि रही। बैठक की शुरूआत तिलावत से हुई और कारी ताबे आलम, नाजिश, मौलाना आबिद रजा ने नात पाक पेश किया। मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया। मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने एदारा ए शरिया तहरीक, एदारा ए शरिया

इसलाहे मुआश्रा कॉन्फ्रेंस के लक्ष्य और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद हजरत मौलाना गुलाम रसूल बिलवी ने कहा कि देश का मुसलमान इस समय विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। मॉब लिंचिंग अक्सर होती रहती है। इसे रोकने के लिए सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि देश में मुस्लिम सेफ्टी एक्ट का होना बहुत जरूरी है। आज हम मुसलमान हर क्षेत्र में पिछड़े हैं। इस बड़े वर्ग की उपेक्षा की जा रही है। हमारे समाज में छोटी-छोटी बातों पर लंबे विवाद और मुकदमे चलते रहते हैं। इसे खत्म करना ही होगा। झारखंड में मुस्लिम अल्पसंख्यकों की समस्याएं दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही हैं। मौलाना ने कहा कि बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और झारखंड की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए हर जिले में शरिया तहरीक बिदारी व इस्लाह मुआसरा का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। और देशभर में इसके परिणाम सकारात्मक हो रहे हैं। राजधानी में केंद्रीय बैठक भी होगी।

जेसोवा की ओर से प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के बीच इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को दिए सफलता हासिल करने के मंत्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) की ओर से सोमवार को राजकीय पुस्तकालय (स्टेट लाइब्रेरी) रांची में प्रतियोगी-परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच इंटरैक्टिव सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा (बैच 2022, झारखंड कैडर) के प्रशिक्षु अधिकारी रवि कुमार, दीपेश कुमारी, कृष्णकांत कांवरिया, श्रुति राजलक्ष्मी एवं प्रांजल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जेसोवा अध्यक्ष मिनी सिंह, उपाध्यक्ष नमिता सिंह, किमी ख्यानगते, प्रीति कुमार, सचिव मनु झा एवं सदस्य निक्की टोप्पो, जेसीना सिद्दीकी, श्रेया एवं जया की अहम भूमिका रही।

इस इंटरैक्टिव सत्र का मुख्य उद्देश्य वैसे छात्र-छात्राएं जो विभिन्न प्रतियोगी-परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उन्हें मदद करना रहा। अध्यनरत छात्र-छात्राएं अपनी तैयारी किस प्रकार बेहतर तरीके से कर सकें ताकि उन्हें जल्द सफलता मिलें इस निमित्त उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं मुख्य अतिथियों के बीच विभिन्न विषयों पर प्रश्न-उत्तर एवं संवाद हुआ। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सिविल सर्विस परीक्षा से जुड़े कई सवाल मुख्य अतिथियों से पूछे तथा उसका उत्तर भी जाना। कार्यक्रम के दौरान राजकीय पुस्तकालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं यूपीएससी एवं जेपीएससी परीक्षाओं को लेकर काफी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने अध्यनरत छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता-परीक्षाओं में सफलता हेतु कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। मौके पर बड़ी संख्या में प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आईएएस अधिकारी रवि कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि यूपीएससी अथवा जेपीएससी का सिलेबस काफी बड़ा और विस्तृत है। सभी छात्र-छात्राएं एक बेहतर मोटिवेशन के साथ तैयारी में जुटें। इस अवसर पर आईएएस अधिकारी प्रांजल ने कहा कि यूपीएससी हो या जेपीएससी आप तीन अटेम्प्ट तक जरूर प्रयास करें।

आईएएस अधिकारी कृष्णकांत कांवरिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई गांव के ही हिंदी मीडियम सरकारी स्कूल से की थी। मुझे 12वीं क्लास में मात्र 58% मार्क्स मिले थे। बावजूद में आगे चलकर डॉक्टर बना। फिर मेरा लक्ष्य यूपीएससी रहा। निरंतर रिवीजन के साथ-साथ आपका उठना बैठना अच्छे ग्रुप के छात्र-छात्राओं के साथ होना चाहिए।

मौके पर आईएएस अधिकारी दीपेश कुमारी ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी है। इस अवसर पर जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह ने कहा कि झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) पिछले कुछ वर्षों से लगातार प्रतियोगी-परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के क्षमतावर्द्धन तथा मोटिवेशन के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत है।

मुरी पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

मुरी। झारखंड बंगाल की सीमा पर शनिवार के दिन वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार मुरी पुलिस ने दो पहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन कर रहे थे। बंगाल की सीमा से आने वाले हर दो पहिया वाहन को रोक कर उनकी आरसी, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल सवारी, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट के वाहन चालकों को रोक कर जांच की गई। समुचित कागजात नहीं दिखाने वाले वाहन मालिकों को सख्त हिदायत दिया गया तथा भविष्य में दोबारा गलती पाए जाने पर चालान काटने की शर्त पर उन्हें छोड़ दिया गया। मौके पर आशीष रंजन ने वाहन चालकों को बताया की जीवन अनमोल है पूरी तरह से सुरक्षित होकर ही वाहन चलाएं एवं यातायात संबंधी नियमों के बारे में भी उन्होंने विस्तार पूर्वक बताया। इस चेकिंग अभियान में मुरी ओपी के सशस्त्र बल भी मौजूद रहे।

पंचायत स्तर पर कांग्रेस के विस्तार के लिए की गई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने पंचायत लोटा, नागेडीह , गोड़ाडीह पंचायत का दौरा कर वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मंगल महतो, शालिग्राम पांडेय, अशोक साहु, उर्मिला देवी, सुखदेव मुंडा, रघुनाथ मुंडा, सुभाष मुंडा, बीरबल बड़ाइक, उदय महतो, कमल सिंह मुंडा, राजेश महतो, सुनीता देवी , गोफुर मोमिन, कांतु नायक, लुकमान मोमिन, गोपाल मुंडा सहित कई महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी का विस्तार हेतु चर्चा किया

गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी उपाध्यक्ष नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कोषाध्यक्ष मो मंजूर मोमिन, सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव निताई महतो, सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूतनाथ मंडल, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, मो.विलाल,तापस

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

शुद्धि पत्र

सूचित किया जाता है कि अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण संख्या–17/2023–24 पी०आर०नं० Pr. No. 307167 Drinking Water and Sanitation(23-24)-D के प्रकाशित की गई थी जिसे तिथि में निम्नवत् तिथि संशोधन किया जाता है :–

क्र०	विवरण	पूर्व प्रकाशित तिथि	संशोधित तिथि
1.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	25.09.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक।	26.09.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
2.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	25.09.2023 को अपराह्न 3:30 बजे।	26.09.2023 को अपराह्न 3:30 बजे।

अन्य नियम एवं शर्त यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गोन्दा,राँची।

PR 307232 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने लोगों की समस्याओं को सुना, बोले

आम लोगों की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करें पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत कांग्रेस भवन में राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना। मंत्री ने लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से कई दिशा- निर्देश दिये। साथ ही लोगों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया। जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, रामगढ़, पलामू, गिरिडीह, दुमका लातेहार,

बोकारो जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे।

जनसमस्या में मुख्य रूप से कोल्ड स्टोरेज निर्माण, तालाब, डीप बोरिंग, पेंशन योजना, नौकरी, सौर उर्जा, दाखिल खारिज, जेपीएससी मामले, कूप निर्माण, गाय आवंटन, गाय पालन, मत्स्य पालन, कृषि यंत्र आवंटन, सुखाड़, सब्जी बाजार निर्माण संबंधित मामलों के निराकरण के लिए कृषि मंत्री से आग्रह किया गया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया है।

गणेश चतुर्थी धूमधाम मनाया गया

मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन रेलवे कॉलोनी ए टाइप मे गणेश चतुर्थी का पूजा बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कमेटी के लोगों के द्वारा गणेश भगवान की प्रतिमा की स्थापना तथा संतरागाछी के पुरोहितक्ष बी राघवेंद्र राव द्वारा विधि विधान के साथ धूमधाम से पूजा की गई एंव पुजा पंडाल को रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया। तीन दिनों तक भक्ति का, कार्यक्रम किया जाएगा ।इस मौके पर गणेश पूजा के सेक्रेटरी बी कांता राव, वी वेंकट राव श्रीनिवास राव, बाला राव रवि शेखर वेंकट राव, पवन कुमार, ए भी राव, आर पी घोष, एस महन्ती,शिव शंकर पस़ाद, समेत कमिटी के सारे मेबर मौजूद थे।

रातु पुलिस ने की कार्रवाई, बालू लदा हाईवा जब्त

रातू। पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिमलिया रिंगरोड में छापेमारी कर शनिवार की रात अवैध बालू लदा हाईवा जेएच09बीपी-1024 जब्त किया है। हाईवा को पुलिस थाना ले आयी है। जानकारी के अनुसार चालक को भी गिरफ्तार कर लिया। अवैध बालू के खिलाफ पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –12/2023–24

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय : 26.09. 2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 27.09.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 27.09.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी

Sl No.	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Provision of water supply by construction of 2Nos. HYDT with Installation of 3.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Premises area the Hon'ble Jharkhand High Court, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. (Part - B).	1940032.00	38900.00	5000.00	30 Days
2.	Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr No B-31, B-33, a-1 Near SSR School, B-9, B-22 Rajendra Chock, Officersflat 18/28, 26/28 and others High court pool under D.W.&.S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1323293.00	26500.00	2500.00	30 Days
3.	Renovation of Bathroom, cum Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr No. C-5, (Behind Indira Place) & A-8, 12 Set Hinoo,Block-3,C-Type (Behind Indira Place) and others High court pool Quarters under D.W.&.S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1126157.00	22600.00	2500.00	30 Days
4.	Improvement of water supply and cleaning of drain, sewer line & Repairing of septic tank, drain RCC slab cover at A/12 Set Hinoo Pathar Road C-2/18 Sachiwalay colony and other High Court Pool Quarter under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	778811.00	15600.00	1250.00	15 Days
5.	Seepage repair and renovation of toilet cum Bath room, improvement of W/S, S/I & sewerage work at office of Director, Deputy Director and Joint director chamber of Jharkhand Police Academy , Hazaribagh under D.W.&.S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1072619.00	21500.00	2500.00	15 Days
6.	Seepage repair and renovation of Gents toilet cum Bath room & Urinals , improvement of W/S, S/I & sewerage work at Administrative Building Jharkhand Police Academy , Hazaribagh under D. W. & S. Division , Ranchi Est, Ranchi.	1139608.00	22800.00	2500.00	15 Days

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 307220 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची ।

कार्यक्रम स्कैंपी मत्स्यपालन संवर्द्धन पर जागरूकता बैठक आयोजित

मत्स्य पालन के लिए आगे आएं किसान: डॉ. एके दास

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड के जलाशयों में स्कैंपी मत्स्य पालन वृद्धि के माध्यम से आदिवासी समुदायों की आजीविका में सुधार के उद्देश्य से मत्स्य निदेशालय द्वारा एक प्रमुख परियोजना हजारीबाग स्थित घघरा जलाशय में कार्यान्वयन की गई है। इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन के लिए आयोजित बैठक में जलाशय में कार्यरत एकमात्र समिति के 66 सदस्यों की उपस्थिति में परियोजना गतिविधियों को निष्पादित किया गया।

मत्स्य निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक आईसीएआर-सीआईएफआरआई, बैरकपुर, कोलकाता, निदेशक डॉ.बीके दास के कुशल मार्गदर्शन में जिला मत्स्य पदाधिकारी, हजारीबाग और परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. एके दास ने मछुआरों से इस काम

के लिए आगे आने का आह्वान किया और स्कैंपी बीजों के अस्तित्व एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपाय करने में पूरे दिल से शामिल होकर परियोजना के परिणाम का लाभ उठाने की अपील की। इस संबंध में उन्होंने समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की। स्कैंपी संचयन जलाशय में सोमवार (18 सितंबर)को स्टॉक किया गया। डॉ. दास ने मत्स्य पालक समिति के सदस्यों को शिकारी या खाउ मछली से महझिंगा के बीज को बचाने के लिए 'ठिकाने कैसे बनाएं' का भी प्रशिक्षण दिया। हजारीबाग के जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने सदस्यों से इस परियोजना का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया। हजारीबाग की पूर्व मत्स्य प्रसार पदाधिकारी (एफईओ) रजनी गुप्ता ने मत्स्यपालकों को यह महसूस कराया कि इन परियोजनाओं के तहत गतिविधियों को इस जलाशय में मछली पकड़ने वाले मछुआरों के आर्थिक उत्थान के लिए चिह्नित किया गया है।

समिति की कुछ महिला मत्स्य पालक और सदस्यों ने परियोजना को सफल बनाने में सभी संभावित समर्थन देने के लिए एकजुटता दिखाते हुए अपने विचार साझा किए। बैठक का समापन भोजन और प्रबंधन प्रोटोकॉल का पालन करते हुए नियमित आधार पर भंडारित बीजों को चारा और पोषक खनिज प्रदान करने में सक्रिय रूप से शामिल करने की पुष्टि के साथ हुआ। उक्त जानकारी मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

घाघरा जलाशय में स्कंपी (झींगा) बीजों का संचयन

घाघरा हजारीबाग का एक छोटा जलाशय है, जिसका जल विस्तार 100 हेक्टेयर है। इस पर 40 आदिवासी मछुआरे परिवारों की आजीविका निर्भर करती है। मत्स्य पालन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्रायोजित औरआईसीएआरसी.आईएफआरआई, बैरकपुर, कोलकाता द्वारा क्रियान्वित जलाशयों में स्कैंपी मत्स्य पालन वृद्धि के माध्यम से आदिवासियों की आजीविका में सुधार पर एक प्रमुख परियोजना के तहत इस जलाशय में 2.0 लाख स्कैंपी/झींगा के बीज का भंडारण किया गया है। संस्थान के निदेशक डॉ. बीके दास द्वारा विधिवत मार्गदर्शन दिया गया।

NEWS इन ब्रीफ

राज्यपाल ने हरितालिका तीज की दी बधाई

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को पावन पर्व हरितालिका तीज की सभी सभी माताओं-बहनों को बधाई दी है। राज्यपाल ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, "हरतालिका तीज की प्रदेश और देश की सभी माताओं-बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।"

बीएयू में 14 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

रांची। कृषि विश्वविद्यालय, रांची की तरफ से आयोजित चौदह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय प्राकृतिक खेती था तथा इसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ वासुदेव चन्द्रकार कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के करीब एक दर्जन प्रतिभागियों ने भाग लिया । समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. एम के गुप्ता के अलावा डा० सुशील प्रसाद, डॉ. जगन्नाथ उरांव, डा० एस कर्मकार, नाहेब के मुख्य अन्वेषक डा० एम एस मलिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. बी के अग्रवाल तथा डॉ. अरविन्द कुमार शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के निर्देशक एवं नाहेप के मुख्य अन्वेषक डॉ० एम एस मलिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशिक्षुओं का आभार जताया तथा प्राकृतिक खेती की जरूरत पर बात करते प्रशिक्षण के सफल आयोजन को विश्वविद्यालय एवं हुए नोहेप प्रोजेक्ट की उपलब्धि बताया। धन्यवाद ज्ञापन नाहेप के सह अन्वेषक, डॉ० आर की मांझी ने किया ।

पुलिसकर्मियों को जैप-10 में मिलेगी ट्रेनिंग

रांची। समस्याओं से परेशान हवलदार स्तर के पुलिसकर्मियों की जैप- 10 में ट्रेनिंग होगी। आदेश आईजी ट्रेनिंग ने जारी कर दिया है। कहा गया है कि हवलदार से एएसआई के पद पर प्रोन्नति के लिए 1500 हवलदारों को 12 सप्ताह की ट्रेनिंग होगी। इस सूची में 23 ऐसे हवलदार हैं, जिन्होंने पारिवारिक और चिकित्सीय समस्याओं के कारण वर्तमान में आदेशित प्रशिक्षण संस्थान से किसी अन्य प्रशिक्षण संस्थान में योगदान कर प्रशिक्षण पूर्ण करने का अनुरोध किया है। इसे लेकर इन सभी 23 हवलदार को जैप-10 ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग पूरा करने का आदेश दिया है। जैप-10 ट्रेनिंग के लिए इन पुलिसकर्मियों अजीत कुमार सिंह,प्रमोद कुमार साव, रामबली मंडल, मेरी एलिसवा, खुर्शीद आलम, कनक सिंह, प्रेमानंद महतो, संतोष कुमार यादव, दुबराज हांसदा, अशोक कुमार दुबे, कमेलश शर्मा, उदय प्रताप सिंह,मंजू देवी, पुनेश कुमार, सुबोध कुमार यादव, संजय कुमार सिंह, हसन खान, शिव नारायण यादव, हितेंद्र उपाध्याय, लक्ष्मी लामा, शत्रुघ्न चौधरी, सुरेन्द्र बैठा और कमेश महतो के नाम शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली में पीएम विश्वकर्मा योजना का किया शुभारंभ

आदिवासियों को होगा लाभ: अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर रविवार को प्रधान मंत्री द्वारा दिल्ली में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को समग्र सहायता प्रदान करने के लिए यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर से 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' का शुभारंभ किया गया। पारंपरिक विश्वकर्मा समाज के सम्मान, सामर्थ्य व समृद्धि के साथ साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को बढ़ावा देने वाले इस योजना को देश में एक साथ 70 जगहों से शुरू किया गया। रांची के आर्यभट्ट सभागार में 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय जनजातीय मामले मंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड के पहले निर्माता और वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। इसी तरह, भारत के कई कारीगर और शिल्पकार, देश को सजाने और सुंदर बनाने के लिए अपने हाथों और उपकरणों का उपयोग करते हैं। इसलिए, पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को लाभ पहुंचाने के लिए हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज आधिकारिक तौर पर 'पीएम विश्वकर्मा योजना' शुरू की गई। पिछली सरकारें आजादी की लंबी लड़ाई और उस बाद के शासन काल में समाज के इस वर्ग को त्याग दिया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, प्रधान मंत्री के अनुसार, प्रत्येक नागरिक को सक्षम, सशक्त और सबसे महत्वपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होना चाहिए। हमारे आदिवासी समुदाय के सदस्यों सहित कई लोग पीएम विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित होंगे और अपने जीवन में सफल और प्रगति करने में सक्षम होंगे।कारीगरों और शिल्पकारों के लिए लाई गई पीएम विश्वकर्मा योजना से भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। मुंडा ने कहा कि इस योजना का लाभ झारखंड के कारीगरों और शिल्पकारों को भी मिलेगा। यहां के स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विविध विरासत को जीवित और समृद्ध बनाए रखने के लिए लाभदायक होगा। इस योजना में 18 तरीके पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया तथा यह योजना आने वाले समय मे हमारे कारीगरों एवं शिल्पकारों को नया आयाम देगा। पूंजी और कौशल के अभाव में, जो लोग अपने रोजगार की शुरूआत नहीं कर पा रहे थे, उनके लिए यह बहुत बड़ा अवसर है।मोदी सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना से कारीगरों के उज्जवल भविष्य का निर्माण होगा एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यान्वयन के लिए 13,000 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है।

जावेद अली म्यूजिक लाइव कंसर्ट 28 अक्टूबर को खेलगांव में

रांची। जावेद अली म्यूजिक लाइव कंसर्ट 28 अक्टूबर को टाना भगत इंदौर स्टेडियम ,खेल गांव , रांची में आयोजित किया जा रहा है । यह जानकारी सोमनाथ चक्रवर्ती ने दी । उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शाम 5:00 बजे से रात 9:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस लाइव म्यूज़िक कॉन्सर्ट के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पर्यटन, खेलकूद ,कला संस्कृति व युवा कार्य विभाग मंत्री हफीजुल हसन अंसारी होंगे। मशहूर स्टार जावेद अली की टीम परफॉर्म करेगी उनके साथ स्थानीय कलाकार भी होंगे । टिकट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरह से उपलब्ध है , ऑनलाइन टिकट पेटीएम इंसाइडर में उपलब्ध है । सबसे कम दाम का टिकट 899 रुपए से शुरू है उसके बाद सभी टिकट कपल के रूप में मिलेगा जो न्यूनतम 1500और अधिकतम 15000 तक के अलग-अलग रेंज में है।

बिरसा कृषि विवि के कुलपति को दी गई विदाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची
तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकारनाथ सिंह को विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों एवं पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को भावभीनी विदाई दी गई। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनके मानवीय गुणों, प्रशासनिक क्षमता और वैज्ञानिक अवदान की चर्चा की तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद भावी जीवन की कामना की। मूलतः आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विशेषज्ञ डॉ सिंह ने धान अनुसंधान के क्षेत्र में काफी कार्य किया है एवं कम संसाधन में बेहतर उपज देनेवाला चावल का कई लोकप्रिय प्रभेद विकसित किया है।
बीएयू कुलपति के रूप में उन्होंने 19 सितम्बर 2020 को ज्वाइन किया था और कोरोना महामारी के दौर में भी शिक्षण, अनुसंधान और प्रसार शिक्षा कार्य को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाये थे।

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स का मतदान 24 सितंबर को

नवीन मेल संवाददाता। रांची
फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-24 के लिए मतदान 24 सितंबर को रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल मैदान में आयोजित होगा। इस वर्ष कुल 39 प्रत्याशियों के बीच कार्यकारिणी समिति का चुनाव होगा। इसके साथ साउथ और नॉर्थ छोटानागपुर प्रमंडल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव भी होगा। इन दो प्रमंडल में दो-दो प्रत्याशी मैदान में हैं। सभी प्रत्याशियों को सीरियल नंबर अलॉट कर दिया गया है। इसके अलावा बाकी बचे चार प्रमंडल कोयलांचल, कोल्हान, पलामू और संताल परगना प्रमंडल में 1-1 प्रत्याशी होने के कारण उन्हें निर्विरोध चयनित किया गया, जिसमें पलामू से आकाश आनंद, कोयलांचल से प्रदीप कुमार अग्रवाल, कोल्हान से नितिन प्रकाश और संताल परगना से प्रितम गाड़ोदिया को उपाध्यक्ष चुना गया। इसकी औपचारिक घोषणा आमसभा में की जाएगी। सभी प्रत्याशी वोटरों को रिझाने में जुट गए है। इस वर्ष 3798 मेंबर और 83 एफिलिएटेड बॉडी के मेंबर मतदान करेंगे। इस बीच वर्तमान झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अपने 21 सदस्यीय प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। किशोर मंत्री नेकहा कि इस बार केवल एक ही टीम है। बाकी प्रत्याशी निर्विरोध मैदान में हैं। इस वर्ष भी उनकी टीम चैंबर का चुनाव जीतेगी ऐसी पूरी संभावना है। उनकी टीम में आदित्य मल्होत्रा, अमित किशोर, अमित शर्मा, अनिल अग्रवाल, डॉ. अभिषेक कुमार रामाधीन, ज्योति कुमारी, किशोर कुमार मंत्री, नवीन कुमार अग्रवाल, परेश गट्टानी, प्रवीण लोहिया, राहुल साबू, राम बांगर, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, शैलेश अग्रवाल, संजय अखौरी, सुनील केडिया, सुनील कुमार सरावगी, विकास विजयवर्गीय, विमल कुमार फोगला, विवेक अग्रवाल शामिल हैं। इसके साथ सीरियल नंबर 31 के श्रवण कुमार को भी किशोर मंत्री समर्थन कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना आत्मनिर्भर भारत का इंजन बनेगा: बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता एवम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर बधाई एवम शुभकामनाएं। मरांडी ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ ,दीघार्यु एवम यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। कहा कि भारत मोदी जी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने किया। प्रदर्शनी में मोदी जी के बाल्यकाल से लेकर एक सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में किए गए कार्यों,गुजरात के मुख्यमंत्री एवं पिछले 9 वर्षों में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में किए गए ऐतिहासिक कार्यों,गांव गरीब, किसान केलिए चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं,मिशन चंद्रयान-3 सहित अनेक उपलब्धियों को चित्रों में आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदेश कार्यालय में बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा सहित प्रदेश पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ, यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर उद्घाटन को ऑनलाइन देखा। इस अवसर पर लोक कल्याणकारी योजनाओं के शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत मोदी जी के नेतृत्व में लगातार प्रगति की ऊंचाइयों को छूता जा रहा है।भारत के अनेकों उत्पादों की दुनियां दीवानी रही है को गांव के छोटे छोटे कारीगरों,शिल्पकारों द्वारा निर्मित होते रहे हैं। मरांडी ने कहा कि ये शिल्पी भारत की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के करोड़ों शिल्पकारों, हुनरमंदों को पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से सम्मानित करते हुए अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा,बालमुकुंद सहाय,प्रदेश मंत्री विधायक नवीन जायसवाल,सुबोध सिंह गुड्डू, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद,गणेश मिश्र,कार्यालय सह मंत्री सूरज चौरसिया,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रवक्ता अमित सिंह,राहुल अवस्थी,योगेंद्र प्रताप सिंह,तारिक इमरान,सीमा शर्मा,बबन गुप्ता,रमेश सिंह,शोभा यादव,कमाल खान,संजीव विजयवर्गीय, राजीव रंजन मिश्र रामचंद्र केसरी,राजेंद्र केसरी, गुरविंदर सिंह सेठी,सुनील साहू, मुनचुन राय,देवेंद्र स्वामी,मुकेश मुक्ता, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उपयुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने की भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा, कहा

रैयतों को हर हाल में समय पर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान उपायुक्त में अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने एनएच-23 गुमला पलमा परियोजना में अवशेष 18 करोड़ रुपये का भुगतान के लिए अतिरिक्त भू-अर्जन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बेड़ो को निर्देश दिया। इसके पीआईयू गुमला के परियोजना निदेशक भू-अर्जन कार्यालय से समन्वय बना कर रैयतों को मुआवजा भुगतान कराना सुनिश्चित कराने को कहा।
उपायुक्त ने मौजा बारीडीह स्थित कल्याण विभाग की ओर से संचालित आवासीय बालिका विद्यालय को मौजा जरिया में स्थान्तरित करने के लिए जमीन हस्तांतरण के लिए संबंधित विभाग को सूचना देते हुए विद्यालय का निर्माण कार्य आरंभ कराने का निर्देश परियोजना निदेशक गुमला को दिया । उपायुक्त ने भारत माला परियोजना (ओरमांझी से गोला सेक्शन) के अवशेष 66 करोड़ रुपये का मुआवजा भुगतान पूर्व घोषित आवार्ड के आधार पर ही करने का निर्देश दिया । संरचना के मामले में उन्हीं रैयत्तो को भुगतान करने का आदेश दिया गया कि जो उस सड़क निर्माण में किसी प्रकार का बाधा उत्पन्न नहीं कर रहें हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने अरगोड़ा मोड़ से कटहल मोड़ सड़क चौडीकरण, सीरम टोली फ्लाई ओवर, कांटा टोली फ्लाई ओवर और अन्य दूसरे सड़क के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए संबंधित अंचल अधिकारी के साथ बैठक करने के लिए अपर समाहर्त्ता रांची को निर्देश दिया। उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग के परियोजनाओं में अधिग्रहित भूमि में मुआवजा भुगतान के लिए, पथ निर्माण विभाग (ग्रामीण एवं शहरी) के सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को योजना में आने वाली कठिनाइयों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया ।

रिम्स के विद्यार्थियों को शव की दिलायी गयी शपथ

डॉक्टरों के लिए मानव शरीर ही पहला शिक्षक : रिम्स निदेशक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान(रिम्स)के एनाटॉमी विभाग में सोमवार को वर्ष 2023 बैच के विद्यार्थियों को शव की शपथ दिलाई गई। विभाग के प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने छात्रों को शव शपथ दिलाई, इसके तहत छात्रों ने शवों का सम्मान करने, परिवार के प्रति आभार व्यक्त करने और प्राप्त ज्ञान से समाज की सेवा करने का संकल्प लिया।
रिम्स निदेशक डॉ. राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉक्टरों के मानव शरीर ही पहला शिक्षक होता है। क्योंकि इनके जरिए मेडिकल छात्रों को सीखने का अवसर मिलता है।
मौके पर डीन प्रोफेसर (डॉ.) विद्यापति ने कहा कि पढ़ाई के लिए देह दान करने वाले लोग महान हैं और चिकित्सा शिक्षा की किसी भी शाखा का आधार शव विच्छेदन और शरीर रचना विज्ञान का ज्ञान है। इस अवसर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ ए के दुबे के अनुसार डॉक्टर के लिए मानव शरीर को ही पहला शिक्षक माना जाता है, इसलिए उसकी पूजा कर शपथ ली जाती है। उल्लेखनीय है कि रिम्स में अब तक 50 लोग देहदान का संकल्प पत्र भर चुके हैं। एनाटॉमी विभाग को पढ़ाई के लिया अब तक सात देह प्राप्त हो चुके हैं।

कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन

महाराजा अग्रसेन रामराज्य के समर्थक थे: रूपा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
अग्रवाल सभा रांची के तत्वधान में श्रीअग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वें वार्षिकोत्सव के तहत महाराजा अग्रसेन भवन में चित्रकला, कविता पाठ एवं शतरंज प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन जी की चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। रूपा अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक पौराणिक समाज वाद के अग्रदूत युगपुरुष रामराज्य के समर्थक और महादानी तथा समाजवाद के पहले जनक थे। कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जयंती संयोजक सज्जन पाड़िया ने की। अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं को तीन वर्गों में बांटा गया था। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में- बाल वर्ग में- प्रथम स्थान- सारस अग्रवाल, द्वितीय स्थान- पृषि सरावगी, तृतीय- अंशिका पोद्दार हुई, सब जूनियर वर्ग में- प्रथम- विवान महलका, द्वितीय- अशर्व अग्रवाल, तृतीय- वेदांश बगड़िया,हुए। जूनियर वर्ग में-प्रथम- प्रियांशी अग्रवाल, द्वितीय- राजवीर गर्ग, तृतीय- उदिता सरावगी हुई। कविता पाठ प्रतियोगिता में- बाल वर्ग-अंशिका पोद्दार, द्वितीय-पृषि सरावगी, तृतीय- राजवी अग्रवाल, हुई। सब जूनियर वर्ग में- प्रथम- अद्विवा बंका, द्वितीय- अनंत तुलस्यान, तृतीय- अर्पण पोद्दार, तथा जूनियर वर्ग में-प्रथम- वेदिका अग्रवाल द्वितीय- अनन्या तुलस्यान,तृतीय- कृति रुंगटा, हुए। शतरंज प्रतियोगिता में- जूनियर वर्ग में प्रथम- विराट जालान, द्वितीय- वेदांत गोयल तृतीय- रितेश धानुका एवं यजत नारसरिया, तथा सीनियर वर्ग में-प्रथम पलक गाड़ोदिया, द्वितीय- स्नेहा नारसरिया, तृतीय- कुणाल चौधरी हुए। सभी प्रतियोगिताओं में 100 से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी निर्णायक मंडली के सदस्यों को सम्मानित किया गया। अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि सभी सफल प्रतिभागियों को महाराजा अग्रसेन जयंती दिवस 15 अक्टूबर को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर- नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया,राजेंद्र केडिया, कमल कुमार केडिया, प्रभाकर अग्रवाल, पवन पोद्दार, अनिल अग्रवाल, अजय डीडवानिया, संजय सर्राफ, विजय कुमार खोवाल, कौशल राजगढ़िया, सुनील पोद्दार, अमर अग्रवाल, किशन पोद्दार, विनोद टिबड़ेवाल, आकाश अग्रवाल, नरेश बंका, जितेश अग्रवाल, रूपा अग्रवाल, रीना सुरेखा, उर्मिला पाड़िया, अलका सरावगी, लक्ष्मी पाटोदिया, मंजू केडिया, सुषमा पोद्दार, रश्मि सरावगी, छाया अग्रवाल, प्रीति केडिया, सुशीला पोद्दार, सरिता मोदी, आदि उपस्थित थे।

विश्वकर्मा पूजा महोत्सव व ट्विंकल छावनिका का जन्मदिन मनाया गया

श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को अरगोड़ा कटहल मोड स्थित पुंदाग में संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद प्रणामी सेवाधाम आश्रम) के परिसर में निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारा वितरण कर संस्था के सदस्यों ने विश्वकर्मा पूजा पर भगवान की पूजा अर्चना कर ट्विंकल छावनिका का जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सत्संग, भजन संकीर्तन कर सभी सदस्यों ने गुरु महाराज की फोटो, भगवान श्री राज श्यामा (श्री राधा-कृष्ण) एवं चरण पादुका पर चंदन वंदन कर फुल अर्पण किया। भजन गायन संस्था के मनीष सोनी सज्जन पाडिया, सीता शर्मा एवं उर्मिला पाडिया ने भजन गायन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। संस्था के सदस्यों ने लगभग 1300 से ज्यादा लोगों के बीच भंडारे का वितरण किया।
जन्मदिवस और विश्वकर्मा महोत्सव एवं भंडारा वितरण के महान कार्य में संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल छावनीका,सुरेश अग्रवाल, निलेश छावनीका,विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, धीरज गुप्ता,चन्द्रदीप साहू, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल मधु छावनीका, सुनीता अग्रवाल,अमिता जालान ट्विंकल छावनीका, श्रद्धा जी परी छावनीका, आशा मुंजाल,उर्मिला पाडिया, शारदा पोद्दार,ललिता पोद्दार, रेखा पोद्दार, सुनीता अग्रवाल, इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

धनबादः डालसा की जेल अदालत में दो बंदी मुक्त

धनबाद। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर डालसा का 100 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान 18 सितंबर सोमवार को शुरू हुआ. पहले दिन धनबाद मंडल कारा में जागरूकता अभियान का शुभारंभ रेलवे के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अंकित सिंह व कारापाल मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी ने जेल अदालत के माध्यम से किया. जेल अदालत में दो विचाराधीन बंदियों को रिहा किया गया. वहीं, शिविर में बंदियों उनके अधिकारों के बारे में बताया गया.

बोकारो : भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

बोकारो। डीपीएलआर कार्यालय में कथित मनमानी के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल 18 अगस्त को तीसरे दिन भी जारी रहा. भूख हड़ताल पर बैठे विक्रम महतो ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी, भूख हड़ताल जारी रहेगा. जैना में पुनर्वास की जमीन की बंदरबांट की जा रही है. अधिकारी-कर्मी मिलकर बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापितों का हक छीनने में लगे हैं.

बोकारो स्टील प्लांट में ठेका मजदूर की मौत

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रीप मिल में काम करने वाले ठेका मजदूर संतोष कुमार मिश्रा(54) की मौत 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के दिन हो गई. मृतक शहर के कैम्प दो हनुमान नगर का रहने वाला था और शंकर इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन में काम करता था. विश्वकर्मा पूजा को लेकर उसे काम पर बुलाया गया था, जब दोपहर में पूजा करने के बाद वह उठकर खड़ा हुआ, उसी दौरान बेहोश होकर गिर पड़ा. वहां से उसे आनन-फानन में इलाज के लिए प्लांट मेडिकल ले जाया गया.

सर्पदंश से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

जमशेदपुर। प्रखंड के आसन पंचायत अंतर्गत धारिका गांव निवासी दसमत मुर्मू के 10 वर्षीय पुत्र कानू मुर्मू की मौत इलाज के दौरान जमशेदपुर में हो गई. घटना के संबंध में ग्रामीण दिलीप मुर्मू ने बताया कि दसमत मुर्मू के पुत्र को रविवार की देर रात लगभग 11 बजे सोते वक्त जहरीले सांप ने काट लिया था. आनन फानन में परिजन उसे बाइक पर बिठाकर अनुमंडल अस्पताल घाटशिला लेकर पहुंचे. अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ मुगली हांसदा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए

विशाल हत्याकांड में अभिषेक गिरफ्तार

जमशेदपुर। बिष्टुपुर थाना अंतर्गत रामदास भट्टा निवासी विशाल प्रसाद की शनिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक लाल को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल और एक गोली बरामद की है. जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि घटना के 15 घंटों में ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पूछताछ में अभिषेक ने बताया कि उसकी मोबाइल चोरी हो गई थी.

जमशेदपुर में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन ने किया पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्घाटन

पीएम मोदी ने देश को समर्पित किया 'यशोभूमि'

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के द्वारका में भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो सेंटर के प्रथम चरण यशोभूमि को राष्ट्र को समर्पित किया, साथ ही कारीगरों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की। उन्होंने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा योजना', पीएम विश्वकर्मा लोगो, टैगलाइन और पोर्टल भी लॉन्च किया। इसी क्रम में जमशेदपुर के बिरसा मुंडा सभागार में आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का विधिवत उद्घाटन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न प्रकार के स्टॉल का भी उद्घाटन एवं निरीक्षण किया और शिल्पकारों से भेंट की। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो सहित कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्वकर्मा जयंती के दिन हमारे देश के विश्वकर्मा के लिए बड़ा कार्यक्रम ले कर आए हैं। भारत सरकार ने छोटे और पारंपरिक विधाओं में कार्य करने वाले ऐसे 18 प्रकार के कारीगरों और शिल्पकारों को सम्मिलित किया है, जिसे पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ मिलेगा। इनमें कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, बढ़ई, लोहार, सोनार, कुम्हार, शिल्पकार, धोबी, दर्जी आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चयनित लाभार्थी को 5 से 7 दिन का प्रशिक्षण और 500 प्रतिदिन कि दर से स्टाइपेंड भी दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण के उपरांत टूल किट हेतु 15000 ई वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में डिजिटल पेमेंट छोटे-छोटे दुकानों और स्टालों में हमें देखने को मिल रहा है। यह बेहद खुशी की बात है और जो भी कार्य अब होगा, सब डिजिटल के माध्यम से ही उसका लेनदेन होगा और उसमें भी सरकार लाभ देगी। उन्होंने कहा कि कारीगरों को प्रथम चरण में एक लाख का ऋण तथा द्वितीय चरण में 2 लाख का कोलेटरल फ्री ऋण 5% ब्याज के दर से दी जाएगी। साथ ही पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फोर लोकल एवं मेक इन इंडिया आह्वान के तहत झारखंड के प्रोडक्ट अब अमेरिका सहित अन्य देशों तक जा सकते हैं। इस अवसर पर जमशेदपुर के उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन एवं अन्य अतिथिगण को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट किया। कार्यक्रम में दर्शक दीर्घा के रूप में करीब 800 ग्रामीणजन, लाभार्थी के साथ कई सरकारी विभागों, वित्तीय संस्थानों आदि के अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी एवं अन्य प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

धनबाद : सर्पदंश से युवक की मौत डेढ़ घंटे तक नहीं हुआ इलाज

निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने हाथ खड़े किए तो लिया झाड़-फूंक का सहारा

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। झरिया के राजग्राउंड के रहने वाले 20 वर्षीय युवक जगन कुमार रवानी की सांप काटने से मौत हो गई. घटना रविवार 17 सितंबर देर रात की है. जगन कुमार घर में सोया हुआ था, तभी रात करीब 12 बजे उसे सांप ने डंस दिया. उसने इसकी जानकारी जानकारी घरवालों को दी. परिजन आनन-फानन में उसे एसएनएमसीएच, धनबाद ले गए. परिजनों के अनुसार उस वक्त युवक पूरे होश में था, लेकिन एसएनएमएमसीएच में डेढ़ घंटों तक उसका इलाज शुरू नहीं हो सका. हालत बिगड़ने पर उसे प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए. वहां भी डॉक्टरों ने समुचित व्यवस्था नहीं होने की बात कह इलाज करने से हाथ खड़े कर दिए. डॉक्टरों ने कहा कि काफी देर हो चुकी है, इलाज संभव नहीं है. धीरे-धीरे उसकी सांसें बंद हो गईं. इसके बावजूद परिजनों ने युवक को मृत मानने से इनकार कर दिया और झाड़-फूंक के लिए उसे तांत्रिक के पास ले गए. जब युवक के शरीर मे कोई हलचल नही हुई, तो थक-हारकर परिजन उसे बिहार के अरवल ले गए. जगन रवानी के परिजनों ने एसएनएमसीएच के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है. मां गीता देवी ने बताया कि उसका बेटा सही-सलामत था. बातचीत भी कर रहा था, लेकिन एसएनएमसीएच के डॉक्टरों की लापरवाही से उसकी स्थिति बिगड़ती चली गई. उसने दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की. युवा बेटे की मौत से परिवार में मातम छा गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.

एसआई शशि भूषण राय को घूस लेते एसीबी ने रंगे हाथ पकड़ा

जमशेदपुर। जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना में पदस्थापित एसआई शशि भूषण राय को सोमवार को एसीबी की टीम ने 15 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है. टीम सोमवार की सुबह 11 बजे बागबेड़ा थाना पहुंची और शशिभूषण को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में बागबेड़ा निवासी राजू सिंह ने एसीबी से 15 सितंबर को मामले की शिकायत की थी. जांच में आरोप सही पाए जाने पर टीम ने शशिभूषण को गिरफ्तार किया. राजू ने टीम को बताया कि जमीन विवाद को लेकर उनपर बागबेड़ा थाना में झूठी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसका अनुसंधान शशिभूषण राय कर रहे थे. शशिभूषण ने नाम हटाने के लिए 20 हजार रुपये की मांग की थी. अंत में 15 हजार रुपये में बात तय हुई थी. वे घूस नहीं देना चाहते थे, इसलिए मामले की शिकायत एसीबी से कर दी.

'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषयक कार्यशाला आयोजित

राष्ट्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता जरूरी : बन्ना गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

जादूगोड़ा/जमशेदपुर। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखंड राज्य इकाई झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा पूर्वी सिंहभूम जादूगोड़ा स्थित यूसीआईएल सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला ₹राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका₹ को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मीडिया की भूमिका लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी की होती है, जो कमियों को उजागर कर देश एवं समाज हित में पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य करता है। गुप्ता ने कहा कि पत्रकार कभी पक्षकार नहीं हो सकते। उनकी भूमिका राष्ट्र निर्माण में हमेशा से रही है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता करना कठिन जरूर है, लेकिन राष्ट्र निर्माण के लिए यह आवश्यक भी है। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा पत्रकार स्वास्थ बीमा योजना लागू करने के बाबत उन्होंने कहा कि पत्रकारों को आयुष्मान योजना के अंतर्गत भी कार्ड बनवाना चाहिए। पत्रकारों के बीमा एवं अन्य मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। इससे पहले कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन यूसीआईएल प्रबंधक संजय शर्मा, घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक, बीएसपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडेय, राष्ट्रीय सचिव गिरिधर शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा, झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अमरकांत सिंह, प्रदेश महासचिव सिया राम शरण, प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार कौशलेंद्र एवं स्थानीय थाना प्रभारी ने किया।

पचंबा पुलिस ने पांच किलो गांजा के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। जिले के पचंबा थाना क्षेत्र की दो दुकानों से पुलिस ने पांच किलो गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी डीएसपी संजय राणा ने पपरवाटांड स्थित पुलिस ऑफिस में प्रेसवार्ता कर दी. उन्होंने बताया कि बीते 17 सितंबर को एसपी दीपक कुमार शर्मा को सूचना मिली कि पचंबा में अवैध गांजा की बिक्री की जा रही है. इस सूचना के आधार पर पचंबा हाई स्कूल के पास दो दुकानों में डीएसपी संजय राणा के नेतृत्व में छापामारी की गई, जहां पाया गया कि उक्त दुकानों में गांजा का खरीद-बिक्री की जाती है. डीएसपी ने बताया कि इस दुकान के संचालक अमित कुमार साहु व सुजल कुमार है. छापेमारी के क्रम में सुजल कुमार के घर से एक किलो 4 सौ ग्राम और अमित कुमार साहु के घर से करीब तीन किलो 3 सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया.

कार्डधारकों को 4 महीने से नहीं मिला राशन

गिरिडीह। सदर प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 1 और 2 के अधिकांश राशन कार्डधारकों को मौजूदा सितंबर माह समेत पिछले 4 महीनों से राशन नहीं मिला है. 18 सितंबर को भाकपा माले की ह्यकिसान-मजदूर संकल्प सभाह्न की तैयारी के दौरान इकट्ठा लोगों ने पार्टी नेता राजेश यादव के समक्ष उक्त शिकायत की. उपस्थित लोगों ने कहा कि इस पंचायत के राशन कार्डधारकों का शोषण हो रहा है. जानबूझकर लोगों के राशन के लिए दूर के पीडीएस में भेजा जा रहा है, ताकि लोग अनियमितता का विरोध नहीं कर सकें. मौके पर माले नेता ने श्री यादव ने कहा कि अधिकारी इस गंभीर मामले का संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई करें, अन्यथा डीलर व आपूर्ति विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा.

तिसरी-खिजूरी मार्ग पर दो ऑटो की टक्कर में व्यापारी की मौत, 8 घायल

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। तिसरी थाना क्षेत्र के तिसरी-खिजुरी मुख्य मार्ग पर फॉरेस्ट चेकनाका के समीप 17 सितंबर की शाम दो ऑटो में आमने-सामने की टक्कर हो गई. इस हादसा में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इस खबर पर घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की काफी भीड़ लग गई. बताया जाता है कि दोनों ऑटो के टक्कर में एक चालक ऑटो में ही दब गया. तिसरी पुलिस और स्थानीय लोगों ने ग्राइंडर मशीन से ऑटो का कुछ हिस्सा काटकर चालक को निकाला. हादसा इतना दर्दनाक और भयावह था कि देखने वाले लोग स्तब्ध रह गए. हालांकि तिसरी पुलिस और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी लोगों को तुरंत पुलिस वाहन से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां सभी का प्राथमिक उपचार कर 6 लोगों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. बताया जाता है कि तिसरी साप्ताहिक हाट के दुकानदार हाट के बाद ऑटो में सवार होकर अपने घर खिजुरी जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही ऑटो से जोरदार टक्कर हो गई. जिसमें खिजुरी निवासी भोला गुप्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि खिजुरी के ही किशोरी गुप्ता, बजरंगी दास, राजधनवार के मिथलेश कुमार, कारू खान, खरखरी के 10 वर्षीय सोमलाल मरांडी, बाबूलाल मरांडी, सुकून हेमब्रम व तिसरी के अजय रविदास बुरी तरह घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही तिसरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

निबंध प्रतियोगिता में रेलकर्मियों के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

धनबाद। धनबाद रेल मंडल महिला कल्याण संगठन की ओर से 17 सितंबर रविवार को जैक एंड जिल मोंटेशरी स्कूल हिल कॉलोनी में रेल कर्मचारियों के बच्चों के बीच ऑन-द-स्पॉट निंबध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह प्रतियोगिता पूरे भारतीय रेल में एक साथ हुई. प्रतियोगिता को तीन ग्रुप में विभाजित किया गया था. ग्रुप एक में 6 से 9 वर्ष के बच्चों के बीच 100 से 200 शब्द, ग्रुप दो में 10 से 12 वर्ष के बच्चों के बीच 100 से 200 शब्द और ग्रुप तीन में 13 से 15 वर्ष के बच्चों के बीच 300 से 400 शब्द में निबंध लिखना था. ग्रुप एक को मेरे दादा-दादी अथवा मेरी साइकिल अथवा मेरी पंसदीदा कहानी, ग्रुप दो को आउटडोर गेम्स का महत्व अथवा यदि मुझमें उड़ने की क्षमता होती और ग्रुप तीन में चंद्रयान मिशन-3 अथवा आपकी पसंदीदा पुस्तक की समीक्षा पर बच्चों ने निबंधन लिखा.

आस्था

धनबाद रेल मंडल कोचिंग यार्ड में चंद्रयान-3 की थीम पर बना भव्य पंडाल

कोयलांचल में धूमधाम से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। धनबाद कोयलांचल में 17 सितंबर रविवार को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा उल्लास के साथ हुई. बीसीसीएल की कोलियरियों, रेलवे, कल कारखानों समेत छोटे-बड़े प्रतिंष्ठानों में भगवान की विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई. पंडालों में आकर्षक विद्युत सज्जा भी गई थी. पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया. धनबाद रेल मंडल के कोचिंग यार्ड में चंद्रयान-3 की थीम पर आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया गया. पंडाल के अंदर चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समय दशार्या गया. साथ ही एस्ट्रोनॉट्स और एलियंस को भी दिखाया गया. इस खूबसूरत नाजारा को देखने के लिए पंडाल में लोगों की काफी भीड़ लगी रही. जोड़ापोखर क्षेत्र में विश्कर्मा पूजा धूमधाम से मनाई गई. भागा रेलवे पीडब्ल्यूआई रेल पथ व आई डब्ल्यू ऑफिस में भगवान विश्कर्मा की मूर्ति रखा पूजा की गई. पूजा में महुदा के एएनएम एस अहिरवार, आई डब्ल्यू रविन्द्र रजक, पी डब्ल्यूआई एस दास, पंचू यादव, मुनि महतो, कालीपदो महतो आदि शामिल हुए. उधर, जामाडोबा आजाद नगर स्थित कारखाना में पूर्व पार्षद सुजीत सिंह ने कर्मचारियों के साथ पूजा की. टाटा स्टील के जामाडोबा 2 पिट, 6/7 पिट, डिगवाडीह कोलियरी, सेल की जीतपुर कोलियरी में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई. वहीं रेलनगरी गोमो मे 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से हुई. गोमो विद्युत लोको शेड, कैरेज एंड वैगन, आई व डब्ल्यू, टीआरडी, पीडब्ल्यूआई, पार्सल गोदाम, पावर हाउस समेत अन्य स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई. छोटे-छोटे पंडालों में आकर्षक विद्युत सज्जा देखते बन रही थी. पूजा पंडालों में रविवार देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही. गोमो रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में मेले का आयोजन किया गया है.

सिंदरी इलाके में देव शिल्पी की पूजा की रही धूम

सिंदरी। सिंदरी इलाके में 17 सितंबर रविवार को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ हुई. हर्ल खाद कारखाना, बीआईटी सिंदरी, अदानी एसीसी सीमेंट, शहरपुरा शिव मंदिर स्थित विश्वकर्मा मंदिर सहित विभिन्न ट्रैवल्स कंपनियों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना हुई. हर्ल सिंदरी की मेंटेनेंस बिल्डिंग में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई. इस मौके पर हर्ल के सीनियर वीपी दिप्तेन राय, एचआर हेड विक्रांत कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने पूजा में भाग लिया. बीआईटी सिंदरी के मेकेनिकल, प्रोडक्शन, आईटी सहित विभिन्न विभागों में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा की गई.

सुहागिनों ने मनाया तीज का त्योहार 24 घंटे का रखा निर्जला उपवास

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग शहर समेत विभिन्न प्रखंडों में सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ सुहागिनों ने हरितालिका सह तीज का त्योहार मनाया. इस मौके पर सुहागिनों ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखा. मंगलवार की सुबह उपवास तोड़ेंगी. इस दौरान विधि-विधान से पूजा कर कथा श्रवण किया. हरितालिका तीज व्रत के पवित्र मौके पर सुहागिनों ने भगवान से पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि, उन्नति, प्रगति और यश की कामना की. मान्यता के अनुसार मां पार्वती ने इस व्रत को शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए किया था. इस व्रत में भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन विधि-विधान से किया गया. इस मौके पर सौभाग्यवती महिलाओं ने लाल रंग के नए परिधान पहनकर, मेंहदी लगाकर सोलह श्रृंगार किए. वहीं दारू में ज्योतिषाचार्य सह आचार्य डॉ. अनुग्रह नारायण शर्मा बताते हैं कि प्रकृति और प्रेम के भाव से जुड़े इस पर्व पर महिलाएं शुद्ध मिट्टी से शिव-पार्वती और श्री गणेश की प्रतीकात्मक प्रतिमाएं बनाकर उनकी पूजा कीं. पूजन में रोली, चावल, पुष्प, बेलपत्र, नारियल, दूर्वा, मिठाई आदि से भगवान का भक्ति भाव से पूजन किया गया. साथ ही कामना की कि उनका जीवन भी शिव-गौरी की तरह आपसी प्रेम से सदैव बंधा रहे. मान्यता है कि मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा सौभाग्यदायिनी होती है. वहीं केरेडारी में भक्तिभाव से सुहागिनों ने हरितालिका व्रत किया. प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि यह शिव एवं पार्वती का पर्व है. यह पर्व सभी महिलाओं को अपने पति की दीघार्यु के लिए अवश्य करनी चाहिए. साथ ही कुंवारी लड़कियों को अपने पसंदीदा वर प्राप्ति के लिए शिव से कामना करने हुए व्रत रखना चाहिए. पूजा में प्रमुख के साथ देवंती देवी, पुष्पा देवी, सुचित्रा पासवान, सुमित्रा देवी, आणो देवी, आरती देवी समेत कई महिलाएं और लड़कियां भी शामिल हुईं.

कुंज बिहारी साहू ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। आज 17 सितम्बर को हजारीबाग जिला के बड़कागांव विधानसभा अन्तर्गत नापो खुर्द जनता हाई स्कूल के प्रांगण में एक मिलन समारोह का आयोजन हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी कुंज बिहारी साहू ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं विशिष्ट अतिथि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम उपस्थित रहें और फुल माला पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आम जनता को निःशुल्क शिक्षा और चिकित्सा की आवश्यकता है परन्तु आजादी के 75 वर्षों में किसी भी पार्टी की सरकार ने ऐसा जरुरी नहीं समझा। सभी सरकारें जनता को बहुत कुछ देना चाहती है परन्तु निःशुल्क शिक्षा और चिकित्सा नहीं जबकि लोकहित अधिकार पार्टी की पहली प्राथमिकता यही है निःशुल्क शिक्षा और चिकित्सा। प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने कहा झारखंड समेत पूरे देश को सामाजिक न्याय की जरुरत है और इसके लिए आम जनता को निःशुल्क शिक्षा और चिकित्सा देना मील का पत्थर साबित होगा। पार्टी में शामिल होने के बाद कुंज बिहारी साहू ने कहा कि हिंदूत्व और राष्ट्रवाद के नाम पर आम जनता के अधिकार को कुचल दिया जा रहा है। मंहगाई बढ़ती जा रही है, बेरोजगार युवक-युवतियां घुटन महसूस कर रहे हैं। सभी को पक्के का घर देने के नाम पर ठगा गया। एससी , एसटी और ओबीसी के संवैधानिक अधिकार आरक्षण को समाप्त किया जा रहा है। अब लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता की लड़ाई खुलकर लड़ेगी। सैकड़ों की संख्या में पार्टी की सदस्यता लेने वालों में से मुख्य रूप से कुंज बिहारी साहू जी समेत प्रमोद कुमार, ढ़लान साहू, बोधन साहू , कैलाश कुमार, राम प्रकाश यादव, राजेश साहू, महेंद्र साहू , कामेश्वर साहू, विमल प्रसाद , सोना साहू , उमेश चन्द्र साहू, प्रभु साहू, नरेश साहू , संजय गुप्ता आदि शामिल रहें।

भक्तिभाव से की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना

नवीन मेल संवाददाता

बरही । भगवान विश्वकर्मा की पूजा बरही में धूमधाम से संपन्न हुआ. इस अवसर पर डीवीसी, पावर सबस्टेशन सहित विभिन्न गैराज और दुकानों में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति पूजा की गई. जो रविवार के पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ और सोमवार को हवन व विसर्जन के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर सभी गैराज, पेट्रोल पंप, शो रूम, हार्डवेयर दुकान इत्यादि जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धापूर्वक की गई. विजैया में इस अवसर पर पर भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया. जहां श्रद्धालुओ ने रातभर माता के भजनों पर जमकर थिरकने का काम किया. वहीं कई स्थानों पर पारंपरिक कीर्तन के भी आयोजन किए गए. दामोदर वैली कॉर्पोरेशन में आचार्य शशि पांडेय के पांडित्य में पूजा का आयोजन किया गया. उन्होंने बताया कि भगवान विश्वकर्मा शिल्प विद्याओ के जनक है, जिन्हे कौशल और शिल्प का द्योतक भी माना जाता है. पूजा में पुजारी हरिवंश नारायण, शंभू पोद्दार, राम नाथ प्रसाद, ललन प्रसाद, साधन हांसदा, हरिवंश नारायण, नितेश कुमार, प्रदीप मंडल, हरीराम मांझी बब्लू ठाकुर, छात्रधारी महतो, बैजनाथ महतो, धनश्याम महतो, रविंद्र यादव, उदय यादव आदि ने श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना किया. पूजा सफल बनाने में इंद्रदेव कुमार, बबलू ठाकुर, टिंकू रजक, रामस्वरूप यादव, शशि सिंह, अशोक शाही, रामचंद्र महतो, छकोड़ी महतो आदि सहित सभी कर्मियो और अधिकारियो ने महती भूमिका निभाई.

बरही चौक से मूक-बधिर लापता, सनहा दर्ज

बरही । बीते गुरुवार से बरही चौक से 19 वर्षीय मूक-बधिर पप्पू कुमार की लापता होने का मामला सामने आया है. वह हजारीबाग जिला के कटकमसांडी प्रखंड अंर्तगत झोझी गांव का रहने वाला है. गुमशुदगी मामले में लापता युवक के भाई पिंटू कुमार ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर दिया. आवेदन के अनुसार लापता युवक बरही चौक से हजारीबाग जाने के क्रम में बीते 14 सितंबर को गुम हुआ है. जिसे 15 सितंबर को हजारीबाग के इन्द्रपुरी चौक पर देखा भी गया था. गुमशुदा युवक की लंबाई 5 फिट 2 इंच, रंग सांवला एवं गुलाबी रंग का टी सर्ट पहने हुए है. उक्त जानकारी बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने देते हुए आमजनों से लापता युवक के संबंध में किसी भी जानकारी मिलने पर बरही थाना के मोबाइल संख्या 9431706315/ 7992454039 या 9353501942 पर सूचना देने की अपील किया है.

जानवर चोरी के मामले में एक गिरफ्तार, जेल

बरही । आईपीसी की धारा कांड 379 के तहत सचिन कुमार यादव (२२) पिता स्व बालेश्वर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. वह बरकट्ठा थाना अंतर्गत ग्राम केंदुआ का रहने वाला है. जिसे जानवर चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. उक्त जानकारी पुलिस इंस्पेफ्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने प्रेस बयान जारी कर दिया.

मुखिया ने विश्वकर्मा पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा । प्रखंड के झुरझुरी पंचायत में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया प्रियंका कुमारी एवं जिप सदस्य प्रतिनिधि सी.के.पांडेय एवं अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं उद्घाटन के दौरान मुखिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में झुरझुरी पंचायत का विकास करना मेरा मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपस्थित सी के पांडेय ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन की प्रतिमूर्ति है। उन्हें प्रजापिता ब्रह्मा का पुत्र भी बताया जाता है। तकनीकी शिल्प और विज्ञान का भगवान कहे जाने वाले विश्वकर्मा की जयंती हर वर्ष 17 सितंबर को श्रम दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। सदियों से हमारे जीवन में मेले का बड़ा ही महत्व रहा है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि व समाजसेवी भीम प्रसाद, राजकुमार चौधरी, पंसस प्रतिनिधि बिनोद कुमार, समाजसेवी कुंवर यादव, सुरेश कुमार पांडेय, रिंकु माली, लाल मोहन प्रसाद, राजेश कुमार, बढ़ो महतो, सहदेव प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, अरुण यादव, त्रिवेणी प्रसाद, मुकेश कुमार, महेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, राजेन्द्र, शेषनाथ सिंह, छोटीलाल, कैलाश प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, मुकेश प्रसाद वार्ड सदस्य प्रतिनिधि, प्रमेश्वर प्रसाद, संजय यादव, गजाधर यादव बिट्टू , मोनिका कुमारी आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

मां शारदीय दुगार्पूजा शोभा समिति बेलकप्पी का गठन

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी स्थित शिवमंदिर प्रांगण में रविवार को मां शारदीय दुर्गापूजा शोभा समिति का गठन हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक कि अध्यक्षता महेश पांडेय एवं संचालन नंदकिशोर ठाकुर ने किया। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने एवं शांतिपूर्ण व सौहाद्रपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर चर्चा-परिचर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा पूजा सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एक पूजा समिति व एक शोभा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पूजा समिति के अध्यक्ष जयनंदन पांडेय, सचिव हुलास नायक, कोषाध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय, उपाध्यक्ष मिथिलेश पांडेय, उपकोषाध्यक्ष राजकुमार पांडेय, उपसचिव दशरथ राम एवं शोभा समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी, सचिव अनुज कुमार पांडेय, उपसचिव चंदन पांडेय, कोषाध्यक्ष जयराज पासवान, उपकोषाध्यक्ष रिंकू माली का चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य प्रतिनिधि व समाजसेवी चंद्रकांत पांडेय, पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार पांडेय, जीतन पांडेय, धनी साव, भुनेश्वर सोनी, हेमलाल पासवान, सय्यनंदन पांडेय, हीरालाल सोनी, नरेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

जिला स्तरीय नार्को को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक

नशे की लत सभी के लिए घातक : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की हजारीबाग जिला स्तरीय कमिटी की बैठक सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई. बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई. मौके पर उपायुक्त ने जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम के उद्देश्य से चार स्तरीय नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर मेकानिज्म गठित टीम की ओर से पूरी मुस्तैदी एवं समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया. उन्होंने समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान कर त्वरित कार्रवाई करने की भी बात कही. उन्होंने कहा कि नशे की लत सभी के लिए घातक है. इसकी जद में आने से परिवार को कई कठिनाइयों से गुजरना होता है. मौके पर पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा कि मादक पदार्थों की खेती एवं सेवन बहुत ही संवेदनशील एवं गंभीर विषय है. प्राथमिक स्तर पर ही इसकी रोकथाम एवं इसमें संलिप्त गिरोहों पर कार्रवाई करना आवश्यक है. साथ ही समाज को भी जागरूक करना जरूरी है ताकि इसके दुष्प्रभाव को खत्म किया जा सके. इस बाबत उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई और जिले के चिह्नित प्रखंड खासकर चौपारण के सुदूरवर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ाने की जरूरत है. चौपारण क्षेत्र जहां मादक पदार्थों की खेती होती है, सुदूरवर्ती होने के साथ-साथ बिहार की सीमा से लगा भी हुआ है, वहां विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करें. मादक पदार्थ, सेवन के दुष्प्रभाव एवं अधिनियम की धाराओं संबंधी जनजागरुकता के लिए स्कूल-कॉलेजों में कार्यक्रम करने, सोशल मीडिया, बैनर एवं परंपरागत मीडिया के माध्यम से जागरुकता के लिए प्रचार-प्रसार करने का निर्देश जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को दिया. वहीं सिविल सर्जन को नशा मुक्ति केन्द्र में सभी आवश्ययक सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं गतिशील रखने का निर्देश दिया गया. समाज कल्याण विभाग के माध्यम से एनजीओ की ओर संचालित केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, संचालन आदि को चाक-चौबंद रखने, मॉनिटरिंग एवं निगरानी का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया.

जंगल में फंदे से लटकता महिला का शव बरामद

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र स्थित हटकोना जंगल में दुपट्टे से लटकता एक महिला का शव बरामद हुआ है. महिला की पहचान हटकोना निवासी महादेव सिंह भोक्ता की पत्नी छबीली कुमारी (22 वर्ष) के रूप में हुई है. सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग भेज दिया. इधर पुलिस पुलिस ने हत्या के आरोप में महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं परिवार के अन्य सदस्य घर छोड़कर भाग गये हैं. जानकारी के अनुसार, छबीली कुमारी 15 सितंबर शाम 5 बजे से लापता थी. छबीली कुमारी के पति ने महादेव सिंह भोक्ता ने एक दिन बाद अपनी सास को इसकी जानकारी दी. लापता की जानकारी मिलते ही महिला के मायके वाले तलाश में जुट गये, लेकिन कुछ पता नहीं चला. इसके बाद 17 सितंबर को कटकमसांडी थाना में गुमशुदगी की की रिपोर्ट दर्ज करायी. इसी बीच पुलिस को जंगल में एक महिला के शव लटके होने की सूचना मिली. पुलिस ने संदेह के आधार पर महिला के पति को पूछताछ के लिए थाने में हिरासत में ले लिया. पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी. मालती देवी ने शव की पहचान अपनी बेटी छबीली कुमारी के रूप में की और अपने दामाद महादेव सिंह भोक्ता, उनके पिता शिवनाथ सिंह भोक्ता और बेटी की ससुराल के अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी.

लापरवाही या अनदेखी

बरही का मुक्तिधाम, जहां पानी के लिए भी तरसते हैं लोग

चहारदीवारी-पेयजल की हो शीघ्र व्यवस्था : सिंकी

नवीन मेल संवाददाता

बरही । विकास के किरणों से दूर बरही नदी स्थित मुक्तिधाम पूरी तरह उपेक्षित है. जो अपनी बदहाली की आंसू बहाने के लिए मजबूर है. बरही पश्चिमी पंचायत अंतर्गत श्मशान और कब्रिस्तान दोनो आस पास अवस्थित है. जहां हिंदू या मुस्लिम जीवन के अंतिम सत्य के लिए पहुंचाए जाते है. विडंबना है कि दूसरो को शांति देने वाला यह घाट आज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है. अंतिम यात्रा में शामिल लोगो के लिए पीने का पानी भी इस स्थल पर मयस्सर नहीं होते है. सनातन धर्म के अनुसार मुखाग्नि के पूर्व स्नान की विधि है, परंतु स्नानागार के अभाव में कचड़े जैसे नदी की पानी से ही नहाना पड़ता है. अंतिम यात्रा में शामिल थके हारे लोगो के लिए बैठने के लिए विश्रामगार तो बनाए गए है. जिसे भी लोग अंतिम क्रिया के कर्मों के बाद सफाई करवाना भी उचित नहीं समझते है. नतीजा मुक्तिधाम के चारों ओर गंदगी का अंबार है. जिससे न केवल परिसर गंदा रहता है अपितु पूरा क्षेत्र झाड़ियों में तब्दील नजर आता है. जानकारी के अनुसार बरही के समाजसेवियों की मदद से दो शवदाह हेतु दो शय्या बनाए गए है. पीसीसी पथ होने के बाबजूद भी परिसर स्थल की दयनीय अवस्था विषम परिस्थिति में पहुंचने वालों के लिए पीड़ादायक साबित होता है. वार्ड सदस्या सिंकी कुमारी ने जनप्रतिनिधियों या पदाधिकारियों से जनहित को देखते हुए मुक्तिधाम स्थल की चहारदीवारी, परिसर स्थल में पेबर्स ब्लॉक के साथ पेयजल व्यवस्था की मांग की है.

सीएससी में आरपीएफ का छापा, संचालक को हिरासत में लिया

हजारीबाग। विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत बनासो बाजार के सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में रविवार को आरपीएफ की टीम ने छापेमारी की. इसके बाद सीएससी के संचालक अहमद जियाऊल मुस्तफा को हिरासत में ले लिया गया. आरपीएफ की टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक अरुण राम ने बताया कि जियाऊल पर निजी आईडी पर रेल टिकट बनाकर बेचने का आरोप है. इसी को लेकर सीएससी पर छापेमारी की गयी. बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय रेल अधिनियम 143 के तहत मुकदमा दायर किया गया है. छापेमारी दल में अरुण राम के अलावा अपराध असूचना शाखा धनबाद के निरीक्षक मो शाहिद खान, उप निरीक्षक राजेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक एच के तिवारी, प्रधान आरक्षी अनिल कुमार रजक, आरक्षी भगवान ओझा, धनंजय राम और विनय कुमार शामिल रहे.

हरितालिका तीज: महिलाओं ने रखा 24 घंटे का निर्जला व्रत

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। अखंड सुहाग की कामना को लेकर सोमवार को सुहागन महिलाओं ने हरितालिका तीज व्रत किया । वहीं अचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना कराई। महिलाओं ने भी सोलह श्रृंगार से युक्त होकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। साथ ही अखंड सौभाग्य की कामना की।थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थलों एवं घरों में भी तीज पर्व का आयोजन किया गया। इधर तीज को लेकर घरों में उत्साह का माहौल बना रहा। लोग पर्व की तैयारी व पूजन आदि में जुटे रहे। इधर हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से तीज पर्व पर पूजा-अर्चन की। शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर बड़ी श्रद्धा एवं उल्सास के साथ पूजा-अर्चना की गई। वहीं आचार्य के द्वारा हरितालिका तीज व्रत की कथा भी सुनाई गई। साथ ही इस व्रत करने के विधान व लाभ के बारे में भी बताया। थाना स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण की पुजारी सोमनाथ मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरतालिका तीज करने से महिलाओं के पति दीघार्यु होते हैं और साथ-साथ घर में सुख समृद्धि और बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहता है प्राचीन काल से लगातार हरतालिका तीज की व्रत होते आ रही है और इधर थाना मंदिर में 18 वर्षों से सामूहिक रूप से इसको किया जा रहा है मौके पर सुहागिन स्त्रियों ने एक दूसरे की मांग भरकर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। वहीं दूसरी ओर केरसई प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों और शक्ति स्थलों सहित घरों में भी अखंड सौभाग्य, आस्था एवं सुहाग के पावन पर्व हरितालिका तीज पर सुहागिन महिलाएं सोलह ऋंगार कर दिन भर निर्जल व्रत रखकर पुरे भक्ति भाव से पति के लंबी उम्र की कामना के साथ शिव गौरी का पूजन किया। इस मौके पर श्री नर्मदेश्वर महादेव शिवालय केरसई में आचार्य नवीन मिश्रा द्वारा हरितालिका तीज की विधिवत पूजन, मंत्रोच्चार एवं कथा श्रवण किया गया। पूजनोपरांत महिलाओं ने शिव भजन और सुहाग के गीत भी गाए। तीज व्रत के दौरान मां पार्वती-शिव परिवार को स्नान-अर्चन के बाद व्रती महिलाओं ने दूध, दही, घी, मधु, शर्करा और सफेद मिष्ठान युक्तभोग लगाकर यथायोग्य विभिन्न प्रकार के आभूषण और नव वस्त्र अर्पित किए। पति की लंबी उम्र के लिए हरितालिका तीज व्रत करना सुहागिनों की परंपरा रही है। कथा श्रवण के बाद संध्याकाल में पुरे भक्ति भाव से पूजन किया गया एवं पूजन में ढेरों श्रद्धालु माताएं उपस्थित रहीं।

जलडेगा में पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

जलडेगा : थाना क्षेत्र के बड़कीटांगर झरिया डीपा गांव के सड़क पर पत्थर से कूच कर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक के सिर को बुरी तरह पत्थर से कूच दिया गया है। घटना रविवार रात 7 बजे लगभग की बताई जाती है। पुलिस ने शव की पहचान मंगल बाघवार उर्फ ढेमा, 30 वर्ष, पिता बुधु खड़िया झरिया डीपा निवासी के रूप में की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दिन में ही मंगल बाघवार अपने घर से जलावन लकड़ी बेचने गांव के साप्ताहिक बाजार गया था, देर शाम घर वापस नहीं होने पर उसकी पत्नी छोटे छोटे दो बच्चों के साथ अपने पति मंगल को खोजने निकल गई। घर से लगभग पांच सौ मीटर जाने पर बीच सड़क में पति का शव पड़ा देख, पत्नी ने देर रात ही गांव के लोगों के घटना के संबंध में जानकारी दी और देर रात ही ग्रामीणों के माध्यम से जलडेगा थाना को जानकारी दिया गया। सूचना उपरांत सोमवार अहले सुबह थाना प्रभारी हीरालाल महतो दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से एक बड़ा पत्थर को भी जब्त किया है जिस पत्थर से युवक की बेरहमी से कूच कर हत्या की गई थी। मृतक की पत्नी ने बताया कि पति की हत्या बदले की भावना से किया गया है।

गोहबेड़ा में गौ हत्या मारपीट मामले में आदिवासी समुदाय ने दिया धरना

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बानाबीरा के गोहबेडा में गौहत्या के नामपर मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी 24 घंटे के अंदर करने की माँग को लेके समस्त आदिवासी समाज के लोगों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन नगर परिषद कार्यालय के सामने किया गया ।धरना सभा को संबोधित करते हुए शिशिर मिंज ने कहा कि 15 अगस्त को बजरंग दल और गौ रक्षा दल के लोग बानाबीरा गोहबेडा गाँव में आदिवासियों को गौहत्या करने का आरोप लगाते हुए कानून को हाथ में लेकर मारपीट किया गया किन्तु अभी तक गिरफ्तारी नहीं किया गया जो कि आदिवासियों को लेके प्रशासन का रवैया को दिखाता है। अजीत लकडा ने कहा कि इस तरह की घटना से यह दिखता है कि हमें संगठित होने की जरुरत है। शांतिबाला केरकेट्टा ने भी कहा कि यह समय आदिवासियों के लिए दयनीय है। निल जस्टिन बेक ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही तथा मिली भगत के कारण आदिवासियों के सरंक्षण के लिए बने कानूनों के होते हुए भी आदिवासियों पर अत्याचार जारी है।डेविड तिर्की ने कहा कि अब आदिवासी चुप नहीं बैठेंगे, प्रशासन भेदभाव करना बंद करें।जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा आज तक नामजद आरोपियों की 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी नहीं किया जायेगा तो आंदोलन किया जायेगा। समरोम पौल तोपनो ने कहा कि वीर पुरुषों के वंशज हैं जरुरत पडने पर हम हथियार उठाने पर मजबूर होंगे। जिप परिषद अजय एक्का ने कहा कि जिले में कई ऐसी घटनाएं हुईं हैं जो दिखाता है कि आदिवासियों को षंडयंत्र के तहत फंसाने का काम हो रहा है। प्रदीप टोप्पो ने कहा कि अगर इस घटना के आरोपियों को 24 घंटा के अंदर गिरफ्तारी नहीं होने पर अर्थव्यवस्था ठप करेंगे तथा सामाजिक बहिष्कार पर भी विचार करना होगा। ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों को आज एक होने की जरूरत हैमंच संचालन अमन नियेल सोरेंग ने किया। मौके पर धरना प्रदर्शन के बाद उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी दिया गया। मौके पर अगुस्टीना सोरेंग, शीतल एक्का, उर्मिला केरकेट्टा, विपिन तिग्गा, जॉन्सन मिंज, निलेश मिंज, समीर कुल्लू, लीला नाग, प्रतिमा कुजूर, अनमोल तिर्की, आदि उपस्थित थे।

कोडरमा : महिला ने तीन युवकों पर घर में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप

कोडरमा। मरकच्चो थाना क्षेत्र के मध्य पंचायत के प्रेमनगर निवासी बैजन्ति देवी ने जामू गांव के तीन युवकों पर घर घुसकर मारपीट, गाली गलौज करने का आरोप लगाया है. इस संदर्भ में मरकच्चो थाना में आवेदन दिया गया है. आरोपियों में रूपम यादव, शुभम यादव और राहुल साव के नाम शामिल हैं. दिए गये आवेदन मे महिला ने बताया है कि तीनों युवक उसके घर के सामने शराब पी रहे थे और हो हल्ला कर रहे थे. हो हल्ला की आवाज सुन जब उसके भैसूर सिकंदर सिँह ने उन लोगों को वहां से जाने को कहा. तभी तीनों युवक उसके भैसूर को मारते हुए घर के अंदर आ गए और गाली गलौज करते हुए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की. हो हल्ला सुन जब राहगीर वहां जमा हुए तो तीनों युवक भाग निकले. फिलहाल पुलिस ने आवेदन के आलोक मे मामला दर्ज कर लिया है. एक युवक राहुल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

कई जगहों पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

कोडरमा। विश्वकर्मा पूजा पूरे मरकच्चो प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई. प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर क्रेशर व खदान, बॉडी गैरेज, ग्रिल गेट दुकानदार, बिजली पावर सब स्टेशन, संचालकों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई. चमारों, सिंघपुर, पहाड़पुर क्रेशर मंडी में विश्वकर्मा पूजा की धूम देखी गई. वहीं खटोलिया क्रेशर मंडी में खदानों के लीज अवधि समाप्त हो जाने के कारण सभी क्रेशर बंद पड़े रहने के कारण वहां वीरानी थी. इसके अलावा प्रखंड के पसियाडीह स्थित गांव में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा प्रतिमा स्थापित कर हर्षो उल्लास के साथ पूजा अर्चना की गई. वहीं कमेटी के सदस्यों के द्वारा बंगाल से आर्केस्ट्रा टीम बुलाई गई थी. आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक डांस व संगीत प्रस्तुत कर महफिल लूट ली. मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे.

सदर अस्पताल में बिजली नहीं होने से टॉर्च की रोशनी में काम कर रहे स्टाफ

कोडरमा। सदर अस्पताल में कई दिनों से बिजली नहीं होने के बाद भी जनरेटर स्टार्ट नहीं किया जाता है. जिस वजह से ब्लड बैंक कर्मी टॉर्च की रोशनी में काम करने को विवश हैं. इस तरह की स्थिति अमूमन प्रतिदिन बनी रहती है. जिस वजह से ब्लड बैंक में संग्रह किए हुए रक्त जो फ्रिजों में रखे हुए होते हैं. उसके खराब होने की संभावनाएं बढ़ जाती है. इसको लेकर रक्तदाताओं को जागरूक करने वाली सामाजिक संगठन टीम के जिला संयोजक सह जिला वॉलंटरी ब्लड डोनर संगठन के कोषाध्यक्ष अली हैदर (बंटी) ने स्वास्थ्य विभाग से सदर अस्पताल में बिजली सुचारू रूप मिले इसकी व्यवस्था करने की मांग की है. बंटी ने कहा कि शिकायत मिल रही है कि काफी देर-देर तक लाइट कटने के बावजूद भी जनरेटर नहीं चलाया जा रहा है. अगर ऐसा ही रहा तो ब्लड बैंक में रखा रक्त खराब हो सकता है. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और सिविल सर्जन से लाइट कटने पर अविलंब जेनरेटर चालू कर बिजली व्यवस्था सुचारू रखने की मांग की है, ताकि ब्लड सुरक्षित रह सके और अस्पताल कर्मी ठीक से अपना काम कर सकें.

भेलवाडीह में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला

नवीन मेल संवाददाता

पाकरटांड़। भेलवाडीह में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। इसके बाद जोसिमा खाखा ने स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य संबंधी लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। मेला में लोगों को विभिन्न तरह की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य मेले में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिद की जांच, आंख, कान, नाक एवं गले की जांच की सुविधा मुहैया कराई गई। इसके अलावा दंत चिकित्सा, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच की सुविधा भी उपलब्ध रही। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से गांव के अंतिम ब्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण स्वास्थ्य मेला में पहुंचे और स्वास्थ्य जांच कराते हुए चिकित्सीय सलाह लें। उन्होंने कहा कि मेले के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार और विधायक भूषण बाड़ा लगातार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं। गांव गांव में स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों को दुरुस्त करते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा ने जिले के कोने-कोने में रह रहे लोगों तक व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत बचाव और जागरूकता से लेकर प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं कैसे सुनिश्चित हों, इसकी पूरी व्यवस्था किया जा रहा है। उनका लक्ष्य यह है कि जिले के हर कोने में रह रहे जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, बीडीओ शक्ति कुंज, एमओवाईसी डॉ सजल जड़िका, रविकांत कुमार, प्रतिमा कुजूर, लीला नाग आदि उपस्थित थे।

विधायक विजेता टीम को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। प्रखण्ड के ओड़गा ढ़ोढ़ीबहार में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जहां मुख्य अतिथि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए । फुटबॉल के फाइनल जलडेगा मेडिकल टीम एवं उड़िसा गोटिया फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। जिसमें गोटिया फुटबॉल क्लब उड़िसा एक गोल से विजय प्राप्त किया। विधायक ने खेलाड़ियों एवं दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज खेल का महत्व हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शारीरिक रूप से, शिक्षा के क्षेत्र में, रोजगार के क्षेत्र में,मन मस्तिष्क के विकास में। क्यों कि जब खेल मैदान में खेलाड़ी उतरता है और मैदान में दौड़ लगाता है तो शरीर को स्फूर्ति,शरीर को मजबूती एवं स्वांस नली को स्वच्छ बनाता है। खेलाड़ियों को शिक्षा ग्रहण करने के समय नामांकन में आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाता है।उसीसे रोजगार का भी सृजन होता है।और आज झारखण्ड सरकार खेलाड़ियों को नौकरी में आरक्षण देकर नौकरी देने का कार्य किया जा रहा है। इसलिए खेल का महत्व हर क्षेत्र में है। इसलिए सरकार का बजट खेल का बहुत अधिक होता है।

सिमडेगा में धूमधाम से मनेगा गणेश चतुर्थी

सिमडेगा। जिला मुख्यालय और प्रखंडो में श्री गणेश पूजा की तैयारी पूरी ली गई है। शहर के श्री रामजानकी मंदिर परिसर, नीचे बाजार, ठाकुरटोली, प्रिंस चौक आदि इलाकों में पूजा पंडालो का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। यहां आज भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाएगी। शहरी क्षेत्र से लेकर हर ओर युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यूवा वर्ग महीनों पूर्व से जगह जगह मूर्ति स्थापित करने के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे थे। इधर मशहुर मूर्तिकार अपने सहयोगी के साथ भगवान गणेश जी की विभिन्न मुद्राओं में आकर्षक मूर्ति का निर्माण कर चुके हैं। पुरुलिया से आए मूर्तिकार बीबी सूत्रधार ने बताया कि कोविड के कारण तीन साल प्रतिमा की बिक्री नहीं हुई थी। उन्होंने बताया कि वे सिमडेगा में पिछले 25 वर्ष से वे प्रतिमा बना रहे हैं।

प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ ने की सफाई

कुरडेग। प्रखण्ड कार्यालय परिषर में बीडीओ ज्ञानमणि एक्का के नेतृत्व में साफ सफाई अभियान चलाया गया इस साफ सफाई अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साफ सफाई में जुटे लोगों को देखकर कहा जा सकता है कि साफ सफाई के प्रति लोग जागरूक होने लगे हैं । गौरतलब हो भारत सरकार ने ₹स्वच्छता ही सेवा है₹ की शुरूआत की है इसी के तहत झारखण्ड में भी 15 सितम्बर से 2 अक्टुबर गाँधी जयंती तक लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान बीडीओ ज्ञानमणि एक्का ने कहा कि जितने भी सार्वजनिक संस्थाएं हैं वहाँ स्वच्छता संबंधी कार्य कराये जा रहें हैं कुरडेग प्रखण्ड के हर गाँव, पंचायत , कस्बे और स्कूल में यह अभियान चलाया जा रहा है उन्होने कहा कि यह जागरूकता अभियान है इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिए जाने की कोशिश की जा रही है कि लोग जहाँ भी रहे वहाँ स्वच्छता बनाएं रखें ।

विश्वकर्मा योजना में दिल्ली पहुंची रानी मिस्त्री से दिल्ली में प्रधानमंत्री ने किया मुलाकात

सिमडेगा। विश्वकर्मा योजना लागू करने हेतु दिल्ली में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सिमड़ेगा जिले की 2 रानी मिस्त्री कमला देवी जो ठेठईटांगर के तरबोगा पुरनाडीह एवं प्रफ्फुलित कुजुर जो पाकरटांड़ के क्रुसकेला भेलवाडीह सरईटोली को कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा इन दोनों रानी मिस्त्री के द्वारा जोड़ाई कार्य करते हुए इनसे वातार्लाप की गई इनसे पूछा कि आपलोग कैसे रानी मिस्त्री बनी तथा इनके द्वारा बतलाया गया कि 2017 से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिले में शौचालय निर्माण कार्य कराया जा रहा था तब ग्राम की महिलाओं को कल्याण गुरुकुल सिमड़ेगा में मिस्त्री का प्रशिक्षण देकर निर्माण कार्य मे लगाया गया तब से जिले की सैकड़ों महिलाएं मिस्त्री का कार्य करने लगी। इन्हें प्रधानमंत्री जी के द्वारा कहा गया कि आपलोग बढ़िया से कार्य करें एवं औरों को भी रानी मिस्त्री के कार्य के लिए प्रेरित करें सरकार के द्वारा विश्वकर्मा योजना की शरुआत की जा रही है इससे सभी को उनके कार्य में प्रशिक्षण देते हुए दक्ष किया जायेगा एवं वित्तीय मदद हेतु अपने कार्य को कुशलता से करने के लिए वित्तीय सहायता भी दिया किया जाएगा। सिमडेगा जिला में कार्य करने वाली महिला मिस्त्री को तत्कालीन उपायुक्त जटाशंकर चौधरी के द्वारा इन्हें रानी मिस्त्री का नाम दिया गया।

संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर हुई बैठक

कोलेबिरा। कोलेबिरा बिधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा संयोजक टोली की बैठक की गई। जिसमें आगामी 20 सितम्बर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कोलेबिरा आम बगान में होने वाले ऐतिहासिक संकल्प रैली को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। मौके पर कोलेबिरा बिधानसभा संयोजक भोला साहू ने कहा कि कोलेबिरा में संकल्प रैली ऐतिहासिक होगी, इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है ।भाजपा कार्यकताओं एवं आम जनता में संकल्प यात्रा को लेकर भारी उत्साह है।मौके पर संकल्प यात्रा सह सयोंजक सुजान मुंडा ,मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ,सांसद प्रतिनिधि चिंतामणी कुमार ,पूर्व प्रत्यासी डॉ महेंद्र भगत, रोहित कुमार साहू ,रुपधर सिंह , दिलेश्वर सिंह ,जनेश्वर बिरहोर , मुकेश श्रीवास्तव, कृष्णा दास मौजूद थे ।

18वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर पुरुष एवं बालिका हॉकी टूर्नामेंट का हुआ फाइनल मैच

सिमडेगा। हॉकी सिमडेगा द्वारा 29 अगस्त से 17 सितंबर तक 2023 वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर हॉकी टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया।टूनार्मेंट का फाइनल मैच खेला गया जिसमें महिला वर्ग के एसएस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा ने एसटीएस लचड़ागढ़ ए टीम को 4-1से पराजित कर विजेता बनी वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में लिटिल टाइगर ए टीम ने गोस्सनर कॉलेज सिमडेगा को 5-1से पराजित कर विजेता हुआ।वही पुरुष वर्ग में लिटिल टाइगर क्लब ए टीम विजेता, गोस्सन कॉलेज सिमडेगा उपविजेता तथा एसटीएस सिमडेगा तृतीय स्थान प्राप्त किया, महिला वर्ग में एसएस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा विजेता,एसटीसी लचड़ागढ़ ए उपविजेता और एसटीसी लचड़ागढ़ बी टीम तृतीय स्थान प्राप्त की।उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा ने विजेता उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किए।प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कुल 24 टीम और महिला वर्ग में 11टीमों में कुल 35 टीमों में 630खिलाड़ियों ने भाग लिया।उपायुक्त ने अपना संबोधन में कहा कि खेल एक दूसरे से सद्भावना सिखलाता है और और आपसी भेदभाव को दूर करता है हॉकी की नर्सरी सिमडेगा के चहुमुखी विकास में खेल और पर्यटन महत्वपूर्ण है जिला प्रशासन इस और विशेष प्राथमिकता से कार्य कर रहा है।

दिशा निर्देश | **डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक**

20 सितंबर से राष्ट्रीय कृमि दिवस अभियान शुरू

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय द्वारा जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।20 सितम्बर को जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस तथा मॉप अप दिवस 29 सितंबर 2023 को मनाया जाएगा।इस दौरान 1 से 19 वर्ष तक बच्चे, किशोर और नवयुवकों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 2 लाख 96 हजार बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी।उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिका, ए.एन.एम. सहित सहिया को इस कार्यक्रम को सफल बनाने कि दिशा में निर्देशित करने की बात कहीं। 6 से 19 वर्ष तक के बच्चों को स्कूलों में जाकर दवा खिलाई जाएगी। 1 से 2 साल के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली, 2 से 3 तक साल के बच्चों को एक गोली, 3 से 19 साल के बच्चों को एक गोली खिलाना है। स्वास्थ्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि अपने सामने ही बच्चों को दवा खिलाएं। उपायुक्त ने 20 सितंबर 2023 से प्रारंभ होने वाली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण और सामुदायिक जागरूकता, दवाई वितरण, सहिया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्कूल शिक्षकों के लिए दिशानिर्देश एवं मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उपायुक्त ने स्वास्थ विभाग को आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों में ससमय कृमि मुक्ति दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में डॉ. आनन्द खाखा, समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षाका एवं अन्य उपस्थित थे।

मजदूरों का धरना सेल जीएम के साथ वार्ता के बाद समाप्त

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
इंटक जिलाध्यक्ष सुशील चौबे ने नेतृत्व में सेल प्रबंधन भवनाथपुर से अपनी पांच सूत्री मांगो कों लेकर विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों एवं तुलसीदामर डोलोमाइट खदान समूह के मजदूरों का धरना सोमवार को तीसरे दिन सेल जीएम के साथ वार्ता के बाद समाप्त हो गया।

धरना के तीसरे दिन सेल के प्रशासनिक भवन में इंटक जिलाध्यक्ष सुशील चौबे, प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल पाठक, विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र साह, रामविजय साह व शंभु राम तथा सेल जीएम मनोज कुमार, खान प्रबंधक बी. पाणिग्रही, डॉ. विजय राम व थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के मांगो को लेकर वार्ता हुई। जहां इंटक जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विस्थापितों ने सेल प्रबंधन को अपनी पांच सूत्री मांग पत्र सौंपी, जिस पर प्रबंधन ने उनकी मांगो को सेल के उच्चाधिकारियों को लिखने का आश्वासन दिये जाने के बाद धरना को समाप्त किया गया। इससे पूर्व धरना स्थल पर मजदूरो को संबोधित करते हुए इंटक जिलाध्यक्ष सुशील चौबे ने कहा कि विस्थापितों एवं खदान समूह के मजदूरो का किये गए त्रुटिपूर्ण रिट्रीचमेंट समाधान हेतु कई बार विस्थापितों व खदान मजदूरो द्वारा सेल प्रबंधन को अवगत कराया जा

चूका है, जिसमे यह भी जिक्र है कि जब तक विस्थापितों एवं खदान समूह के मजदूरों की समस्याओं का निदान नही हो जाता, तब तक सेल में किसी प्रकार की नीलामी (ऑक्शन) पर रोक लगाते हुए ऑक्सन के तहत लिए गए स्क्रैप के परिवहन पर पूर्णतः रोक लगाई जाए। इसके बावजूद सेल प्रबंधन हमारी मांगो की अनदेखी किया जा रहा है, जिसे किसी कीमत पर बर्दास्त नही करेंगे। उनकी मांगो में तुलसीदामर डोलोमाइट व घाघरा चूना पत्थर खदान चालू कर विस्थापित परिवार व मजदूरो को रोजगार उपलब्ध कराई जाए। तुलसीदामर खदान के मजदूरो का किये गए त्रुटिपूर्ण रिट्रीचमेंट प्रक्रिया में सुधार कर सभी प्रकार के मजदूरो का लेंथ ऑफ सर्विस के अनुकूल रिट्रीचमेंट बेनिफिट, ग्रेच्यूटी तथा अन्य लाभ जोड़ कर दिया जाए। खदान बंद की स्थिति में भवनाथपुर के सभी विस्थापितो की जमीन वापस कराई जाए। भवनाथपुर खदान के मजदूरो एवं विस्थापितों के समस्याओं का जब तक समाधान नहीं हो जाता, तब तक किसी भी प्रकार नीलामी प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए नीलामी में हुए स्क्रैप के परिवहन पर भी रोक लगाई जाए। खदान समापन योजना पर रोक लगाते हुए भवनाथपुर टाउनशिप आवासीय परिसर के किसी भी क्वार्टर को ध्वस्त करने की योजना पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र साह, सिंदुरिया मुखिया नंदलाल पाठक, रामविजय साह, कृष्ण साह, विजय महतो, खदान समूह के मजदूर शंभु राम, अजय राम, ललू चंद्रवंशी, शनिचर अगरिया, रामवृक्ष पाल, बिंदु भुंइया, भिखारी सिंह, रमापति देवी, उर्मिला कुंवर सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

एक खपरैल घर ध्वस्त कर फसलों को किया बर्बाद

एक ही रात में दो गांवों में जंगली हाथियों ने मचाया जमकर उत्पात

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
थाना क्षेत्र में इन दीनों हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है, जिसका खामियाजा आम ग्रामीण व किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अभी तक कई गरीब परिवार घर से बेघर भी हो चुके हैं। वन विभाग दावा करती है कि पीड़ितों को जल्द से जल्द मुआवजा मिलेगा, लेकिन बता दूं कि पिछले साल भी थाना क्षेत्र के कई गांव में हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया था लेकिन विभाग के द्वारा अभी तक पीड़ितों को कोई मुआवजा की राशि नहीं दी गई है।

वहीं बीती रात थाना क्षेत्र के पाल्ले गांव व हेताकला गांव में हाथियों ने पहुंच कर जमकर तांडव मचाया। दर्जनों की संख्या में हाथियों ने पाल्हे गांव में करीब 12:00 बजे रात में पहुंचकर

किसान फुलवासी देवी, बनवारी प्रसाद गुप्ता के 1 एकड़ में लगी धान व मक्के की फसलों को रौंद डाला। वहीं उक्त गांव निवासी पार्वती देवी का खपरैल घर भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे परिवार बेघर हो गया है। फूलवासी देवी का खपरैल घर पिछले साल भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था लेकिन अभी तक इस गरीब लाचार परिवार को विभाग के द्वारा किसी भी तरीके की कोई सहायता राशि नहीं दी गई है। वहीं हाथियों ने हेताड़ कला गांव में पहुंचकर 10 किसानों के खेतों में लगी फसल धान मक्का तील, सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिन किसानों का फसलों का नुकसान हुआ है उनमें बुधन सिंह, गोवर्धन सिंह, बैजनाथ सिंह, तेजू सिंह,देवनारायण सिंह, महावीर कोरवा, विजय सिंह, सीतलाल सिंह, कवलपतिया देवी, सुरेंद्र सिंह, का नाम शामिल है। वहीं किसानों ने विभाग से जल्द से जल्द मुआवजे की मांग की है। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथियों के द्वारा लगातार हो फसलों को बर्बाद करने की सूचना मिली है। उक्त गांव में विभाग की टीम ने पहुंचकर बर्बाद हुई फसल व क्षतिग्रस्त मकान का मुवाना कर रही है। पीड़ितों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से निश्चित रूप से मुआवजे की राशि दी जाएगी। फिलहाल जब तक हाथी क्षेत्र से भाग नहीं जाते हैं तब तक ग्रामीण सतर्क रहें।

पूर्व विधायक तिवारी के बयान पर भड़कीं महिलाएं

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। झामुमो में महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने उस वीडियो में तिवारी के बयान को महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक बताई है। उस वीडियो में दिए गए बयान से झामुमो महिला मोर्चा काफी आक्रोशित है। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि पूर्व विधायक का बयान से सिर्फ गढ़वा ही नहीं पूरे देश की महिलाओं का अपमान हुआ है। या तो वे 24 घंटे के अंदर माफी मांगे, या महिलाओं के बारे में जो बयान दिए हैं उस महिला और उस व्यक्ति का नाम उजागर करें। अन्यथा सभी महिलाएं उनके घर का घेराव करेंगी। उससे भी आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। चौबे ने प्रेस कांफ्रेंस कर रही थी।

चौबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का बयान महिलाओं के प्रति काफी अभद्र है। वे महिलाओं को पैर की जूती नहीं समझे। जो बयान जिसके बारे में दिए हैं उसे महिला और पुरुष का वह नाम उजागर करें या माफी मांगे। उनके बयान से गढ़वा ही नहीं,

24 घंटे के अंदर माफी नहीं मांगी तो होगा उग्र आंदोलन : रेखा चौबे

बल्कि पूरे राज्य एवं पूरे देश की महिलाओं का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और महिला सुरक्षा आदि का नारा लगती है। जबकि भाजपा के पूर्व विधायक महिलाओं के प्रति ही अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। तिवारी का बयान इतना अभद्र है कि उसे दुहराया नहीं जा सकता है। उनके बयान से पूरे महिला जगत में काफी आक्रोश है। तिवारी अक्सर इस तरह के बयान देते रहते हैं। एक बार के बयान में तो उन्होंने अपनी पत्नी को भी नहीं बक्शा। मीडिया के सामने उन्होंने कहा था कि यदि मेरी पत्नी सिंदूर नहीं लगाएगी तो क्या वह मेरी पत्नी नहीं कहलाएगी। यह शर्म की बात है। इस तरह के बयान देने वालों को डूब मारना चाहिए। मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, मेराल प्रखंड के अध्यक्ष अराधना सिंह, सचिव रेखा पाठक, रजनीगंधा देवी, वंदना श्रीवास्तव उपस्थित थी।

राशन नहीं देने पर डीलर पर की कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता। मेराल
प्रखंड के संगवारिया गांव के डीलर दो माह के जगह पर एक माह का राशन देने से नाराज कायार्धारियों ने सोमवार को बीडीओ सह एमओ को उपायुक्त के नाम शिकायत पत्र सौंप कर डीलर बिहारी राम पर कार्रवाई करने की मांग की है। झामुमो नेता अतहर अली अंसारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्डधारियों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों का आरोप है कि डीलर दो माह का अंगूठा लगवा कर केवल एक माह का राशन दिया जा रहा है। डीलर द्वारा अगस्त एवं सितंबर महीने का केवल 5 किलो अनाज दिया जा रहा है। मौके पर कमलेश जोखू शाह, विश्वनाथ शाह, प्रसाद राम, सागर सिंह, विजय सिंह, संतोष राम, नीलकंठ कुमार, जितेंद्र सिंह, रीता देवी, सरिता देवी, सविता देवी, सुषमा देवी, ललती देवी, सीता देवी, कबूतरी देवी, प्रमिला देवी, अजय राम, रघुनाथ सिंह, उपेंद्र शाह, जोगीराम, संजय शाह, रमेश शाह, आदि मौजूद थे। इस संबंध में बीडीओ सह एमओ प्रवेश साव ने कहा कि डीलर को दो माह का पूरा राशन देने का निर्देश दिया गया है। पूरा राशन नहीं देने पर डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लोगों ने की डीलर को बर्खास्त करने की मांग

भवनाथपुर। समाज सेवी राजमोहन यादव के नेतृत्व में सैकड़ों राशन कार्डधरी लोगों ने अगस्त माह का राशन एवं धोती साडी कैलान पंचायत के डीलर रामजन्म सिंह द्वारा नहीं वितरित करने को लेकर बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो को आवेदन देकर शिकायत की। ग्रामीणों ने डीलर रामजन्म सिंह को बर्खास्त करने की मांग की। डीलर द्वारा प्रति व्यक्ति 2-3 केजी राशन काट लिया जाता था। अगस्त माह का राशन एवं धोती, साड़ी, लूंगी भी नहीं बांटा गया है। डीलर द्वारा राशन कार्ड खत्म करने की बात भी कही जाती है। अधिकतर कार्ड धारी आदिम जनजाति कोरवा परिवार से आते है अगर हमलोगों को वर्तमान में राशन नहीं मिलता है तो राशन कार्डधारी लाभुक भूखमरी के शिकार भी हो सकते हैं। अगर कार्रवाई नहीं की जाती है तो हम उपायुक्त से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। बीडीओ ने ग्रामीणों को जल्द राशन वितरण कराने का भरोसा दिया। मौके पर बरती देवी, कमला देवी, मानमती देवी, सुनीता देवी, कलावती देवी, संगीता देवी, प्रमिला देवी, सुनैना देवी आदि मौजूद थे।

असर : कार्डधारक पर कार्रवाई को लेकर डीएसओ का निर्देश

डंडाई। प्रखंड क्षेत्र के एक पारा शिक्षक को पत्नी व बच्चों के नामे राशन कार्ड बनवाकर डीलर की दुकान से खाद्यान्न का उठाव करना महंगा पड़ गया। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए डीएसओ राजीव रंजन के द्वारा उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। एमओ को भेजे अपने पत्र में डीएसओ ने कार्डधारक अनीता देवी के खिलाफ आवश्यक एवं दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एमओ चोनाराम हेंब्रम ने बताया कि मामले में उच्च अधिकारी का लिखित निर्देश प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि बहुत ही जल्द कार्ड धारक के खिलाफ आवश्यक एवं दंडात्मक कार्रवाई कर इसकी जानकारी उच्च अधिकारी को देने का काम किया जाएगा। मालूम हो कि प्रखंड मुख्यालय के डंडाई गांव स्थित पश्चिम आदिवासी टोला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत पारा शिक्षक दीनानाथ प्रसाद अपनी पत्नी अनिता देवी के साथ साथ अपने बच्चों के नामे राशन कार्ड बनवा कर वर्षों से डीलर की दुकान से खदान का उठाव करते आ रहा था। उक्त मामले को दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नविनमेल अखबार के द्वारा प्रमुखता से उठाने का काम किया था।

पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला तीज व्रत, की पूजा

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
तीज पर्व को लेकर महिलाओं ने सोमवार को निर्जला उपवास कर भगवान शिव एवं पार्वती की पूजा अर्चना कर पति की लंबी आयु का वरदान मांगी। इस दौरान महिलाओं ने पति की लंबी आयु, सुख सौभाग्य व आरोग्य की कामना की। प्रखंड के सभी तिज व्रतियों ने घर व शिवालयों में पूजा करने और कथा सुना। इसके पहले रविवार को महिलाओं ने तीज को लेकर फल, गोंझिया और पूजन सामग्री की खरीदारी की थी। बाजार में तिज पर्व को लेकर सभी फल व सिंगार दुकानों पर काफी भिंड देखने को मिला,कपड़े एवं सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी भी की।

महिलाओं ने किया हरितालिका तीज व्रत

केतार। केतार प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को हरितालिका तीज व्रत पुरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं में खास उत्साह देखा गया। पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर हरितालिका तीज व्रत पूरा किया और मंदिर में जाकर भगवन भोलेनाथ, पार्वती और गणेश की पूजा की। महिलाओं ने अपने अखंड सुहाग की सलामती रक्षा एवं पति की दीघार्यु की कामना की। हरितालिका तीज व्रत की कथा श्रवण करने के बाद महिलाओं ने ब्रह्मण को दान दिया।

धूमधाम से हरितालिका तीज मनाई गई

बारियातु। प्रखंड मुख्यालय सहित पुरे क्षेत्र में सोमवार को सुहागिनों ने अपने पति की दीघार्यु के लिए निर्जला रहकर व्रत रखा। साल्वे, टोंटी, अमरवाडीह, शिबला, गोनिया, बालुभांग, फुलसु व डाढ़ा पंचायत के कई गांव टोला के सोहागीनों ने अपने अपने पति के दिघार्यु एवं उनकी रक्षा के लिए धूमधाम से हरितालिका तीज व्रत का पुजा किया। इधर मुख्यालय के राममंदिर परिसर में सोहागीन चमेली देवी, पुष्पा देवी, करोया देवी सहित कई महिलाओं ने प्रोहित जनार्दन पांडे के अगुवाई में पूजा अर्चना की।

आयोजन | **आदिवासी महासभा के केंद्रीय कमिटी की हुई बैठक**

'संविधान का मखौल उड़ा रही सरकार'

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़
प्रखंड अंतर्गत गोठानी गांव स्थित जय प्रकाश मिंज के आवास पर रविवार को अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय कमिटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जे. पी. मिंज ने कहा कि इस समय देश एक राजनितिक उपापोह की स्थिति से गुजर रहा है। देश की केंद्र सरकार लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों को खत्म करने पर आमादा दिखालाई पड़ रही है। केंद्र सरकार के द्वारा लगातार संवैधानिक मूल्यों का मखौल उड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 2024 के चुनाव के मद्देनजर सांप्रदायिक माहौल खड़ा करने की

कोशिश की जा रही है। देश में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर सरकार मौन है। एक देश एक चुनाव की बात करके केंद्र सरकार ने अपने अधीनायकवादी प्रवृति को स्पष्ट कर दिया है। सामान अचार संहिता की बात कर केंद्र सरकार ने आदिवासियों एवं अन्य अल्पसंख्याकों के प्रति अपनी मंशा को स्पष्ट कर दी है। केंद्र की भाजपा सरकार अपने आदिवासी विरोधी नीति के कारण आदिवासियों के नजर से गिर चुकी है। उन्होंने ऐसी विषम परिस्थिति में आदिवासियों को एकजुट होकर केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान किया है। महासभा के महासचिव सुनील किस्पोट्टा ने संगठन के क्रिया कलापों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें एकांगी दृष्टिकोण से बचने कि आवशयकता है तथा संगठन के कार्यकताओं का दृष्टिकोण व्यापक एवं सोंच विश्व स्तरीय बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें केंद्रीय कमिटी से लेकर ग्राम कमिटीयों को गतिशील एवं संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे अर्जुन मिंज, मिलियानुस केरकेट्टा, सुनील मिंज, फिलिप कुजूर आदि उपस्थित थे।

पूर्व विधायक अनंत ने किया दुकान का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
शहर में मोबाइल सॉल्यूशन्स & इलेक्ट्रॉनिक्स का भव्य उद्घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, युवा नेता दीपक प्रताप देव, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने संयुक रूप से किया। शहर के धमनी पुल के समीप अनमोल कॉम्लेक्स में खुले दुकान में सभी कंपनियों के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों का रेंज का उपलब्ध है। प्रोपराइटर शिवेंदु चतुवेर्दी ने कहा कि दुकान में सभी रेंज का मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान उपलब्ध रहेगा। इस दौरान चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव गोपाल प्रसाद

जायसवाल, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, कांग्रेस महासचिव ओमप्रकाश चौबे उर्फ दिलु,मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार राम, अनूप निराला, सज्जन सिंह, विकाश स्वदेशी, रंजीत जायसवाल, रजनीकांत देव, डॉ जेके मौर्या, रोहित राय, राहुल रॉय, रवि कुमार, सौरभ पांडेय, दिनेश कुमार, राहुल जायसवाल, भाटिया तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त

कई दिनों से किया जा रहा बालू का अवैध खनन

भवनाथपुर। प्रशासन के मिली भगत से भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न गांव से होकर बहने वाली बगही नदी से पिछले कई दिनों से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे भवनाथपुर प्रखंड की लाइफ लाइन माने जाने वाली बगही नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। बालू का लगातार खनन से नदियों का जलस्तर काफी नीचे चल गया है, नदियां सूख चुकी है। इस कारण पालतू पशु एवं जंगली जानवरों को पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। भवनाथपुर प्रखंड के बगही नदी से प्रतिदिन 10 से 15 ट्रैक्टर बालू का अवैध तरीके से उठाव कर बालू का कारोबार किया जा रहा है। बालू कारोबारियों द्वारा प्रति ट्रैक्टर 2000 से 2500 भवनाथपुर बाजार सहित विभिन्न गांवों में खुलेआम बिक्री किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन की चुप्पी से बालू कारोबारियों का मनोबल बढ़ गई है और दिन के उजाले में भी अवैध तरीके से बालू का कारोबार कर रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि अवैध बालू खनन और बिक्री को रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जाएगा और ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

पशुपालक का आंख मुंह बांधकर दो बकरी लूटे

चिनिया। थाना क्षेत्र के बिलैती खैर गांव निवासी सह पशुपालक भिखूपाल को दो अज्ञात चोरों ने जंगलों में बलुआ दिखाकर व उसके आंख मुंह को बांधकर दो बकरी लेकर चलते बने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं भूक्त होगी भिखूपाल पिता स्वर्गीय जादिक पाल ने सोमवार को चिनिया थाने में पहुंचकर आवेदन देकर बकरी लूट की प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदक भीखू पाल बिलैती खैर गांव निवासी प्रत्येक दिन की तरह शनिवार को बकरी चराने के लिए छिपकली गांव के तोनला जंगल में गया हुआ था। तभी दिन के करीब 2:00 बजे एक अज्ञात व्यक्ति आकर बलुआ दिखाते हुए आंख मुंह बांध दिया तथा कहा कि हल्ला करोगे तो जान से मार देंगे। डर से चुप रहा। कुछ देर बाद में आंख खोला तो देखा कि दो बकरी लेकर वह भाग गया है, जिसकी कीमत 10000 है।

क्लब का गलत तरीके से गठन करने का आरोप

केतार। प्रखंड के छाताकुड़ गांव के ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर बगैर सुचना के सिद्धों- कान्हू खेल क्लब का गठन करने कि शिकायत की है। बीडीओ को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है की प्रज्ञा केंद्र संचालक रवि कुमार गुप्ता को सिद्धों कान्हू खेल क्लब में अध्यक्ष पद पर चयन किया गया है।जो सरा सर गलत है। इस खेल क्लब का गठन के लिए पंचायत समिति, सदस्य वार्ड सदस्य और ग्रामीणों को सुचना नहीं दी गई। वहीं चुनाव करने के निर्धारित तिथि के एक दिन बाद 15 सितंबर को खेल क्लब का गठन गुपचुप तरीके से किया गया है। ग्रामीणों ने बीडीओ से खेल क्लब को भंग कर पुनः खेल क्लब का गठन कराने का आग्रह किया है।इस सम्बन्ध में परती कुशवानी पंचायत के पंचायत सचिव अशोक कुमार ने कहा की खेल क्लब को भंग करने और पुनः गठन को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है, प्रखंड कार्यालय से निर्देश मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। आवेदन देने वालों में मनीष कुमार,ओम प्रकाश गुप्ता सहित अन्य लोग का नाम शामिल हैं।

रेलवे स्क्रैप के परिवहन पर लगाई गई रोक

भवनाथपुर। विस्थापित संघर्ष समिति एवं खदान समूह के मजदूरो के धरना प्रदर्शन के दौरान बढ़ते दबाव को देखते हुए सेल प्रबंधन ने ऑक्सन प्रक्रिया के तहत ले जाया जा रहा रेलवे स्क्रैप के परिवहन पर रोक लगाते हुए उक्त स्क्रैप को बिजली ऑफिस के परिसर में डंप करा दिया। जानते चलें कि सेल प्रबंधन द्वारा नीलामी प्रक्रिया के दौरान ऑक्सन के माध्यम रेलवे के स्क्रैप ले जा रहे एलपी ट्रक को रोकते हुए बीते शनिवार को विस्थापित संघर्ष समिति व खदान मजदूर टाउनशिप गोल चक्कर के समीप ही सेल प्रबंधन के खिलाफ धरने पर बैठ गए थे।

सड़क हादसे में घायल सिक्योरिटी गार्ड की मौत

चंदवा। रविवार की शाम करीब 6 बजे चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट गेट में ड्यूटी कर रहे सिक्योरिटी गार्ड रमेश प्रसाद (औरंगाबाद) को तेज गति से आ रही एक वैगनआर कार ने धक्का मार दिया जिससे वे गम्भीर रुप से घायल हो गये। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार के पश्चात उनकी गंभीरावस्था को देखते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। सोमवार की सुबह रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। इस संबंध में एस आई एस के स्थानीय इंचार्ज के द्वारा बताया गया कि गार्ड रमेश प्रसाद रविवार दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे कि शिफ्ट में ड्यूटी पर थे उसी क्रम में शाम करीब 6 बजे तेज गति में प्लांट कि मेन गेट पर कार (जेएच 01बी जेड/6868) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिसमें रमेश प्रसाद को गंभीर चोट आयी थी। एस.आई.एस के अनुसार उक्त कार में प्लांट में पदस्थापित सैप के जवान सवार थे। चंदवा पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

बड़गड़। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को एक दिवसीय प्रखंड अस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला परिसद सदस्य रूपंजली जयसवाल, संसद प्रतिनिधि आंनद सोनी, विद्यायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश, बीस सूत्री उपाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल,मुखिया जंगलपति लकड़ा, संदीप गुप्ता, मुख्य रूप से उपस्थित थे। शिविर में 574 मरीजों की जांच कर दवा वितरण किया गई। वहीं नियमित टीकाकरण के तहत 22 महिलाओं का टीकाकरण किया गया।

स्वास्थ्य मेले में 653 मरीज का हुआ इलाज

भवनाथपुर। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इसमें लगभग 653 मरीज का इलाज किया गया। उद्घाटन के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो, 20 सूत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, मुखिया बेबी देवी, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक आदि उपस्थित थे।

सीएचसी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रमना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोखुल प्रसाद, डॉक्टर पंकज कुमार डॉक्टर कैशर अहमद, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि एवं बीडीएम अनुरंजन पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मेले में 215 रोगियों का उपचार किया गया है।

प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर आवेदन

मेराल। प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 18 पंचायत समिति सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम को लिखित एवं हस्ताक्षरित आवेदन दिया है। विदित हो कि मेराल प्रखंड में कुल 26 बीडीसी सदस्य है जिसमें से उप प्रमुख सहित 18 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास के लिए आवेदन दिया है। पंचायत समिति सदस्यों का आरोप है कि प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी द्वारा मनमानी तरीके से काम किया जा रहा है। अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन देने वालों में उप प्रमुख निजामुद्दीन खान , तीसर टेटूका क उर्मिला देवी, तेनार बीडीसी जगदीश राम,मेराल पूर्वी के छाया कुमारी, अरंगी के प्रदीप सिंह,बिकताम के विनोद पासवान अरंगी पूर्वी के छठनी देवी, ओखर गड़ा पूर्वी के नाजिया बीवी, खोरीडीह के बबीता देवी, चेचरिया के उर्मिला देवी, चामा पूर्वी के अमीनुद्दीन अंसारी,गोंदा के राजाराम उरांव,मेराल पश्चिम के अंचला देवी आदि शामिल हैं।

ज्ञान की बात
राष्ट्रीय नवीन मेल

ईश्वर सिर्फ दिशा दिखा सकता है लेकिन उस पथ पर चलना, हमारा काम है और वास्तविकता में अगर आप चलना ही नहीं चाहते फिर आपका ईश्वर को दोष देना व्यर्थ है

- अज्ञात

शाबाश सविता...

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला के धालभूमगढ़ प्रखंड के कुकड़ाखुपी गांव की सविता महतो ग्रामीण महिलाओं के लिए एक उदाहरण बन गयी हैं। जीवन में आगे बढ़ने की चाह और आत्मनिर्भरता की ओर उठाये गए कदम ने उनके परिवार को समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। सविता की मेहनत और कार्यों की चर्चा आज पूरे गांव में होती है। यह कहानी झारखंड में पूर्वी सिंहभूम जिले की रहने वाली एक महिला की है। यह फिल्म की स्टोरी नहीं सच्चाई है। अपने पति की आर्थिक कठिनाईयों को देख कर प्रारंभिक दिनों में सविता काफी परेशान रहती थीं। गांव के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर पति किसी तरह से घर-परिवार का खर्चा चलाने को मजबूर था। शायद ऐसी विपरीत परिस्थिति किसी सामान्य परिवारों में होती, तो पति को अपनी पत्नी कई तरह का ताना भी सुनना पड़ता, लेकिन उस युवक की पत्नी ने गरीबी से नाराज होने की जगह ऐसा कदम उठाया, जिससे पूरे परिवार की तकदीर बदल गई। अब घर-परिवार में ऐसी खुशहाली आई कि वो पूरे गांव-समाज के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। सफलता की यह कहानी पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ प्रखंड के कुकड़ाखुपी गांव की सविता महतो की हैं। कुकड़ाखुपी गांव की सविता महतो की कहानी एक ऐसी सफल महिला की कहानी है जो स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आज रोजाना 800 से 1000 हजार रुपये कमा रही हैं। वह एक सिलाई मशीन और मूढ़ी बनाने की मशीन की मालकिन हैं। पति के साथ मिलकर मूढ़ी का उत्पादन कर रोजाना कमा रही हैं। सविता महतो का कहना है कि उनके पति प्रभात रंजन महतो पहले गांव में ट्यूशन पढ़ाकर परिवार का गुजारा करते थे। अचानक गांव में एक दिन जेएसएलपीएस की सीआरपी दीदी आयीं। सीआरपी दीदी ने महिला समूह और सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने राधा-कृष्ण महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने का फैसला किया। समूह से मिले ऋण से पहले उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी। इस सिलाई मशीन से घर पर ही कपड़े सीना शुरू कर दिया। इससे उन्हें कुछ कमाई होने लगी। उनका मानना है कि जेएसएलपीएस से उन्हें आजीविका का एक अच्छा स्त्रोत मिला है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। अब वह अन्य महिलाओं को भी स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करती रहती हैं। ऐसे में उदास और निराश हो चुकी हमारी कई बहनों के लिए सविता एक उदाहरण हैं। बस जरूरत है कि सरकार भी ऐसी महिलाओं को समय-समय पर प्रोत्साहित करती रहे। आज अपने राज्य में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस स्थिति में ऐसी प्रतिभाओं को सम्मान देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। बहरहाल प्रतिभा किसी की मुहताज नहीं होती। बस जरुरत है उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की सविता से आज की महिलाओं को बहुत कुछ सिखने की जरुरत है। अभावग्रस्त जिंदगी को अपनी प्रतिभा की बदौलत जिस प्रकार उन्होंने संभाला है, वह आज प्रत्येक उस महिला के लिए एक सबक हैं।

जीवन में आगे बढ़ने की चाह और आत्मनिर्भरता की ओर उठाये गए कदम ने उनके परिवार को समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। सविता की मेहनत और कार्यों की चर्चा आज पूरे गांव में होती है। यह कहानी झारखंड में पूर्वी सिंहभूम जिले की रहने वाली एक महिला की है। यह फिल्म की स्टोरी नहीं सच्चाई है।

देश का दावा कितना दमदार?

आलोक रंजन झा 'दिनकर'

दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होने जा रही है। साल 2011 के बाद यह पहला मौका है जब आईसीसी वर्ल्ड कप भारत में हो रहा है। टीम इंडिया ने आखिरी बार चैंपियन घर में ही बनी थी। इसके बाद दो मौकों पर भारत सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सका। ऐसे में हर भारतीय एक बार फिर अपनी सरजमीं पर 'कैप्टेन कूल' रोहित शर्मा से एमएस धोनी का इतिहास दोहराने की अपेक्षा कर रहा है। टीम इंडिया ने भी एशिया कप बेहतरीन अंदाज में जीतकर इस बात का ऐलान कर दिया है कि वह इसके लिए तैयार है! कुछ अन्य टीमें भी मजबूत चुनौती पेश करने की दिशा में आगे बढ़ती नजर आ रही हैं। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका काफी खतरनाक नजर आ रहे हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया का हालिया प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए वह बड़े टूर्नामेंट की टीम के रूप में जाना जाता है। केन विलियमसन न्यूजीलैंड के आईसीसी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के गौरवपूर्ण इतिहास को आगे लेकर जा रहे हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में पाकिस्तान और श्रीलंका की संभावना को भी खारिज नहीं किया जा सकता है। तमाम दावेदारों के बीच कितनी दमदार है भारत की दावेदारी? क्या कोच राहुल द्रविड़ की टीम 12 साल का सूखा समाप्त करेगी?

वर्ष 1992 और 2019 की तरह ही राउंड रॉबिन फार्मेट में खेले जाने वाले विश्व कप-2023 से पहले भारत ने एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से रौंद कर न केवल प्रतिद्वंद्वी टीमों के सामने अपनी मजबूत चुनौती पेश की है, बल्कि यह भी बताने की कोशिश की है कि महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले उसकी सभी चीजें सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। एक ईकाई के रूप में भारतीय दल काफी मजबूत नजर आ रहा है। भारतीय चयनकर्ताओं ने टीम में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और ऑलराउंडर का शानदार संतुलन बनाने का प्रयास किया है। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और सूर्य कुमार यादव के रूप में पांच विशुद्ध बल्लेबाज और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और ईशान किशन टीम में शामिल किए गए हैं, जो अपना दिन होने पर दुनिया के किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ कर रख सकते हैं। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी अपनी उच्चस्तरीय तेज गेंदबाजी से बड़े-बड़े दिग्गजों को धराशायी करने का माद्दा रखते हैं। गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या-शार्दुल ठाकुर और रविंद्र जडेजा-अक्षर पटेल के साथ एक विशेषज्ञ लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव भारतीय आक्रमण को बेहद खतरनाक बना रहा है। एशिया कप में टीम इंडिया की सफलता युवा जोश और अनुभव का तालमेल का ही परिणाम है। रोहित के साथ शुभमन की ओपनिंग जोड़ी शानदार साबित हो रही है। बांग्लादेश के खिलाफ जब भारत का टॉप ऑर्डर ढह गया, तो गिल ने न केवल अकेले मोर्चा संभाला, बल्कि टीम को जीत के करीब भी पहुंचाया। ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि 'पंजाबी पुत्तर' का यह जलवा क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर न दिखाई न दे! इसी तरह विराट कोहली, केएल राहुल और ईशान किशन भी अपनी धमक और चमक दिखाने को बेताब नजर आ रहे हैं। गेंदबाजी की बात करें, तो बुमराह और सिराज का दोहरा आक्रमण प्रतिद्वंद्वी खेमों में बेचैनी पैदा कर रहा होगा। वहीं एशिया कप के फाइनल में सिराज का पहले स्पेल में ही पांच विकेट लेना और पूरे टूर्नामेंट में कुलदीप यादव द्वारा अपनी इठलाती-बलखाती गेंदों पर बल्लेबाजों को नचाना भारतीय दल को रोमांचित कर रहा होगा।

वर्ल्ड कप-2023

हर भारतीय एक बार फिर अपनी सरजमीं पर रोहित शर्मा से एमएस धोनी का इतिहास दोहराने की अपेक्षा कर रहा है। टीम इंडिया ने भी एशिया कप जीतकर इस बात का ऐलान कर दिया है कि वह इसके लिए तैयार है!

इन दिनों

विश्वकप-2023 में अन्य टीमों की चुनौतियों पर नजर डालें, तो इंग्लैंड सबसे मजबूत नजर आ रहा है। पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स की संन्यास से विस्फोटक और बड़े शतक के साथ वापसी ने उसकी संभावना को कई गुना बढ़ा दिया है। भारतीय पिच पर स्टोक्स का शानदार रिकॉर्ड भी इस बात को साबित करता है। 2019 के रोमांचक फाइनल में न्यूजीलैंड के जबरे से जीत छीन लेने वाले कीवी मूल का अंग्रेज ऑलराउंडर टीम के खिताब की रक्षा करने के लिए सबकुछ झोंक देने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है। इसके अलावा भी इंग्लिश दल में कई ऐसी प्रतिभाएं हैं, जो अपने बल पर गेंद, या बल्ले, या फिर दोनों से टीम को जीत दिलाने का कौशल रखती हैं। अनुभवी बल्लेबाज जो रूट और स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर मोइन अली भारतीय परिस्थितियों में खतरनाक साबित होने की जबरदस्त क्षमता रखते हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका भी ठोस और आक्रामक बल्लेबाजों, खतरनाक तेज-स्पिन गेंदबाजों और ऑलराउंडरों के साथ एक बेहद संतुलित टीम के रूप में भारत आ रहा है। उसका भी हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में अपने प्रभावी खेल से उसने दूसरी टीमों को सावधान कर दिया है। कप्तान टेम्बा बावुमा अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रहे हैं। क्विंटन डी कॉक, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर के साथ हेनरिक क्लासेन बल्लेबाजी क्रम को गेंदबाजों का विनाशक बना रहे हैं। कागिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे, केशव महाराज और तबरेज शम्सी के रूप में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण आला दर्जे का प्रदर्शन कर रहा है। हमेशा की तरह कुछ अच्छे ऑलराउंडर भी टीम में शामिल हैं और अपनी छाप भी छोड़ रहे हैं। हालिया प्रदर्शन और भारतीय परिस्थितियां ऑस्ट्रेलिया की दावेदारी को थोड़ा कमजोर कर रही हैं, लेकिन अंतिम गेंद तक हार न मानने के जज्बे के कारण इस टीम को खारिज करने का जोखिम कोई नहीं लेना चाहेगा। स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस जैसे एक से बढ़कर एक बड़े नाम हैं, जो टीम को गर्त से निकाल कर विजयश्री तक ले जा सकते हैं। पाकिस्तान व श्रीलंका भी अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए बड़े दावेदारों को चौंका सकते हैं। दोनों के पास खासकर, गेंदबाजी में कुछ विशेष युवा प्रतिभाएं हैं, जो किसी भी टीम को मुश्किल में डालने का दम दिखा चुके हैं। शाहीन अफरीदी की अगुवाई में पाकिस्तान का पेस अटैक खतरनाक लग रहा है।

बहरहाल, क्रिकेट को अनिश्चितताओं का खेल कहा जाता है। ऐसे में कोई भी टीम अति आत्मविश्वास से बचना चाहती है। भारत को घरेलू मैदान पर भारी जन अपेक्षाओं के दबाव को प्रेरक शक्ति में बदलना होगा। सौभाग्य से दबाव का सामना करने के लिए भारतीय खिलाड़ियों के पास मानसिक रूप से बेहद मजबूत राहुल द्रविड़ हैं, जिनके पास खुद को और अपनी टीम को परेशानी से निकाल कर विजेता बनाने का विशाल अनुभव है। उम्मीद है जब टीम इंडिया 19 नवंबर को अहमदाबाद में शान से तिरंगा लहराएगी, तो उसके महान मार्गदर्शक को, एक महान कप्तान और महान खिलाड़ी के रूप में विश्वकप न जीत पाने का मलाल भी नहीं रह जाएगा!

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

जब किसी आत्मा को मानव शरीर में जन्म मिलता है तो वह आत्मा धर्मराज (यम) के दरबार में वचन देता है कि इस बार वह मानव जन्म के एकमात्र उद्देश्य को पूरा करेगा। वह तत्वदर्शी संत की शरण लेकर मोक्ष प्राप्त करने के लिए सतभक्ति अवश्य करेगा। लेकिन 21 ब्रह्मांडों के प्रभु ब्रह्म काल कसाई ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि जन्म के बाद आत्माएं त्रिगुणमयी माया में फंस जाती है। आत्माएं भगवान से किए गए अपने वायदे को भूल जाते हैं। शास्त्र विधि को त्याग कर मनमानी पूजा करने लगते हैं और अपने अनमोल मानव जन्म को बर्बाद कर देते हैं। मनुष्य जीवन के सतभक्ति करने के उद्देश्य को पूरा किए बिना मृत्यु के बाद खाली हाथ चले जाते हैं। धर्मराज (यम) के दरबार में चित्रगुप्त द्वारा लिखे गए कर्मों के आधार पर हर आत्मा के गुण और दोष का लेखा जोखा किया जाता है। तदनुसार उसे या तो पुरस्कृत किया जाता है या दंड दिया जाता है। आदरणीय गरीबदास जी महाराज अपनी अमृत वाणी के बताते हैं कि चित्रगुप्त के कागज मांही, जेता उपज्या सतगुरु सांई चित्र और गुप्त धर्मराज (यम) के दरबार में लेखक हैं जो हर आत्मा का गुप्त रूप से लेखा जोखा रखते हैं। ये दोनों सभी आत्माओं के कर्मों की एक गुप्त फिल्म तैयार करते हैं और उसकी एक प्रति धर्मराज (यम) के दरबार में तत्काल भेजते हैं। भगवान ने सभी आत्माओं में एक स्मृति भंडारण चिप लगा दी है जहां आत्मा का पूरा विवरण स्वतः दर्ज हो जाता है। भगवान के पास हर आत्मा के अनन्त जन्मों का रिकॉर्ड होता है। यह सब सतपुरुष कबीर परमेश्वर द्वारा बनाए गए विधान के अनुसार ही होता है। अब पाठकों में जिज्ञासा उत्पन्न हो रही होगी कि धर्मराज (यम) के दरबार में क्या होता है ? आइए इस पहलू को भी समझते हैं। ***(क्रमशः)***

जन्मदिन की नौटंकी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

इधर मोबाइल पर खिखियाती हुई सुरभि ड्रामा कंपनी की अध्यक्षा तोपना देवी लगी हुई थी। उधर बहुत जल्द जन्मदिन मनाने वाली झुनझुना साहित्य समूह की अध्यक्षा वयोवृद्धा तिलमिला देवी चने के झाड़ पर चढ़ने के लिए आतुर दिखाई दे रही थी। दोनों के बीच जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले साहित्य के नाम पर असाहित्यिक बतकही की झड़ी लगी हुई थी। तोपना देवी कहने लगीं - 'तिलमिला देवी जी! आप हमारी माँ जैसी हैं। माँ जैसी क्या सच में माँ हैं। किंतु आपके जन्मदिन वाले कार्ड में मेरा नाम नीचे डाल दिया है। मुझसे कहीं भूल-चूक हो गई क्या? यदि ऐसा कुछ है तो मैं भूल सुधारने के लिए किसी भी तरह की कीमत चुका सकती हूँ।' 'तोपना! तुम मेरी बेटी जैसी हो। यहाँ भूल-चूक का सवाल नहीं है। याद करो पिछली बार तुमने क्या किया था। तुम्हें अपनी दो कौड़ी की राष्ट्रीय गोष्ठी वाले कार्यक्रम में उस बुढ़ऊ लारटपकाऊ देव को बुलाना याद रहा और मुझे भूल गई। वह भी ऐसे बुढ़ऊ के लिए भूल गई जो हर दूसरी औरत को देखकर लार टपकाना नहीं भूलता। वह तो शुक्र मनाओ कि मैंने तुम्हारा नाम हटाया नहीं है। मैं तुम्हारी तरह नहीं हूँ। मेरे जन्मदिन के अवसर पर शॉल, फूलमाला और पानी की बोतलें देने वालों की झड़ी लगी हुई थी, बावजूद इसके यह सौभाग्य मैंने तुम्हें दिया। अब भी लगता है कि मैं तुम पर नाराज हूँ।' 'क्षमा चाहती हूँ तिलमिला जी! लेकिन आप जानती हैं कि हमारी संस्था साहित्य के प्रति समर्पित भावना से काम करती है। हम आए दिन लारटपकाऊ देव के जरिए चंदा लुटाने वाली संस्था से जुड़ते हैं। संस्थाओं के मालिक साहित्य के नाम पर अनाड़ी और बालाओं को निहारने में खिलाड़ी होते हैं। वे गोष्ठियों में बालाओं की सुंदरता का सौंदर्यपान करने जैसे महत्वपूर्ण साहित्यिक गतिविधि के लिए चंदा देते रहते हैं। अब आप ही बताएँ कि उनके स्थान पर आपको कैसे बुलाती? हमारी संस्था साहित्य के प्रति अत्यंत गंभीर है। हम सगे संबंधियों और साहित्यिक चोरों को प्राथमिकता नहीं देते, बल्कि साहित्य के लिए हरी पत्ती लुटाने वालों का स्वागत करते हैं।' 'खबरदार तोपना! तुम्हारी बातों से ईर्ष्या की बू आ रही है। तुम सगे संबंधियों के नाम पर मेरी बहू पुख्ता देवी पर अंगुली उठा रही हो। क्या तुम उसकी तरह मंच संचालन कर सकती हो? वह तो बिना लिखे अपनी अर्धमुस्कान से साहित्यिक माहौल लूट लेती है। क्या यह साहित्य की सर्वश्रेष्ठ सेवा नहीं है? जहाँ तक साहित्यिक चोरों की बात है, तो यह मत भूलो कि मूल लेखन से चोर लेखन बड़ा कठिन कार्य है। साहित्यिक चोरों को रचना को मूल से भटकाने, उससे बढ़िया बनाने और नकल को मूल से भारी दिखाने के लिए अपना सब कुछ झोंक देना पड़ता है। मेरे जितने भी प्रशंसक हैं, वे सब के सब जन्मजात खड़ताल धारी हैं। वे नारद की तरह नारायण-नारायण नहीं 'तिलमिला-तिलमिला' करते रहते हैं। कुछ मूर्ख होते हैं जिनके नाम का पानी पिला-पिलाकर सरकारी पाठ्यक्रमों में पढ़ाया जाता है। जिन समाचार पत्रों में हमारी एक अदद रचना नहीं छपतीं, उसमें उस नालायक की नियमित छपती रहती हैं। अंतरजाल पर उसके नाम की कड़ियाँ झिलमिलाती रहती हैं। फिर भी हम ऐसों को नाकारा समझते हैं। ऐसा इसलिए कि वह खड़ताल बजाना नहीं जानता है। साहित्यकार वह नहीं जो कलम चलाता है, बल्कि वह है जो खड़ताल बजाता है। तुम मेरे जन्मदिन के अवसर पर खड़तालधारियों द्वारा रचित ह्यचने के झाड़ पर तिलमिला देवी' पढ़ लेना तुम्हें मेरी हवा का पता लग जाएगा।' 'क्षमा चाहती हूँ तिलमिला जी! मैं अगली बार से ह्यतू मुझे बुला मैं तुझे बुलाऊँ' फार्मुले का उल्लंघन नहीं करूंगी। मैं नहीं चाहती कि इस फामुर्ले का उल्लंघन कर मंच पर पुष्प गुच्छ पाने, शॉल ओढ़वाने, स्मृति चिह्न थामने और राशि का पैकेट लेने के सुख से वंचित रहूं। आप इतनी बड़ी जुगाड़ू हैं कि आपसे गोष्ठियाँ आयोजित करवाने हेतु शुल्कदेय प्रशिक्षण का आयोजन करना चाहिए। भोजन के लिए एक्स को, हॉल के लिए वाई को, फलाना-ढिमका के लिए जेड को कैसे बकरा बनाना चाहिए यह कोई आपसे सीखे। सबसे जरूरी अपने कार्यक्रम में उसी को बुलाओ जो हमें बुलाता है। इससे साहित्यिक संतुलन बना रहता है।' 'तोपना! अब की न तुमने समझदारी वाली बात। याद रखो जो बजाता खड़ताल वह पाता सम्मान, चिह्न और फूल शॉल। लेकिन अब भी तुम एक बात भूल गई। जब भी कोई गोष्ठी आयोजित करना वहाँ यह चेतावनी लिखवाना मत भूल जाना - 'साहित्यिक लिक्खाड़ों का प्रवेश निषिद्ध है। वे ऐसी गोष्ठियों से दूर रहें।''

'तिलमिला देवी जी! आप हमारी मां जैसी हैं। मां जैसी क्या सच में मां हैं। किंतु आपके जन्मदिन वाले कार्ड में मेरा नाम नीचे डाल दिया है। मुझसे कहीं भूल-चूक हो गई क्या?

व्यंग्य

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

सामाजिक क्रान्ति का पर्व है गणेशोत्सव

रमेश सर्राफ धमोरा

भगवान गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता हैं। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के देवता की पूजा करते हैं। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नों के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नौ दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नौ दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाइयों के साथ मोदक चढ़ाई जाती है। जिसे चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डुओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया। महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगों मे अंग्रेजों के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगों में अंग्रेजों के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 में अंग्रेजों ने भारत में एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून में किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा।

त्योहार

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

आयुष्मान भारत से आयुष्मान भवः

डॉ. मनसुख मांडविया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2018 में आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की थी। इस योजना की शुरूआत राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के प्रावधानों के तहत 'सबको स्वास्थ्य' की परिकल्पना को साकार करने के लक्ष्य के साथ की गई थी। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के कोने–कोने में रह रहे लोगों तक व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत बचाव और जागरूकता से लेकर प्राइमरी, सेकेंडरी और टर्शियरी स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं कैसे सुनिश्चित हों, इसकी पूरी व्यवस्था हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर्स और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से की गई। मोदी सरकार का लक्ष्य यह है कि देश के हर कोने में रह रहे जन–जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही आयुष्मान भवः अभियान लॉन्च किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपीद मुर्मू ने 13 सितंबर, 2023 को इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जन आरोग्य योजना को जन–जन तक ले जाने, हर किसी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। कई तरह की बीमारियों की पहचान के लिए व्यापक स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की गई है। इनमें टीबी, हाइपरटेंशन, सिकल सेल डिजिज, मधुमेह आदि के लिए गांवों और शहरों में जांच अभियान चलाया जाना है।

आयुष्मान भवः का मूल लक्ष्य देश के 6.45 लाख गांवों और 2.55 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचने का है। ताकि लोगों के बीच इन योजनाओं को लेकर जागरूकता आए और वे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। हमारे प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 'अंत्योदय' के सिद्धांत के अनुकूल इस अभियान को तैयार किया गया है ताकि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के हर एक व्यक्ति को मिल पाए। सबको स्वास्थ्य के लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसमें अंग दान अभियान चलाना शामिल है। साथ ही स्वच्छता अभियान और रक्त दान अभियान जैसे कई और गतिविधियां चलाई जाएंगी। इस अभियान के तीन मूल आधार हैंः आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा और आयुष्मान मेला। इसके तहत समाज केंद्रित सोच के साथ जन–जन तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का काम किया जाएगा।

आयुष्मान आपके द्वार का यह तीसरा संस्करण है। पहले के दो संस्करणों के सफलताओं को यह आगे बढ़ाएगा। इसके तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में और तेजी लाई जाएगी। आयुष्मान सभा के जरिए गांवों के स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। आयुष्मान मेला के माध्यम से स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न चिंताओं का समाधान करने का काम किया जाएगा। 'आयुष्मान आपके द्वार' अभियान की शुरूआत पूरे देश में 17 सितंबर को होगी और यह 31 दिसंबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तकरीबन 60 करोड़ लाभार्थियों में से अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम इस अभियान के तहत होगा। ताकि कोई भी बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं से अछूता न रहे।

आयुष्मान सभा की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर, 2023 से होगी। 31 दिसंबर, 2023 तक चलने वाले इस अभियान के तहत देश भर के गांवों और शहरों में इन आयोजन होगा। इसके जरिए मुख्य तौर पर जन–जन तक स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। 'जनभागीदारी से जनकल्याण' की भावना विकसित करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का काम भी इसके तहत किया जाएगा। इसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण, सूचीबद्ध अस्पतालों के बारे में जानकारी, आयुष्मान भारत हेल्थ आईडी बनाने, स्क्रीनिंग सेवाएं, स्वास्थ्य चर्चा जैसी गतिविधियों का आयोजन होगा। इनमें स्थानीय सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों के अलावा सरकार के विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के लाभार्थी शामिल होंगे। आयुष्मान मेला का आयोजन हर हफ्ते गांवों के स्तर पर देश के सभी 1.6 लाख हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर्स पर होगा। साथ ही प्रखंड स्तर पर इसका आयोजन मेडिकल कॉलेजों के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर होगा। इन मेलों के माध्यम से ईएनटी, आंख, मानसिक बीमारी आदि के लिए परामर्श और ईलाज की सुविधा एक बहुत बड़ी आबादी को मिलेगी। साथ ही लोगों में स्वास्थ्य को लेकर व्यापक जागरूकता का प्रसार होगा। इन सभी कोशिशों के माध्यम से हर गांव को 'आयुष्मान ग्राम पंचायत' और हर शहरी वार्ड को 'आयुष्मान शहरी वार्ड' बनाना है। ऐसा करके जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य के मामले में स्थिति बेहद मजबूत होगी। जिन गांवों में आयुष्मान कार्ड वितरण, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट, स्क्रीनिंग और संक्रामक व गैरसंक्रामक बीमारियों के ईलाज के मामले में 100 प्रतिशत कवरेज होगा, उन्हें प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

स्वास्थ्य सेवाओं को जन–जन तक ले जाना सिर्फ हमारा लक्ष्य नहीं बल्कि यह मोदी सरकार की प्रतिबद्धता है। यह प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 'स्वस्थ भारत' की परिकल्पना का अंग है। वृहदाकारण्य उपनिषद में कहा गया है, "सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग भवेत।" सर्व कल्याण का जो संदेश इसमें समाहित है, उसे जमीन पर उतारने के लिए आयुष्मान भवः की परिकल्पना केंद्र सरकार ने की है। इस अभियान के जरिए हमें 'सबका स्वास्थ्य' सुनिश्चित करते हुए 'स्वस्थ भारत' से 'समृद्ध भारत' की राह पर आगे बढ़ना है।

(डॉ. मनसुख मांडविया केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्री हैं।)

काव्य कोना

पूछते हैं

विद्या के आलय में ढाई अक्षर अभी पढ़ा नहीं
पूछते हैं, ज्ञान - अज्ञान की परिभाषा क्या है?
ज्ञान-अज्ञान की परिभाषा क्या है?

क्षुद्रता का पाठ शुरू करने से पहले
पूछते हैं, क्षुद्रता की परिभाषा क्या है?
क्षुद्रता की परिभाषा क्या है?
खेल और उद्यम; प्यार और काम
यौवन का पल आया नहीं
पूछते हैं, यौवन की परिभाषा क्या है?
यौवन की परिभाषा क्या है?

सीमायें और बन्धनों को ही बतलाते-बतलाते
यौवन की देहरी न देखी
फिर देखो उल्ट कर पूछते है
अपरिपक्वता की परिभाषा क्या है?
अपरिपक्वता की परिभाषा क्या है?

विद्या के आलय में ढाई अक्षर अभी पढ़ा नहीं
पूछते हैं, ज्ञान - अज्ञान की परिभाषा क्या है?
ज्ञान-अज्ञान की परिभाषा क्या है?

- नाग मणि

फेसवॉश के दौरान की गई ये गलतियां स्किन को पहुंचा सकती हैं नुकसान, बिगड़ सकती है स्किन की कंडीशन

अक्सर आपने लोगों को यह कहते जरूर सुना होगा कि कहीं बाहर से आओ तो उसके बाद चेहरे को साफ जरूर करो। हम अक्सर मार्केट से फेसवॉश खरीद लेते हैं। लेकिन इससे चेहरा धोने के दौरान ऐसी कई गलतियां कर देते हैं, जो हमारे लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं। अक्सर आपने लोगों को यह कहते जरूर सुना होगा कि कहीं बाहर से आओ तो उसके बाद चेहरे को साफ जरूर करो। क्योंकि फेसवॉश से चेहरे पर जमी गंदगी निकल जाती है। इसके लिए मार्केट में फेसवॉस भी आसानी से मिल जाते हैं। जो स्किन को लाभ पहुंचाते हैं। हालांकि कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि बार-बार फेस धोने से कई तरह की दिक्कतें होने लगती है। बार-बार चेहरा धोने से स्किन रफ और रूखी हो जाती है। हम अक्सर मार्केट से फेसवॉश खरीद लेते हैं। लेकिन इससे चेहरा धोने के दौरान ऐसी कई गलतियां कर देते हैं, जो हमारे लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं। हालांकि चेहरा धोना काफी आसान काम लगता है। लेकिन इसी दौरान कुछ लोग अंजाने में ऐसी

गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण उनकी स्किन डैमेज होने लगती है। ऐसे में अगर आपकी भी स्किन डैमेज हो रही है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। फेसवॉश का इस्तेमाल करते वक्त कुछ चीजों को ध्यान में रखना चाहिए।

फेसवॉश का चुनाव : अक्सर लोग फेसवॉश खरीदने के दौरान इस बात का ध्यान नहीं रखते हैं कि यह भी स्किन टाइप के हिसाब से आता है। जब हम गलत स्किन टाइप का फेसवॉश इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सीधा असर आपके फेस पर दिखता है। इसलिए स्किन टाइप का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

गर्म पानी का इस्तेमाल : चेहरा धोते समय गर्म पानी के इस्तेमाल से बचना चाहिए। क्योंकि गर्म पानी आपकी त्वचा को सुखाने का काम करती है। इसके साथ ही स्किन ड्राई होने से स्किन पर कई परेशानियां नजर आने लगती हैं।

स्किन को न रगड़ें : फेसवॉश को लगाने के दौरान कुछ लोग इसे चेहरे पर ताकत से रगड़ते हैं। इससे आपकी स्किन डैमेज हो सकती है।

ज्यादा फेसवॉश का उपयोग : अधिकतम दिन में दो बार ही फेसवॉश को उपयोग करना चाहिए। क्योंकि इससे ज्यादा बार फेसवॉश का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा सूखी और अनहेल्दी नजर आने लगती है।

ना करें गंदे तौलिए का इस्तेमाल : फेसवॉश का इस्तेमाल करने के बाद गंदे तौलिए से चेहरा नहीं पोंछना चाहिए। इससे आपकी स्किन पर गलत प्रभाव पड़ सकता है।

वेट वाइप्स का यूज : आपने देखा होगा कि कुछ लोग बार-बार वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते हैं। कई बार इसके ज्यादा इस्तेमाल से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

गाउन पर सेलिब्रिटी की तरह बनायें हेयर स्टाइल

अप-टू-डेट और स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने आपको अलग-अलग लुक कैरी करते हैं। मेकअप और आउटफिट के बार परफेक्ट हेयर स्टाइल होना बहुत जरूरी है। आजकल गाउन का ट्रेंड काफी ज्यादा चल रहा है। हम आपको गाउन के साथ स्टाइल किए जाने वाले कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। अप-टू-डेट और स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने आपको अलग-अलग लुक कैरी करते हैं। मेकअप और आउटफिट के बार परफेक्ट हेयर स्टाइल होना बहुत जरूरी है। आजकल गाउन का ट्रेंड काफी ज्यादा चल रहा है। ऐसे में आज हम आपको गाउन के साथ स्टाइल किए जाने वाले कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। यह हेयर स्टाइल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेंगे। साथ ही आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।

हाफ-टाई बन हेयर स्टाइल

बता दें कि आज के समय में हाफ-टाई बन हेयर स्टाइल काफी चलन में है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे छोटे साइज वाले डोनट का उपयोग करना चाहिए। वहीं बचे हुए बालों को हेयर स्टाइलिंग टोंग की मदद से कर्ल कर लें। इस तरह से आपका हेयर स्टाइल बन जाएगी।

मेसी पोनीटेल

मेसी लुक देखने में काफी मॉडर्न लगने के साथ बेहतरीन भी लगता है। इस हेयर स्टाइल को बनाना काफी ज्यादा आसान होता है। इस हेयर स्टाइल को सजाने के लिए बालों की सिर्फ एक लेयर को पोनीटेल के शुरूआत में गोल-गोल व्रैप कर लें। बता दें कि इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए हेयर स्टाइलर की मदद से पहले सारे बालों को कर्ल कर लें। बालों को कर्ल करने से एक बाउंस बनकर तैयार हो जाएगा। यह हेयर स्टाइल आपको खूबसूरत होने के साथ प्रोफेशनल टच देगा।

ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल

कुछ लोग बालों को खुला रखना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को खुला रखना पसंद है। तो हम आपको मिनटों में बनने वाले हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल बनाना काफी ज्यादा आसान है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले आप बालों की एक-एक लेयर की ट्विस्टिंग करनी होगी। इसके बाद उसे पिनअप करना होगा। बचे हुए बालों को भी लेंथ तक कर्ल कर दें। इसके बाद इसे सजाने के लिए आप बीड्स या फ्लोरल हेयर क्लिप का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

❖ **अनन्या मिश्रा**

सूडोकु नवताल- 6827

★★★★☆ मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6826 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

दैनिक पंचांग

19 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	कन्या	05.40 बजे से
चंद्र	तुला में	तुला	07.55 बजे से
मंगल	कन्या में	वृश्चिक	10.09 ब.से
बुध	सिंह में	धनु	12.25 बजे से
गुरु	मेष में	मकर	14.31 बजे से
शुक्र	कर्क में	कुंभ	16.17 बजे से
शनि	कुंभ में	मीन	17.50 बजे से
राहु	मेष में	मेष	19.21 बजे से
केतु	तुला में	वृष	21.01 बजे से
राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक		मिथुन	22.59 बजे से
		कर्क	01.12 बजे से
		सिंह	03.28 बजे से

मंगलवार 2023 वर्ष का 262 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
तिथि चतुर्थी 13.44 बजे को समाप्त।
नक्षत्र स्वाती 13.48 बजे को समाप्त।
योग वैधृति 03.57 बजे रात्र को समाप्त।
करण विष्टि 13.44 बजे तदनन्तर बव 02.04 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 03.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 01° 40'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871741
जूलियन दिन 2460206.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना रवि उलावल
तारीख 03**विशेष** गणेश चतुर्थी, गणेशोत्सव, वरद चतुर्थी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7889



बाएँ से दाएँ

1.दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3.रहस्य का ज्ञाता-4
6.खुशबू,सुगंध-3
7.सौ,सैकड़ा,शतक-2
8.दुलारा,लाड़ला-2
10.नाम रखना-5
12.दाम,मूल्य,दर-3
15.अग्नि,आग-3
17.सम्मान देना -2,3
20.जन्नत,अप्सरा-2
22.दाम,कीमत-2
23.स्थान-3
24.अचरज भरा कार्य-4
25.गागर, घड़ा-3

ऊपर से नीचे

2.न्यूनता,कमी-5
3.अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4.आवश्यकता-4
5.राजी करना,मान मनुहार करना-3
7.वहम,संदेह-2
9.भाग्यशाली(अंग्रजी-2)
11.मैला,दागदार-3
13.धोखेबाज,कपटी-3
14.मन मोहने वाला-5
15.अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16.रक्त,खून-2
18.आनेवाला दिन-2
19.नृत्य करना-3
21.चांदी-3

शब्द पहेली -7888 का हल

	ल	ह	र		क	ल	ह	
श	व		ह		मी		क	म
री		ह	म	ग	ज			ह
फ	की	र		ही		ब	ह	ल
		द	ल		कै	द		
स	न	म		ग		ना	र	द
ली			स	त	ना	म		म
का	न		र		वि		जा	न
	त	र	ल		क	हा	र	

आज का राशिफल

मेष राशि : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

वृष राशि : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

मिथुन राशि : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

कर्क राशि : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

सिंह राशि : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कन्या राशि : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी।

तुला राशि : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

धनु राशि : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

मकर राशि : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

कुंभ राशि : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

मीन राशि : जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

कई भारतीय खिलाड़ियों के लिए आखिरी होंगे हांगझोउ एशियाई खेल

एजेंसी। नई दिल्ली

टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना से लेकर हॉकी के दिग्गज गोलकीपर पी आर श्रीजेश और महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल तक, भारत के कई धाकड़ खिलाड़ी हांगझोउ में एशियाई खेलों से विदा लेंगे। शरत और रोहन चालीस पार करने के बाद भी विश्व स्तरीय प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि 35 वर्ष के श्रीजेश अभी भी भारतीय हॉकी की दीवार हैं। अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया, स्क्वाश स्टार दीपिका पल्लीकल, टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना और चक्काफेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया के लिए भी यह आखिरी एशियाई खेल हैं। ये सभी कैरियर के आखिरी पड़ाव पर भी पदक के दावेदार हैं।

रोहन बोपन्ना : 43 वर्ष के बोपन्ना ने इस साल पुरूष युगल वर्ग में विम्बलडन सेमीफाइनल और अमेरिकी ओपन फाइनल खेला। उन्होंने कल ही डेविस कप से विदा ली और हांगझोउ में पुरूष युगल एशियाई खेलों में उनकी आखिरी स्पर्धा होगी। इक्कीस साल पहले एशियाई खेलों में पदार्पण करने वाले बोपन्ना गत चैम्पियन हैं। उन्होंने 2018 में दिविज शरण के साथ खिताब जीता था। वह हांगझोउ में युकी भांबरी के साथ उतर सकते हैं।

दीपिका पल्लीकल : दो बच्चों की मां दीपिका का यह चौथा और आखिरी एशियाई खेल है। वह एशियाई खेलों में दो एकल और दो टीम पदक जीत चुकी है। वह इस बार मिश्रित युगल में हरिंदर पाल संधू के साथ खेलेगी। दीपिका ने बच्चों के जन्म के बाद जोशना चिनप्पा और सौरव घोषाल के साथ दो विश्व खिताब जीते। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में भी मिश्रित युगल कांस्य जीता था।

अंकिता रैना : सानिया मिर्जा के बाद एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना इस बार भी पदक की दावेदार है । वह महिला युगल और मिश्रित युगल में भी खेल सकती हैं।

सीमा पूनिया : 40 वर्ष की सीमा ने पिछले दो सत्रों में स्वर्ण और कांस्य पदक जीता। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में वह पदक नहीं जीत सकी थी। एशियाई खेल उनके पास पोडियम पर खड़े होने का आखिरी मौका है।

शरत कमल : 41 वर्ष के टेबल टेनिस स्टार शरत कमल अब तक एशियाई खेलों में दो पदक जीत चुके हैं। यह उनका पांचवां और आखिरी टूर्नामेंट है। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। पुरूष टीम ने पिछली बार कांस्य पदक जीता था और इस बार भी पदक की प्रबल दावेदार है। एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा का स्तर राष्ट्रमंडल खेलों से काफी कठिन रहता है। शरत ने पिछली बार मनिका बत्रा के साथ कांस्य जीता था लेकिन इस बार मनिका एशियाई खेलों में जी साथियान के साथ उतरेगी।

बजरंग पूनिया : 29 वर्ष के पहलवान पूनिया भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में प्रदर्शन की अगुवाई करने के बाद पहली बार मैट पर लौटेंगे। वह 65 किलोवर्ग में गत चैम्पियन हैं। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूनिया तीसरी बार एशियाई खेलों में भाग लेंगे । वह 2014 में इंचियोन में रजत पदक जीत चुके हैं।

पी आर श्रीजेश : भारतीय हॉकी की दीवार श्रीजेश एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर फोकस कर रहे हैं। यह उनके आखिरी एशियाई खेल हैं जिनमें स्वर्ण पदक जीतकर अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करना भारतीय टीम का लक्ष्य है। भारत के लिए 2006 में सीनियर स्तर पर पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद वह तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। जकार्ता में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को अगर पदक का रंग बदलना है तो उसमें श्रीजेश की अहम भूमिका होगी।

NEWS इन ब्रीफ

टिम साउदी को फिटनेस साबित करने का पूरा मौका मिलेगा : गैरी स्टीड

लंदन। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत में अगले महीने होने वाले विश्व कप से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का पूरा मौका दिया जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे के दौरान एक कैच लपकते समय साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई थी। स्टीड ने कहा कि विशेषज्ञों से राय लेकर उनके बारे में फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा, तब तक हम विश्व कप को लेकर फैसला नहीं ले सकते। हमें समय सीमा को समझना होगा और जानकारी मिलने के बाद ही हम कोई फैसला लेंगे। हम टिम को फिटनेस साबित करने का पूरा मौका देंगे। अगले दस बारह दिन उसके लिये काफी महत्वपूर्ण होंगे।' टीमें 28 सितंबर तक विश्व कप टीम में बदलाव कर सकती हैं। उसके बाद उन्हें आईसीसी से अनुमति लेनी होगी।

हॉकी रैंकिंग : भारतीय पुरूष तीसरे, महिलाएं सातवें स्थान पर

लुसाने (स्विटजरलैंड)। भारतीय पुरूष हॉकी टीम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की ताजा रेंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। भारत (2771) मई 2022 में शीर्ष तीन से बाहर हो गया था। भारत की रैंकिंग में सुधार पिछले महीने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत मिलने से हुआ है। भारत ने सात में से छह मैच जीते और एक ड्रॉ रहा। यूरो हॉकी फाइनल में नीदरलैंड से हारी इंग्लैंट टीम शीर्ष तीन से बाहर हो गई। नीदरलैंड (3113) शीर्ष पर है जबकि बेल्जियम (2989) दूसरे स्थान पर है। जर्मनी पांचवें और आस्ट्रेलिया छठे स्थान पर है जबकि उनके बाद अर्जेंटीना और स्पेन हैं। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया दूसरे और अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम चौथे और जर्मनी पांचवें स्थान पर है। भारत एक पायदान चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गया है। स्पेन आठवें, न्यूजीलैंड नौवे और जापान दसवें स्थान पर है।

मॉरिस टेलर और अमीर हुसैन जारे ने जीता स्वर्ण

बेलग्रेड। संयुक्त राज्य अमेरिका के डेविड मॉरिस टेलर और ईरान के अमीर हुसैन अब्बास जारे ने रविवार रात सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 कुश्ती चैंपियनशिप में क्रमशः 86 किग्रा और 125 किग्रा ओलंपिक फ्रीस्टाइल श्रेणियों में जीत हासिल की। विश्व चैंपियन टेलर ने पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन ईरान के हसन अलियाजम यजदानिचराती को 9-3 से हराकर अपना 86 किग्रा फ्रीस्टाइल खिताब पुनः प्राप्त किया। 125 किग्रा फ्रीस्टाइल में, दुनिया के नंबर 2 जॉर्जिया के जेनो पेट्रियाशविली, जेरे से 11-0 से हार गए। गैर-ओलंपिक श्रेणियों में, अमेरिकी चैंपियन विटाली अरुजाउ ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन रूस के अबासगादजी मैगोमेदोव को 10-9 से हराया।

रोमांचक युगल मैच में ब्रिटेन ने फ्रांस को 2-1 से हराया

मैनचेस्टर। एक रोमांचक मुकाबले में ब्रिटेन और फ्रांस के बीच कड़ी टक्कर हुई। हालांकि, डेनियल इवांस और नील स्कूपस्की ने निर्णायक युगल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन को डेविस कप क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया। इवांस और स्कूपस्की ने चार मैच प्वाइंट बचाकर रविवार को फ्रांसीसी खिलाड़ियों के खिलाफ कड़ी टक्कर में 1-6, 7-6(4), 7-6(6) से जीत हासिल की, जबकि ब्रिटेन ने फ्रांस को 2-1 से हराया। इस जीत ने ब्रिटेन को ग्रुप बी में शीर्ष स्थान दिलाया और नवंबर के अंतिम-आठ सप्ताह में मलागा में अपनी जगह पक्की कर ली, जहां इटली या नोवाक जोकोविच के सर्बिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल का इंतजार है।

पीएम मोदी ने भारतीय टीम को जीतने पर दी बधाई, कहा-

टीम के शानदार प्रदर्शन से भारत को मिली जीत

एजेंसी। कोलंबो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप जीतने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर कहा, टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है और में पूरी टीम को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में जबर्दस्त कौशल का प्रदर्शन किया है।" मोहम्मद सिराज के छह विकेट के दम पर श्रीलंका को 50 रन पर समेटने के बाद भारत ने दस विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने 37 गेंद में लक्ष्य हासिल करके दस विकेट से मिली जीत के साथ आठवीं बार एशिया कप अपने नाम कर लिया। सिराज ने कहर बरपाता हुआ स्पैल डालकर सात ओवर में 21 रन देकर छह विकेट चटकाये । बारिश के अनुमान के बावजूद श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया । मैच तीन बजे की बजाय बारिश के कारण 40 मिनट विलंब से शुरू हुआ । श्रीलंकाई बल्लेबाजों को सिराज के रूप में एक दूसरे ही तूफान का सामना करना पड़ा । उनकी गेंदबाजी के सामने श्रीलंका की टीम 15 . 2 ओवर ही टिक सकी जो भारत के खिलाफ वनडे में उनका दूसरा न्यूनतम स्कोर था । सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में बांग्लादेश से हारने वाले भारत ने बिना कोई विकेट गंवाये 6 . 1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ईशान किशन 18 गेंद में तीन चौकों के साथ 23 और शुभमन गिल 19 गेंद में छह चौकों के साथ 27 रन बनाकर नाबाद रहे। विश्व कप से पहले भारतीय टीम अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 सितंबर से तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेगी। अपनी जबर्दस्त गेंदबाजी के दम पर एक ओवर में चार विकेट लेने वाले सिराज वनडे के इतिहास में चौथे गेंदबाज हो गए। वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से पारी के पांच विकेट लेने के श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चमिंडा वास के रिकॉर्ड की भी उन्होंने बराबरी की।

जसप्रीत बुमराह ने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर कुसल परेरा को पवेलियन भेजा । कोलंबो की बजाय इंग्लैंड की सी लग रही पिच पर सिराज को सिर्फ सही लैंग्थ से गेंदबाजी करनी थी। उन्होंने चौथे ओवर में पहली, तीसरी, चौथी और छठी गेंद पर विकेट चटकाये।

मोहम्मद सिराज ने एशिया कप फाइनल की पुरस्कार राशि मैदानकर्मियों को दान की

एशिया कप में श्रीलंका चरण के मैचों में लगातार बारिश हो रही थी, और पल्लेकेले और कोलंबो में मैदानकर्मियों ने अपने भरकस प्रयास से लगातार यह कोशिश की कि मैच खेला जा सके। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टूर्नामेंट में अलग-अलग समय पर मैदानकर्मियों को उनके काम के लिए धन्यवाद दिया, तो वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने एक कदम आगे बढ़ते हुए फाइनल मैच में प्राप्त अपने प्लेयर-ऑफ-द-मैच पुरस्कार राशि को मैदानकर्मियों को दान कर दिया। सिराज ने मैच के बाद कहा, यह नकद पुरस्कार (5000 यूएसडॉलर) ग्राउंड्समैन को जाता है। वे इसके पूरी तरह से हकदार हैं। यह टूर्नामेंट उनके बिना संभव नहीं होता। बता दें कि फाइनल में सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट लिए, जिससे श्रीलंकाई टीम केवल 50 रनों पर ढ़ेर हो गई और भारत ने 6.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल कर लिया।

विश्व कप 2023 से पहले शीर्ष वनडे रैंकिंग की होड़ हुई तेज

एजेंसी। दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप की शुरूआत से पहले नंबर एक वनडे टीम बनने की होड़ अगले कुछ दिनों में तेजी आएगी। एशिया कप हालांकि समाप्त हो गया है। पाकिस्तान एशिया कप 2023 में जल्दी बाहर होने और फाइनल में श्रीलंका पर भारत की प्रचंड जीत के बावजूद नंबर 1 स्थान पर कायम है।

दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला में 2-0 से आगे थी, इससे पहले मेजबान टीम ने जबरदस्त वापसी की और लगातार तीन मैच जीतकर रविवार को श्रृंखला जीत ली। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फाइनल से पहले बंगलादेश से हार से भारत की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की संभावना कम हुई और यहां तक कि श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ छह ओवर में मिली रिकॉर्ड-तोड़ जीत भी भारतीय टीम को शीर्ष पर नहीं पहुंचा सकी।

भारत मौजूदा समय में दूसरी रैंकिंग पर है और यदि 22 सितंबर से शुरू होने वाली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर घरेलू मैदान पर जीत दर्ज कर लेता है तो वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की स्थिति में आ सकता है। यदि भारत ऑस्ट्रेलिया से पहला वनडे जीत जाता है तो वह पाकिस्तान को पछाड़कर क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नंबर एक टीम बन जाएगा। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम एशिया कप में शानदार जीत दर्ज चुकी है।

मेजबान टीम अगले हफ्ते शुक्रवार तक वह मोहाली में पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराकर नंबर 1 स्थान पर पहुंचने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। ऑस्ट्रेलियाई कैप्टन पैट कमिंस की टीम के खिलाफ भारत की आगामी तीन मैचों की श्रृंखला यह तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है कि कौन सी टीम नंबर एक रैंकिंग के साथ विश्व कप में प्रवेश करेगी। यदि भारत ऑस्ट्रेलिया से श्रृंखला हार जाता है, तो पाकिस्तान विश्व कप के लिए शीर्ष क्रम की टीम बनी रहेगी।

इसके उलट ऑस्ट्रेलिया से 3-0 की हारता है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाएगा और ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष पर पहुंच जाएगी। दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया (मौजूदा रैंकिंग 3) अब विश्व कप की शुरूआत में नंबर एक रैंकिंग वाली टीम बनने की स्थिति में नहीं है। विश्व कप में नंबर एक टीम बनने के लिए उन्हें भारत के साथ सीरीज में उसका सुपड़साफ करना जरुरी होगा। हालाँकि, अगर ऑस्ट्रेलिया सीरीज के पहले दो मैज जीत जीतता है तो भी उसे कम से कम अंतिम वनडे तक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे तीसरा मैच भी भारत को हराना जरुरी होगा।

एडेन मार्कराम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 5,000 रन

एजेंसी। जोहानसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्कराम ने रविवार को 5,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लिए हैं। 28 वर्षीय बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोहानसबर्ग में पांच मैचों की श्रृंखला के पांचवें मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

मैच में मार्कराम ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 87 गेंदों में 93 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल थे। उनके रन 106 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से आए। 2017 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से, मार्कराम ने प्रोटियाज के लिए 35 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने सबसे लंबे प्रारूप में 36.26 की औसत से 2,285 रन बनाए हैं। उन्होंने 64 पारियों में छह शतक और 10 अर्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152 रन है। मार्कराम ने 55 एकदिवसीय मैच भी खेले हैं, जिसमें 35.42 की औसत और 96 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 1,665 रन बनाए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 52 पारियों में दो शतक और सात अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें 175 रन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। मार्कराम ने 37 टी-20 में 39.37 की औसत और 149.50 की स्ट्राइक रेट से 1,063 रन बनाए हैं। 33 पारियों में उन्होंने नौ अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 70 है।

मीडिया कप फुटबॉल : रोमांचक मुकाबले में शंख को हरा दामोदर बना चैंपियन

नवान मेल संवाददाता। रांची

मीडिया कप फुटबॉल के खिताबी मुकाबले में प्लेयर ऑफ द फाइनल अमोद साहू के एकमात्र गोल की बदौलत एक संघर्षपूर्ण एवं रोमांचक मुकाबले में दामोदर ने शंख को 1-0 से हरा विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मैच में पहला हॉफ गोलरहित बराबरी पर छूटा। मैच के 26 वें मिनट में अमोद साहू ने गेंद को नेट में डालकर दामोदर को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद शंख की टीम ने एक के बाद कई हमले किए लेकिन दामोदर के डिफेंस को भेदने में सफल नहीं हो पाई और लगातार दूसरे वर्ष टीम दामोदर ने मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। मैच समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, विशिष्ट अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक एच एन मिश्रा, प्रेस क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष संजय मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर, तथा प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों एवं प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का अभिवादन मेंमेंटो देकर किया गया।

झारखंड स्टेट स्क्वैश क्लोज्ड चैंपियनशिप का समापन

झारखंड इमेजिन प्लेयर ऑफ द ईयर से आद्या बुधिया को सम्मानित

नवान मेल संवाददाता। रांची

झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ के तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड चैंपियनशिप का समापन क्रॉस कोर्ट में किया गया।

इस चैंपियनशिप का समापन मुख्य अतिथि आईपीएस सरोजनी लकड़ा, गेस्ट ऑफ आनर डॉ प्रभात के द्वारा किया गया।

इस चैंपियनशिप के फाइनल में बॉय अंडर11 ग्रुप के अद्वित अग्रवाल ने स्थविर को, बॉय अंडर13 वेदांत अग्रवाल ने देवांश अग्रवाल को, गर्ल्स अंडर15 ग्रुप के आद्या बुधिया ने ब्रिया शर्मा को, बॉय अंडर17 ग्रुप के विराज गुप्ता ने दर्शित बगला को, वोमेन्स ग्रुप के आद्या बुधिया ने कृषा जालान को एवं मेन्स ग्रुप के किशन जयपाल सिंह ने शिवेश कनोई को हराकर प्रतियोगिता में अपने- अपने ग्रुप में चैम्पियन घोषित हुए।

इस अवसर पर संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वरुण कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कोच आशीष कुमार बनर्जी, ओनर क्रास कोर्ट श्वेता बुधिया तथा एसआरएफआई एडमिनिस्ट्रेटर पुनीत पारीक, सह कोच सुभाष गांगुली, सुभाष सिंह मुंडा, अभिषेक पांडे एवं विपुल अग्रवाल मौजूद थे।

डेविस कप | डेविस कप से विदा लेते समय बोपन्ना ने कहा

'देश के लिए खेलने पर गर्व है...'

एजेंसी। लखनऊ

दिग्गज टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने डेविस कप से जीत के साथ विदाई ली। उन्होंने विश्व ग्रुप-2 के युगल मुकाबले में युकी भांबरी के साथ मिलकर इलियट बेनचेट्रिट-यूनुस लालामी लारौसी की मोरक्कन जोड़ी को 6-2, 6-1 से हरा दिया। 43 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि इस बात से खुश हैं कि अब उन्हें अपने परिवार के साथ समय बिताने का समय मिलेगा। लेकिन, उन्होंने यह भी कहा कि डेविस कप से बाहर होना उनके करियर का अंत नहीं है।

बोपन्ना ने मैच के कहा, डेविस कप छोड़ने का दुख है, लेकिन साथ ही इतने लंबे समय तक खेलने पर गर्व भी है। मैं समर्थन के लिए पूरे देश और सभी साथियों को धन्यवाद देता हूं। यह एक शानदार यात्रा रही है। उन्होंने आगे कहा, घर पर कुछ समय बिताने का मौका मिल रहा है। टेनिस एक बहुत व्यस्त कार्यक्रम है, न्यूयॉर्क से आना और फिर वापस चीन जाना। इसलिए, बहुत यात्रा करनी होगी। मैं बहुत उत्साहित हूं। एक सप्ताह की तैयारियों के साथ फिर हमें एशियाई खेलों के लिए हांगझाऊ जाना है।

बोपन्ना और युकी भांबरी ने रविवार को गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में खेले गए युगल मैच में इलियट बेनचेट्रिट-यूनुस लालामी लारौसी की जोड़ी को 6-2, 6-1 से हराया। जबकि, सुमित नागल ने अपना सिंगल्स मैच भी जीता, जिससे भारत ने रविवार को मोरक्को को 4-1 से शिकस्त देकर विश्व ग्रुप एक के प्लेऑफ में जगह बनाई।

भारत के गैर-खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल, जो भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं, उन्होंने कहा कि बोपन्ना की कमी खलेगी। मोरक्को के खिलाफ जीत के साथ, भारत अब 2024 में विश्व ग्रुप-2 में प्लेऑफ खेलेगा।

किसानों के लिए ऋण और बीमा पैकेज शुरू

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मंगलवार को किसानों के लाभ के लिए कृषि-ऋण और फसल बीमा पर केंद्रित पहलों की एक श्रृंखला का उद्घाटन करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, डेटा उपयोग को सुव्यवस्थित करने, प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और कृषि समुदाय की आजीविका को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत में कृषि में क्रांति लाने के लिए ये पहल शुरू कर रहा है। लॉन्च के मुख्य आकर्षण में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के तहत क्रेडिट सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए कई सरकारी विभागों के सहयोग से विकसित किसान ऋण पोर्टल (केआरपी) शामिल है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों के डेटा, ऋण संवितरण की बारीकियों, ब्याज छूट के दावों और योजना के उपयोग की प्रगति का एक व्यापक दृश्य प्रदान करता है, जो अधिक केंद्रित और कुशल कृषि ऋण के लिए बैंकों के साथ सहज एकीकरण को बढ़ावा देता है। पूरे भारत में प्रत्येक किसान तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए 'घर-घर केसीसी अभियान' के तहत घर-घर अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन प्राप्त करना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक किसान को ऋण सुविधाओं तक निर्बाध पहुंच हो। इवेंट के दौरान अनावरण किया जाने वाला विंड्स मैनुअल, मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम (विंड्स) पहल के प्रभाव को बढ़ाता है। डब्ल्यूआईएनडीएस, एक इंस्ट्रुमेंटल इनोवेशन है, जो हितधारकों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प चुनने के लिए, मौसम पर कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए उन्नत मौसम डेटा विश्लेषण का लाभ उठाने की सुविधा देता है। यह बीमा उद्योग द्वारा चलाए जा रहे फसल जोखिम शमन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण और शमन के लिए गैर-योजना पैरामीट्रिक बीमा कार्यक्रमों के अलावा डीए एंड एफडब्ल्यू की पैरामीट्रिक फसल बीमा योजना को भी पूरा करता है। बयान में कहा गया है कि यह आयोजन कृषि के लिए नवाचार और कुशल सेवा वितरण के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसका लक्ष्य किसानों की आय को बनाए रखना और दोगुना करना है।

पीएसयू बैंकिंग शेयरों में तेजी रही

नई दिल्ली। निफ्टी पीएसयू बैंक सोमवार को सेक्टर सूचकांकों में 3.39 फीसदी की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहे। बोनांजा पोर्टफोलियो के अनुसंधान विश?लेषक वैभव विदवानी का कहना है कि कम जमा-से-क्रेडिट अनुपात, उच्च-उपज वाले उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करना और पीयूएस बैंकों में प्रौद्योगिकी पेश करने से क्षेत्र के बैंकों को लाभप्रदता बढ़ाने और विकास को बढ़ावा देकर अधिक निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

एलआईसी कर्मचारियों को मिलेगा पारिवारिक पेंशन

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए 30 प्रतिशत की एक समान दर पर पारिवारिक पेंशन की घोषणा की। इसने एलआईसी एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा करते हुए, वित्त मंत्रालय ने कहा कि इससे एलआईसी एजेंटों की कामकाजी स्थिति और लाभों में पर्याप्त सुधार आएगा। एजेंटों के लिए टर्म इंश्योरेंस कवर को भी मौजूदा सीमा तीन हजार - 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार - डेढ़ लाख रुपये कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि टर्म इंश्योरेंस में इस बढ़ोतरी से मृत एजेंटों के परिवारों को काफी फायदा होगा, जिससे उन्हें अधिक कल्याणकारी लाभ मिलेगा। सरकार ने पुनर्नियुक्त एजेंटों को नवीनीकरण कमीशन के लिए पात्र बनाने में भी सक्षम बनाया है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता में सुधान हुआ है। वर्तमान में, एलआईसी एजेंट पुरानी एजेंसी के तहत पूरे किए गए किसी भी व्यवसाय पर नवीनीकरण कमीशन के लिए पात्र नहीं हैं। एक बयान में कहा गया है कि 13 लाख से अधिक एजेंट और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी, जो एलआईसी के विकास और भारत में बीमा पैठ को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन कल्याणकारी उपायों से लाभान्वित

होंगे। कल्याणकारी उपाय एलआईसी (एजेंट) विनियम, 2017 में संशोधन, ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि और पारिवारिक पेंशन की एक समान दर सहित अन्य से संबंधित हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री ने देश में निवेश दोगुना करने की फॉक्सकॉन की योजना का समर्थन किया

एजेंसी। नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता दोगुनी करने की ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज फॉक्सकॉन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में अनुबंध पर सबसे बड़ी निमार्ता फॉक्सकॉन चीन के बाहर एक वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए भारत मे अवसर तलाश रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन के अवसर पर फॉक्सकॉन इंडिया के प्रतिनिधि वी ली के लिंक्डइन पोस्ट के जवाब में वैष्णव ने एक्स पर कहा, ₹समर्थन और सुविधा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध,₹ जिसमें उन्होंने कहा था कि कंपनी ने ₹भारत में रोजगार, एफडीआई (विदेशी प्रत्यक्ष विदेशी) और व्यवसाय के आकार को अगले एक साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। फॉक्सकॉन ऐप्पल आईफोन का मुख्य असेंबलर है और दोनों

कंपनियां चीन से दूर जाकर वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला बनाने की इच्छुक हैं। दक्षिण चीन सागर में अपनी सैन्य ताकत और दुनिया भर में जीवन और आजीविका को नष्ट करने वाली कोविड-19 महामारी के प्रसार में संदिग्ध भूमिका के कारण कम्युनिस्ट दिग्गज अलग-थलग पड़ गया है। फॉक्सकॉन के पास पहले से ही तमिलनाडु में एक आईफोन फैक्ट्री है, जिसमें 40 हजार लोग कार्यरत हैं और उसने राज्य में एक नई इलेक्ट्रॉनिक्स घटक इकाई में 1,600 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे छह हजार नौकरियां पैदा होंगी। कंपनी ने यह भी घोषणा की है कि वह तेलंगाना में अपनी विनिर्माण सुविधा में अतिरिक्त 3,300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे राज्य में कंपनी का कुल निवेश 4,550 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा। फॉक्सकॉन इंटरकनेक्ट टेक्नोलॉजी लिमिटेड (एफआईटी) द्वारा स्थापित की जा रही आगामी इकाई, एप?पल एक्सेसरीज का निर्माण करेगी और हैदराबाद के बाहरी इलाके कोंगारा कलां में स्थित है। इसके अलावा, कंपनी ने अगस्त में यह भी घोषणा की थी कि वह कर्नाटक में आईफोन के लिए केसिंग कंपोनेंट और चिप बनाने वाले उपकरण बनाने के लिए राज्य में दो परियोजनाओं के लिए पांच हजार करोड़ रुपये (60 करोड़ डॉलर) का निवेश करेगी। फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने हाल ही में वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों के लिए आयोजित सेमीकॉनइंडिया 2023 कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया था, जिसका उद्घाटन हाल ही में गांधीनगर में नरेंद्र मोदी ने किया था। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष ने कार्यक्रम में कहा, ₹मैं भारत सरकार के दृढ़ संकल्प को महसूस कर सकता हूं। मैं इसे लेकर बहुत आशावादी हूं। उन्होंने ताइवान सेमीकंडक्टर उद्योग की बफेलो स्पिरिट, जो बिना किसी शिकायत के कड़ी मेहनत करने की क्षमता है, पर प्रकाश डाला और कहा कि यही भावना भारत में भी लागू की जा सकती है।

5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी में है आईटेल, कीमत 10 हजार से भी कम

एजेंसी। नई दिल्ली

त्योहारी सीजन पर देश में 10,000 रुपये से भी कम कीमत पर आईटेल मोबाइल इंडिया भारत का एकमात्र 5जी-सक्षम स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी में है। सूत्रों ने सोमवार को आईएएनएस को बताया कि बहुप्रतीक्षित 5जी मार्वेल, आईटेल पी55 5जी जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए तैयार है। पिछले साक्षात्कारों में, आईटेल के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने 2023 में 5जी स्मार्टफोन के लॉन्च की ओर इशारा किया था। पी55 5जी के अनावरण के साथ, अब यह वास्तव में लॉन्च होने वाला है। भारतीय बाजार में शुरूआत से ही आईटेल सभी के लिए टेक्नोलॉजी पहुंचाने में सबसे आगे रहा है। 5जी की आवश्यकता को पहचानते हुए ब्रांड एक कुशल और शक्तिशाली स्मार्टफोन लेकर आ रहा है जो भारत के लिए बजट के अनुकूल है। आने वाला स्मार्टफोन न केवल सीमाओं को आगे बढ़ाने का वादा करता है बल्कि 10,000 रुपये में आईटेल के प्रभुत्व को भी बढ़ाने का वादा करता है। उनका नया ब्रांड विजन, हैशटैग जोड़े इंडिया का हर दिल आईटेल प्रौद्योगिकी की शक्ति

के माध्यम से प्रत्येक भारतीय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उनकी प्रतिबद्धता के बारे में बहुत कुछ बताता है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, आईटेल ने पहले ही 8,000 रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में लाखों लोगों के दिलों पर कब्जा किया है। पहली बार खरीदने वालों में रिपीट यूजर्स का अनुपात सबसे ज्यादा है। अब, वे एंट्री-लेवल स्मार्टफोन बाजार पर पहले की तरह हावी होने के लिए तैयार हैं, और नवीनतम सुविधाओं की पेशकश कर रहे हैं।

विदेश

यूनानी मानवतावादी मिशन के पांच सदस्यों की हादसे में मौत

एथेंस। ग्रीस के रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास ने सोमवार को यहां कहा कि लीबिया में यूनानी मानवतावादी मिशन के पांच सदस्यों की एक कार दुर्घटना में मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। उन्होंने शोक व्यक्त किया और सशस्त्र बल में तीन दिन के शोक की घोषणा की। घटना रविवार को 19 सदस्यीय टीम के बेंगाजी पहुंचने के तुरंत बाद हुई। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि विनाशकारी बाढ़ के मद्देनजर सहायता के लिए उन्हें बेंगाजी से डर्ना शहर ले जा रही एक बस दूसरे वाहन से टकरा गई। डेंडियास ने कहा कि मृतकों में से तीन हेलेनिक सशस्त्र बल के अधिकारी थे और दो यूनानी विदेश मंत्रालय के अनुवादक थे। यूनानी राष्ट्रीय प्रसारक ईआरटी ने बताया कि उनके शव, साथ ही मिशन के बाकी सदस्यों को सोमवार को दो हेलेनिक वायु सेना परिवहन विमानों पर वापस लाया गया। यूनानी प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने कहा, ₹पूरा देश शोक रख रहा है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों और 10 घायलों के साथ हैं। राज्य उनके साथ खड़ा रहेगा।

'जी-77-चीन' शिखर सम्मेलन में 'हवाना घोषणा-पत्र' जारी

एजेंसी। बीजिंग

क्यूबा में दो दिवसीय ₹जी-77 और चीन₹ शिखर सम्मेलन राजधानी हवाना में संपन्न हुआ। शिखर सम्मेलन ने ₹हवाना घोषणा-पत्र₹ जारी कर अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना के व्यापक सुधार और अधिक समावेशी व समन्वित वैश्विक आर्थिक शासन पैटर्न की स्थापना करने का आह्वान किया। घोषणा-पत्र में कहा गया कि वर्तमान अनुचित अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के कारण उत्पन्न चुनौतियों ने विकासशील देशों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। विकासशील देशों को एकजुटता और सहयोग को मजबूत करना चाहिए और वैश्विक निर्णय लेने वाले निकायों में अपना प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहिए। घोषणा-पत्र में कहा गया है कि सभी संबंधित पक्षों को संयुक्त परामर्श, सह-निर्माण और साझाकरण के आधार पर वैश्विक विकास और उभय जीत वाले सहयोग प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और मानव जाति के साझा भाग्य वाले समुदाय के निर्माण को बढ़ावा देना चाहिए। इस शिखर सम्मेलन की थीम, यानी ₹वर्तमान विकास के सामने मौजूद चुनौतियां : विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की भूमिका₹ पर ध्यान केंद्रित करते हुए, घोषणा-पत्र में बताया गया कि विकासशील देशों के सतत विकास को बढ़ावा देने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का बहुत महत्व है, उत्तर-दक्षिण और दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूत किया जाना चाहिए। घोषणा-पत्र में 16 सितंबर को ₹दक्षिणी देशों का विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार दिवस के रूप में नामित किया गया। इसके अलावा, शिखर सम्मेलन ने एक अलग बयान जारी कर मेक्सिको को जी-77 और चीन₹ तंत्र में फिर से शामिल होने पर सहमति व्यक्त की।

अमेरिकी एयर रेसिंग शो में 2 पायलटों की मौत

लॉस एंजेलिस। पश्चिमी अमेरिकी राज्य नेवादा में रविवार को एक एयर रेसिंग शो के दौरान टक्कर में दो पायलटों की मौत हो गई। उत्तर पश्चिमी नेवादा के शहर रेनो में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप एयर रेस के दौरान टी-6 गोल्ड रेस में स्थानीय समय के अनुसार दोपहर करीब 2:15 बजे उतरते समय दो विमान टकरा गए। एसोसिएशन ने एक बयान में पुष्टि की कि ₹हमारे रेसिंग परिवार के दो सदस्य, निक मैसी और क्रिस रशिंग का एक लैंडिंग दुर्घटना में निधन हो गया।₹ आयोजकों ने कहा कि दोनों कुशल पायलट और टी-6 क्लास में स्वर्ण विजेता थे। टी-6 पायलटों को प्रशिक्षित करने वाला एकल इंजन वाला ट्रेनर है। यह दुनिया में सबसे अधिक उत्पादित विमान मॉडलों में से एक है। एसोसिएशन के अनुसार, टी-6 क्लास रेनो में सबसे रोमांचक रेसिंग प्रदान करती है, जिसमें रणनीति और पायलट कौशल पर जोर दिया जाता है। यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने कहा कि वह दुर्घटना की जांच कर रहा है। आयोजकों ने कहा कि सात रेसिंग क्सालेज वाले इस कार्यक्रम ने पिछले 10 वर्षों में 1 मिलियन से अधिक दर्शकों को आकर्षित किया है।

पेज एक के शेष

सुप्रीम कोर्ट में हेमंत को ...

रांची में जमीन घोटाले से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ करना चाहती है।

इस घोटाले में ईडी रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन सहित 13 को गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी ने सोरेन को पहली बार 24 अगस्त को पूछताछ के लिए समन भेजा था, लेकिन, सोरेन ने इसके जवाब में पत्र भेजकर समन को गैरकानूनी बताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही थी। सोरेन ने इस मामले में ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को पत्र भी लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था, एक चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश है। केंद्र सरकार पिछले एक साल से उन पर अनुचित दबाव डाल रही है। उनकी बात नहीं मानने पर केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने ईडी के तौर-तरीके पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि अवैध पत्थर खनन मामले में पिछले साल 17 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उस वक्त उन्होंने अपने और परिवार की चल-अचल संपत्ति का सारा ब्योरा भी दिया था। 30 नवंबर 2022 को अचल संपत्ति के डीड की सर्टिफाइड कॉपी मुहैया कराई गई थी। बैंक का डिटेल भी मुहैया कराया गया था। सीएम ने लिखा था कि क्या वह कागजात ईडी ऑफिस में गुम हो गए हैं? अगर आप दोबारा चाहेंगे तो भिजवा दिया जाएगा।

गुमला में एक करोड़ ...

में भारी मात्रा में अफीम लेकर घर पहुंचने वाला है। इसपर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने रेड़वा पहुंचकर बीरेन्द्र साहू के घर की घेराबंदी की और उसके आने का इंतजार करने लगी। जैसे ही वह अपनी कार से घर की चारदीवारी के अंदर घुसा, पुलिस भी पीछे से पहुंच गई। पुलिस को देखकर बीरेंद्र कार से उतर अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकला। पुलिस ने कार से 1.130 ग्राम और उसके बाद उसके घर की तलाशी के दौरान 8.954 किलोग्राम अफीम जब्त किया। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि 10.84 किलोग्राम अफीम का बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ है। इस मामले में सिसई थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

ब्राउन शुगर के साथ ...

ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में छापेमारी की गयी।

जमीन फटी, समा गई ...

निकाला जा सका। बीसीसीएल और जिला प्रशासन ने रविवार शाम हैवी मशीन से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन अंधेरे की वजह से इसे रोक देना पड़ा।

इसके बाद सोमवार सुबह दुबारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। गोफ में जमींदोज हुई महिलाओं के नाम परला देवी, ठंडी देवी और मंदवा देवी है। तीनों छोटकी बौआ बस्ती की रहने वाली थीं। सभी वहां कोयला चुनने गयी थीं। इस हादसे के बाद से स्थानीय लोगों में काफी रोष है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बीसीसीएल और सीआईएसएफ के खिलाफ नारेबाजी की।

परियोजना के प्रमुख बीके झा के अनुसार, हादसे के बाद घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे मैनेजर दिलीप कुमार और सहायक प्रबंधक राजेश कुमार के साथ स्थानीय लोगों ने मारपीट की, जिसमें एक सहायक प्रबंधक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर टुंडी के विधायक मथुरा महतो भी घटनास्थल पर पहुंचे और गहरी संवेदना प्रकट की।स्थानीय प्रशासन का कहना है कि इस इलाके को पहले ही खतरनाक घोषित किया जा चुका है। यहां रह रहे लोगों को बसाने का लिए भूली रीजनल अस्पताल परिसर में जमीन चिन्हित कर दी गई है। इस संबंध में बीसीसीएल को भी अवगत करा दिया गया है। दूसरी तरफ ग्रामीणों का कहना है कि जिस जमीन को चिन्हित किया गया है उसे लेकर बीसीसीएल प्रबंधन ने कोई आदेश जारी नही किया है।

वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा...

कोविड-19 महामारी की चुनौतियों से पार पा लिया है, लेकिन यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि यह हमारे सामने आने वाली आखिरी महामारी होने की संभावना नहीं है। भविष्य में महामारियां न केवल संभव हैं, बल्कि अत्यधिक संभावित भी हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि निपाह, इबोला और मंकीपॉक्स जैसे गंभीर संक्रमण हैं, लेकिन इन बीमारियों का प्रसार हवा से फैलने के बजाय व्यक्ति-से-व्यक्ति के शारीरिक संपर्क से अधिक होता है, जैसा कि कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के साथ देखा गया है।

डॉ. गिलाडा ने कहा, इनके महामारी या सर्वव्यापी महामारी बनने की संभावना नहीं है, क्योंकि उच्च मृत्यु दर और कम ऊष्मायन वाली कोई भी बीमारी लंबे समय तक जीवित नहीं रहती है। 1.6 मिलियन से अधिक वायरस अभी तक खोजे नहीं गए हैं, और इन वायरल परिवारों की वायरल प्रजातियां स्तनपायी और पक्षी मेजबानों में मौजूद होने का अनुमान है।

डॉ. दीपू के अनुसार, भविष्य की महामारियों में हल्के से मध्यम गंभीरता के साथ दुनिया भर में वायुजनित श्वसन संक्रमण शामिल होने की संभावना है। प्लेग जैसे जीवाणु संक्रमण के महामारी अनुपात तक पहुंचने की संभावना नहीं है, जब तक कि वे जैविक युद्ध के संदर्भ में न हों। उन्होंने कहा, वैश्वीकरण, शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रहे पारिस्थितिकी तंत्र जैसे कारक किसी उभरती महामारी के खतरे को देर-सबेर बढ़ा देते हैं। 76वीं विश्व स्वास्थ्य सभा की बैठक में, डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनोम घेबियस ने भी एक सख्त चेतावनी जारी की, इसमें दुनिया से अगली महामारी के लिए तैयार रहने का आग्रह किया गया, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह कोविड-19 से भी अधिक घातक हो सकती है।

डॉ. गिलाडा ने कहा, ऐसे परिदृश्य में, हमारे पास महामारी या आपातकालीन तैयारी और वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा का मतलब है कि हर जगह लोगों को इलाज, दवा और चिकित्सा देखभाल तक पहुंचने में सक्षम होना चाहिए, यह केवल उन लोगों के लिए नहीं होना चाहिए जो अमीर देशों में हैं। उन्होंने कहा कि विकासशील में कम पहुंच होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने विकासशील देशों में लोगों को कम लागत पर इन्हें उपलब्ध कराने के लिए भारत के प्रयासों की सराहना की।

डॉक्टर दीपू ने कहा, (महामारी के) प्रभाव को कम करने के लिए वैश्विक सहयोग, मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और शीघ्र पता लगाने वाली प्रणालियों की आवश्यकता होगी। भले ही चल रही सार्वजनिक जागरूकता, शिक्षा, टीकाकरण और एंटीवायरल दवाएं कोविड-19 के पुनरुत्थान को कम करने में मदद कर सकती हैं, लेकिन सीखे गए सबक हमें भविष्य में मदद कर सकते हैं।

समस्या | **संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक**

फुटपाथों पर रहनेवाले बेघरों को हटाया

एजेंसी। न्यूयॉर्क

शहर के अधिकारियों ने सोमवार से शुरू होने वाले उच्च स्तरीय महासभा सत्र की तैयारी के लिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के आसपास के क्षेत्र से बेघर फुटपाथ निवासियों को हटा दिया है, उन्हें दौरे पर आए नेताओं की नजरों से दूर रखा है और सुरक्षा बढ़ा दी है। दर्जनों बेघर लोग, जो साल के अधिकांश समय फर्स्ट एवेन्यू, जहां संयुक्त राष्ट्र स्थित है, और सेकेंड एवेन्यू और क्षेत्र की साइड सड़कों पर तिरपाल, कार्डबोर्ड बॉक्स, छतरियों और शेड के नीचे रहते हैं, रविवार शाम तक वहां से हटा दिए गए। होटलों के पास की कई सड़कें, जहां दुनिया के लगभग 150 राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री ठहरेंगे, सुरक्षा कारणों से बंद कर दी जाएंगी। दुनिया की वित्तीय और मीडिया राजधानी में बेघरों की समस्या पर पर्दा डाला जा रहा है। न्यूयॉर्क पुलिस हर साल इस उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान सितंबर में लगभग 40 हेक्टेयर क्षेत्र को एक आभासी लॉकडाउन में बदल देती है, इसमें संयुक्त राष्ट्र भी शामिल है। उस दौरान संयुक्त राष्ट्र जाने वाले लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले कई चेकपोस्टों की सुरक्षा से गुजरना होगा। इन इलाकों की इमारतों के निवासियों और उनमें काम करने वालों को भी जांच-पड़ताल की जाएगी। पुलिस हेलीकॉप्टर निगरानी रखेंगे, और पुलिस और तटरक्षक नौकाएं पूर्वी नदी से संयुक्त राष्ट्र के पीछे की तरफ नजर रखेंगी। सुरक्षा और साफ-सफाई के चलते संयुक्त राष्ट्र के आसपास बेघरों को हटाया गया। शहर के नियंत्रक ब्रैड लैंडलर ने एक ऑडिट में बताया कि हटाए गए लोगों में से केवल एक को ही आश्रय मिल पाता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में 1,500 से अधिक बेघरों की छावनियों को ध्वस्त कर दिया गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

बिहार: वज्रपात की चपेट में आने से 6 लोगों की मौत

पटना। राज्य में रविवार देर शाम से सोमवार सुबह तक वज्रपात की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में मनीष कुमार (12), प्रिंस कुमार (16), रोहित कुमार (15), सिधेश्वर यादव (55), हरेंद्र सिंह (30) और युगल राम (60) शामिल हैं। तीन लोग बलेंद्र यादव, जीरामणि देवी और मुसाफिर राम घायल हैं। वज्रपात की पहली घटना रफीगंज थाना क्षेत्र शारदा बिगहा गांव में हुई। जहां वज्रपात की चपेट में आकर पिंटू यादव के बेटे मनीष कुमार (12) की मौत हो गई।

कर्नाटक पुलिस ने 4 नेपाली नागरिकों की मौत की जांच की शुरू

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु ग्रामीण जिले के डोड्डा बल्लापुर शहर के पास होलेयारहल्ली में चार नेपाली नागरिकों की संदिग्ध मौत की जांच शुरू कर दी है। डोड्डाबेलावंगला पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है और बयान भी दर्ज कर रही है। यह घटना रविवार को सामने आई। मृतकों की पहचान काले सरेरा (60), लक्ष्मी सरेरा (50), उषा सरेरा (40) और फूल सरेरा (16) के रूप में की गई है, जो पॉल्ट्री फार्म में एक शेड के अंदर मृत पाए गए थे। घटना का खुलासा तब हुआ, जब उन्होंने पॉल्ट्री फार्म मालिक मोहन के फोन का जवाब नहीं दिया। मृतकों ने आठ दिन पहले ही फार्म ज्वॉइन किया था और शनिवार की रात खाना खाकर सो गए थे। मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम का इंतजार किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 75 वर्षों की संसदीय यात्रा को याद करते हुए कहा

यह आगे बढ़ने का अवसर है

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोक सभा में कहा कि देश की 75 वर्षों की संसदीय यात्रा का पुनः स्मरण करने के लिए और नए सदन में जाने से पहले उन प्रेरक पलों को, इतिहास की महत्वपूर्ण घड़ी को याद करते हुए आगे बढ़ने का ये अवसर है।

लोकसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सही है कि इस इमारत के निर्माण का निर्णय विदेशी शासकों का था लेकिन ये बात हम कभी नहीं भूल सकते हैं कि इस भवन के निर्माण में देशवासियों का परिश्रम, पसीना और पैसा लगा था। उन्होंने कहा कि हम भले ही नये भवन में जाएंगे लेकिन ये पुराना भवन भी आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सदन से विदाई लेना बहुत ही भावुक पल है। हम जब इस सदन को छोड़कर जा रहे हैं तो हमारा मन बहुत सारी भावनाओं और अनेक यादों से भरा हुआ है। जब मैंने पहली बार एक सांसद के रूप में इस भवन में प्रवेश किया तो सहज रूप से मैंने इस सदन के द्वार पर अपना शीश झुकाकर, इस लोकतंत्र के मंदिर को श्रद्धाभाव से नमन किया था।

लोकसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 75 साल की संसदीय यात्रा को याद करते हुए आगे बढ़ने का समय है। करीब-करीब 7,500 से अधिक जनप्रतिनिधि अब तक दोनों सदनों में अपना योगदान दे चुके हैं। इस कालखंड में करीब 600 महिला सांसदों ने दोनों सदनों की गरिमा को बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संसद में पंडित जवाहर लाल नेहरू की "आधी रात को" की गई गूंज हमें प्रेरित करती रहेगी और यह वही संसद है, जहां अटल जी ने कहा था "सरकारें आएंगी, जाएंगी; पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी; मगर ये देश रहना" चाहिए। इस देश में दो प्रधानमंत्री ऐसे रहे (मोरारजी देसाई और वीपी सिंह) जिन्होंने कांग्रेस में अपना जीवन खपाया और एंटी कांग्रेस सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। ये भी इसकी विशेषता थी।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की मुक्ति का आंदोलन और उसका समर्थन भी इसी सदन ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में किया था। इसी सदन ने इमरजेंसी में लोकतंत्र पर होता हुआ हमला भी देखा था और इसी सदन ने भारत के लोगों की ताकत का एहसास कराते हुए लोकतंत्र की वापसी भी देखी थी।

उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास" के मंत्र, दशकों से लंबित मुद्दों पर कई ऐतिहासिक फैसले, उनका स्थायी समाधान इस संसद में हुआ है। अनुच्छेद 370 ये सदन हमेशा याद रखेगा। वन नेशन वन टैक्स, जीएसटी का निर्णय भी इसी सदन ने किया। "वन रैंक, वन पेंशन" भी इसी सदन ने देखा। गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण बिना किसी विवाद के इसी सदन में हुआ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पूरे देश की सफलता है, किसी अकेले व्यक्ति या किसी एक पार्टी की नहीं है। भारत की शक्ति ने जी 20 घोषणापत्र पर सर्वसम्मति सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि आज भारत "विश्व मित्र" के रूप में अपनी जगह बना पाया है। आज पूरा विश्व, भारत में अपना मित्र खोज रहा है, भारत की मित्रता का अनुभव कर रहा है। चंद्रयान-3 की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस उपलब्धि से आज पूरा देश अभिभूत है। यह 140 करोड़ देशवासियों के संकल्प की शक्ति से जुड़ा हुआ है।

संसद की कार्यवाही नये भवन में मंगलवार से स्थानांतरित हो जाएगी : ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान कहा कि 19 सितंबर से संसद की कार्यवाही नए भवन में स्थानांतरित हो जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन पर देश को बधाई दी। उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'दूरदर्शी' नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा, मैं जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक भारतीय को बधाई देना चाहता हूं। मैं इस शिखर सम्मेलन को देश के लोगों को समर्पित करने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण की भी सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि लोकसभा का आज से प्रारंभ हो रहा 13वां सत्र महत्वपूर्ण है। इस सत्र में हम गौरवशाली लोकतांत्रिक इतिहास से प्रेरणा प्राप्त कर नए संसद भवन में नई ऊर्जा व आत्मविश्वास से लोकतंत्र को और अधिक समृद्ध बनाने की नई यात्रा प्रारंभ करेंगे। 140 करोड़ देशवासियों की सहभागिता इसे और विशेष बनाएगी। बिरला ने कहा कि इस आयोजन की सफलता ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। उन्होंने कहा कि जी20 में भारत की अध्यक्षता जन-केंद्रित रही है और आने वाले दशकों में यह हमें एक नई दिशा देगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई दिल्ली घोषणा को दुनिया भर के नेताओं ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

देश में केरल समेत नौ राज्यों में निपाह वायरस का खतरा

एजेंसी। नई दिल्ली

केरल में पिछले 24 घंटों में निपाह से संक्रमित कोई मामला सामने नहीं आया है। इससे संक्रमित नौ साल के बच्चा वेंटिलेटर से बाहर आ गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक बच्चे की सेहत में अब सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस निपाह वायरस का खतरा केरल समेत देश के नौ राज्यों में है। इस पर आईसीएमआर और डब्ल्यूएचओ द्वारा किए अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह निपाह संक्रमण चमगादड़ों से होता है। उन्होंने बताया कि केरल में हमें जो वायरस मिला है, उसकी पहचान भारतीय जीनोटाइप या आई जीनोटाइप के रूप में की गई है, जो बांग्लादेश में पाए जाने वाले स्ट्रेन के जैसे है। निपाह वायरस के दो स्ट्रेन हैं, एक मलेशियाई और दूसरा बांग्लादेश से आया है। उन्होंने बताया कि राज्य में निपाह को लेकर स्थिति संतोषजनक है। निपाह संक्रमित मरीज के संपर्क में आने वाले लोगों की सूची तैयार की गई है। 1233 लोग अब संपर्क सूची में हैं। 23 लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में 4 लोग हैं। उन्होंने बताया कि निपाह से निपटने के लिए अब तक 36 चमगादड़ों के नमूने एकत्र किए गए और परीक्षण के लिए भेजे गए। इसके साथ 34,167 घरों में हाउस विजिट पूरा हो चुका है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। उच्च जोखिम वाली संपर्क सूची में 352 लोग हैं। जिन स्थानों पर निपाह वायरस की पुष्टि हुई है, वहां स्वास्थ्य कर्मियों ने रोकथाम गतिविधियां तेज कर दी हैं। उल्लेखनीय है कि निपाह से केरल में दो लोगों की मौत हो चुकी है और चार लोगों का इलाज चल रहा है। इस वायरस का संक्रमण ज्यादा तेज नहीं है लेकिन इससे होने वाली मौत की दर 40 से लेकर 70 प्रतिशत तक है।

सोमवार को नई दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय पार्क में भारतीय जनसंघ के सह-संस्थापक, प. दीनदयाल उपाध्याय की एक प्रतिमा की स्थापना की तैयारी करते कार्यकर्ता। *(फोटो: आईएएनएस)*

भीलवाडा में भगवान गणेशजी को चढ़ाया जायेगा 5100 किलोग्राम के लड्डू के भोग

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाडा में गणेश चतुर्थी के पर्व पर भगवान गणेशजी को 5100 किलो लड्डू का को भोग लगाया जाएगा और इसके साथ ही महाआरती कर गणेश चतुर्थी के पर्व पर भव्य मेंले का आयोजन किया जाएगा। शहर के गांधी नगर में स्थित सिद्ध मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामसुंदर घीया ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 1971 में हुई थी पुराने दौर में स्व मूलचंद जी घीया के सपने में आकर भगवान में दर्शाव दिया था जिसके बाद आए ही निर्णय लिया गया कि यहीं मंदिर को स्थापित करना हैं तब से यह सिद्ध गणेश मंदिर स्थित है तब से लेकर आज तक घीया परिवार मंदिर की सेवा में हमेशा जुटा रहता है चाहे कोई बड़ा कार्य हो या छोटा कार्य हो मंदिर की सेवा में हमेशा घीया परिवार तट पर रहता हैं।

भारत में लोकतंत्र दिनोंदिन मजबूत हो रहा है : गोयल

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री व राज्यसभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में लोकतंत्र दिनों दिन मजबूत हो रहा है। इसे मजबूत बनाने में संसद के दोनों सदनों का अहम योगदान है। गोयल ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में "75 वर्ष की संसदीय यात्रा" विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। यहां वैदिक काल में भी समिति, सभा और संसद जैसे शब्द मिलते हैं। इससे पता चलता है कि हमारी जड़ों में लोकतंत्र है। गोयल ने कहा कि देश के 75 वर्षों के संसदीय इतिहास में विभिन्न नेताओं ने योगदान दिया है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन, जाकिर हुसैन, शंकर दयाल शर्मा, कोचेरिल रमन नारायणन, भैरों सिंह शेखावत, मोहम्मद हामिद अंसारी, एम वेंकैया नायडू और अब जगदीप धनखड़ सहित राज्यसभा के विभिन्न सभापतियों ने संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। इस संसदीय प्रणाली को मजबूत बनाने में संसद के सदस्यों ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। राज्यसभा कई ऐतिहासिक फैसलों का साक्षी रहा है।

जितना जल्द चुनाव हो, उतना अच्छा है

हमलोग चुनाव के लिए हमेशा तैयार हैं : नीतीश

एजेंसी। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि देश में जितना जल्द चुनाव हो, उतना अच्छा है। हमलोग चुनाव के लिए हमेशा तैयार हैं। बिहार दौरे के क्रम में देश के गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा था कि बिहार में जल्द चुनाव हो सकते हैं। पत्रकारों ने सोमवार को जब इस बयान के संबंध नीतीश कुमार से पूछा तो उन्होंने कहा कि वे लोग तो पूरे देश में जल्द चुनाव कराना चाहते हैं, तो जल्दी कराएं, हमलोग तो इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितना जल्दी चुनाव करा दें, उतना अच्छा है। हमलोग तो हर समय तैयार हैं। भारत सरकार को अधिकार है। पार्लियामेंट का चुनाव थोड़ा पहले भी करा सकते हैं। संसद में चुनाव आयोग को लेकर लाए जाने वाले संभावित बिल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी बात सामने आएगी उस पर सभी पार्टी के लोग अपनी बात रखेंगे, अभी सब कुछ सामने आने दीजिए, उसके बाद सभी बात रखेंगे।

राजद्रोह जैसे कानून समाज के लिए बहुत ही ज्यादा घातक हैं : सीजेआई

आरएनएम। नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ राजद्रोह कानून को जड़ से खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बताया कि क्यों राजद्रोह कानून जैसे कानून समाज के लिए घातक हैं। उनका कहना था कि जब ये कानून बनाया गया तब अंग्रेजी हुकूमत हमारे ऊपर शासन करती थी। वो अपने हिसाब से कानून की परिभाषा को बदल देते थे, क्योंकि उनको आंदोलनकारियों पर शिकंजा कसना होता था। अब ये काम हमारी सरकार करती है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश इस विवि के चांसलर भी हैं। उनका कहना था कि अंग्रेजों के समय बनाए गए राजद्रोह कानून सरीखे कई कानून समाज के लिए ठीक नहीं हैं। सर्वोच्च न्यायालय इन पर विचार कर रहा है। मालूम हो कि इसको लेकर भारत के मुख्य न्यायाधीश इसके दुरुपयोग को लेकर इतने चिंतित हैं कि केंद्र की आपत्ति के बावजूद उन्होंने राजद्रोह कानून से जुड़ा केस संवैधानिक बेंच के पास भेज दिया है। ये केस बड़ी बेंच में भेजना इस वजह से भी जरूरी था क्योंकि 1962 का केदारनाथ केस इस कानून की दूसरी ही परिभाषा देता है। वो मानता है कि राजद्रोह कानून से जुड़ा कानून ठीक है। भारत में इसे लागू करने में कहीं भी किसी तरह से कोई दिक्कत नहीं है। हालांकि एक फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने राजद्रोह कानून से जुड़े कानून पर रोक लगा दी थी। सरकारों को आदेश था कि इस कानून के तहत कोई नया केस दर्ज ना किया जाए। जो लोग इस मामले में जेल में बंद हैं, उनकी रिहाई पर कोई अड़ंगा ना लगाया जाए।

FILMY हलचल

फिल्म 'गणपथ-राइज ऑफ द हीरो' से सामने आया टाइटर श्रॉफ पावर पैक पोस्टर

गणेश चतुर्थी के फेस्टिवल के साथ ही बहुप्रतीक्षित फिल्म गणपथ-राइज ऑफ द हीरो से टाइगर श्रॉफ का एक्शन से भरपूर पोस्टर सामने आ चुका है। टाइगर श्रॉफ, कृति सेनन और दिग्गज अमिताभ बच्चन की तिकड़ी के साथ यह फिल्म पैन इंडिया मास एंटरटेनर दर्शकों को फ्यूचर की दुनिया में ले जाने का वादा करती है। ये फिल्म एक शानदार विजुअल अनुभव है, जो दीवाना कर देने वाले म्यूजिक स्कोर के साथ हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंसों का बढ़िया मेल है, जो दर्शकों को एक एपिक यात्रा पर ले जाने का वादा करती है। इस रोमांचकारी कहानी में एक सेनानी का उदय होता है, जो एक अनजान जगह पर अपने भाग्य की खोज के लिए निकलता है। इस फ्यूचरिस्टिक एक्शन थ्रिलर को लेकर उम्मीद साफ है, क्योंकि यह नौ साल के गैप के बाद एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कृति सेनन के रीयूनियन का प्रतीक है। इस फिल्म के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री एक बार फिर स्क्रीन पर धमाल मचाने का वादा करती है।

अनुराग कश्यप ने कंगना रनौत को बताया बेहतरीन अभिनेत्री

अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर एक बयान दिया है। उन्होंने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में वह बेहतरीन हैं, लेकिन उनकी अन्य समस्याएं भी हैं। हाल ही में अनुराग कश्यप और एक्टर जीशान अय्यूब ने एक साथ एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में जब जीशान ने कंगना को लेकर बयान दिया, तो अनुराग ने उन्हें टोकते हुए कंगना के बारे में अपनी राय रखी। जीशान ने इंटरव्यू के दौरान कहा, एक समय था जब कंगना ने एक एक्ट्रेस के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन की थी। जैसे ही उन्होंने यह कहा, अनुराग ने उन्हें टोकते हुए कहा, वह एक महान अभिनेत्री हैं।

गणेश चतुर्थी के मौके पर दोगुना सेलिब्रेशन करेंगी चाहत खन्ना

एक्ट्रेस चाहत खन्ना इस साल गणेश चतुर्थी के मौके पर दोगुना जश्न मनाएंगी। दरअसल, एक्ट्रेस अपने नए घर में शिफ्ट हो रही हैं। शानदार 4-बीएचके घर में बालकनी गार्डन, फर्नीचर, वार्डरोब, नया बेडरूम और खूबसूरत इंटीरियर डेकोर हैं। चाहत खन्ना ने कहा, "मैंने कुछ समय के लिए अपने नए घर में शिफ्ट होने की योजना बनाई थी। यह एक बड़ा और सुंदर 4 बीएचके है, जिसे मैंने खुद सजाया है। चाहत ने नए घर में गणेश चतुर्थी मनाने की योजना के बारे में बात करते हुए कहा, मेरा लक्ष्य शिफ्टिंग में तेजी लाना है, ताकि हम गणपति बप्पा के लिए सजावट कर सकें। अपने नए घर को आशीर्वाद देने और समृद्धि लाने के लिए अपने प्यारे बप्पा का स्वागत कर सकें। यह गणपति उत्सव मनाने का मेरा दूसरा साल है। मैं रोमांचित भी हूं और थोड़ी थकी हुई भी हूं। इस बीच, उनकी फिल्म 'यात्री' अगले महीने रिलीज होने वाली है, जिसमें रघुबीर यादव, सीमा पाहवा और जेमी लीवर भी हैं। एक्ट्रेस ने साझा किया कि गणपति बप्पा के उत्सव के बाद, वह अपने प्रोजेक्ट्स की तैयारियों में जुट जाएंगी।

रणनीति

'इंडिया' के हथियार से ही उसे मात देने की तैयारी में एनडीए

शाह ने बिहार दौरे पर दिए संकेत

एजेंसी। पटना

हाल के दिनों में जिस तरह से इंडिया गठबंधन आगे की रणनीति बनाने में जुटी है, उनके नेताओं की बयानबाजी भी तेज हो गई है। ऐसे में इंडिया में शामिल दलों के नेताओं के कई बयानों ने विवादों को भी जन्म दिया है। ऐसे में इन बयानों को ही एनडीए हथियार बनाने की जुगाड़ में हैं।

इंडिया के सहयोगी दलों ने जिस तरह सनातन धर्म, रामचरितमानस पर विवादास्पद बयान दिए और बिहार में सरकारी स्कूलों में छुट्टियों की कटौती के दौरान हिंदू पर्व त्योहारों की छुट्टियों को रद्द किया गया, एनडीए इसे चुनाव में मुद्दा बनाने में जुटी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के झंझारपुर में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए ऐसे मुद्दों को उठाकर इसके संकेत भी दे दिए हैं। भाजपा नेता अमित शाह ने झंझारपुर रैली में सरकारी स्कूलों में रक्षाबंधन, कृष्णाष्टमी जैसे पर्वों की छुट्टी रद्द करने का मुद्दा उठाया, हालांकि लोगों के इस निर्णय का विरोध करने के कारण वापस लिए जाने पर लोगों को धन्यवाद भी दिया। सनातन धर्म के विरोधी बयानों को लेकर भी शाह ने गठबंधन के नेताओं को निशाने पर लिया तो बिहार के शिक्षा मंत्री द्वारा रामचरितमानस को लेकर दिए जा रहे बयानों को लेकर भी सवाल पूछे। शाह के इन मुद्दों को उठाए जाने के बाद यह तय है कि एनडीए इन मुद्दों को शांत नहीं होने देगी।

भाजपा के प्रवक्ता मनोज शर्मा कहते हैं कि भाजपा चुनाव में विकास के मुद्दे को लेकर ही जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने इतने कार्य किए हैं कि हमें अन्य मुद्दों की जरूरत ही नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन के नेता तुष्टिकरण को लेकर ऐसा बयान दे रहे हैं। रामचरित मानस और सनातन धर्म को लेकर अपमान करने वाली टिप्पणी कोई कैसे सहेगा।